स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
2 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 2
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 310 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

अभिषेक को पछाड़कर नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बने इशान किशन



मुख्यमंत्री ने सहारनपुर से किया राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## 'शिक्षा' भविष्य निर्माण की आधारशिला



**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर से राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान-2026 के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने शिक्षा को व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा ही अच्छे नागरिक, शिक्षक, अधिकारी, चिकित्सक, इंजीनियर और जनप्रतिनिधि तैयार करती है। कार्यक्रम में मंच से जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़े, वह आत्मविश्वास के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सके, इसी उद्देश्य से वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम इसलिए सामने आए क्योंकि सरकार की नीयत साफ थी और शिक्षा के उन्नयन के लिए स्पष्ट नीति बनाई गई। बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचाने के संकल्प के साथ सरकार लगातार काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में बेसिक शिक्षा परिषद के केवल 36 प्रतिशत विद्यालय ही आवश्यक सुविधाओं से पूरी तरह संतृप्त थे। अधिकांश स्कूलों में शौचालय, स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर, पुस्तकालय, मिड-डे मील के लिए रसोईघर और चारदीवारी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्थिति बदलने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प शुरू किया। इसके तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में व्यापक स्तर पर आधारभूत सुविधाएं विकसित की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रत्येक विद्यालय के लिए स्पष्ट मानक तय किए गए। इनमें बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर, पुस्तकालय, मिड-डे मील की समुचित व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को मजबूत बना सके।

सीएम योगी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि कोई बच्चा स्कूल नहीं जाता है तो यह केवल उसके परिवार की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की भी क्षति है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, उद्यमी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बनेंगे। इसलिए ऐसी पीढ़ी तैयार करनी होगी जो राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाए। उन्होंने इसे पूरे समाज का राष्ट्रीय दायित्व बताया।

### अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, शिक्षकों, सांसदों, विधायकों और समाज के सभी वर्गों से स्कूल चलो अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रवेश लेने वाले प्रत्येक बच्चे को समय पर यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जाए।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आठों आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की

### पुलिस इन लोगों की सम्पत्तियों को रही है खंगाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले के आठों आरोपियों से पुलिस टीम ने मण्डल कारागार पहुंचकर लगभग दो घंटे तक पूछताछ की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवेचक क्षेत्राधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के निर्देशन में मण्डल कारागार पुलिस पहुंची और वहां पर आठों आरोपित से करीब दो घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ की पुलिस ने कोई जानकारी तो नहीं दी परन्तु आठों आरोपित के गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उनकी वह सम्पत्तियां अटैच करने जा रही है जो आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक है। पुलिस ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साथ ही जल्द कुछ और लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। अब तक की जांच में पुलिस को न केवल विभिन्न मदों में किये गये निवेश व सम्पत्तियों के कागजात मिले हैं बल्कि आभूषण व नकदी भी बरामद हुई है। आठों आरोपित के बैंक खातों का विवरण जुटाने के बाद इनके खाते सीज कराने की तैयारी हो रही है। पुलिस ने आरोपियों की पूरी जानकारी लेने के बाद जहां-जहां इनकी सम्पत्ति है वहां पर भी छापेमारी कर रही है और अगल-बगल पूछताछ भी कर रही है। चढ़ावा चोरी के सभी आरोपित को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारक अधिनियम की अदालत से चौदह दिनों की न्यायिक रिमांड पर 13 जुलाई तक जेल भेजा गया है। इधर पुलिस अयोध्या धाम में स्थित पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, केनारा बैंक में जा करके आरोपित के बैंक खातों का बैंक स्टेटमेंट व अन्य विवरण जुटा रही है। पुलिस ने अब तक करीब साठ से अधिक लोगों को पूछताछ के लिये बुलाया है। इसमें राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव व ट्रस्टी डा. अनिल मिश्रा सहित अन्य भी शामिल हैं। इसके पूर्व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय से भी पूछताछ कर चुकी है।

### एसआईटी का कार्यकाल 15 दिन बढ़ा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अयोध्या स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के दान और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामले में जांच कर रहे तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का कार्यकाल उत्तर प्रदेश सरकार ने 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए 13 जून को एसआईटी का गठन किया था। प्रारंभिक आदेश के तहत टीम को 15 दिनों में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। अधिकारियों के अनुसार, 23 जून को एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी। इसके आधार पर 25 जून को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई और मामले में आठ आरोपियों- अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रमाशंकर यादव उर्फ टीनू यादव को गिरफ्तार किया गया।

## जून में 1.94 लाख करोड़ जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली।** जून 2026 में 1.94 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। यह अप्रैल के

- पिछले साल से 14 प्रतिशत ज्यादा

रिकॉर्ड 2.42 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 20 प्रतिशत कम है। हालांकि पिछले साल की समान अवधि यानी जून 2025 से 14 प्रतिशत ज्यादा है। जून 2025 में 1.71 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ था।

सरकार ने आज यानी 1 जुलाई को जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए। जून महीने में जीएसटी कलेक्शन की ग्रोथ मुख्य रूप से इंपोर्ट पर निर्भर रही। इंपोर्टेड गुड्स से होने वाला ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 60,038 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ घरेलू लेनदेन से होने वाली ग्रॉस घरेलू कमाई में 6.5 प्रतिशत की तेजी आई और यह 1.34 लाख करोड़ रुपए रही। नेट बेसिस पर इंपोर्ट जीएसटी कलेक्शन 42.2 प्रतिशत बढ़कर 45,370 करोड़ रुपए रहा। नेट डोमेस्टिक रेवेन्यू 2.6 प्रतिशत बढ़कर 1.17 लाख करोड़ रुपए रह गया। जीएसटी संग्रह यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था कितनी तंदुरुस्त है।

केंद्रीय कैबिनेट ने लिए बुनियादी ढांचे को रफ्तार देने वाले फैसले

## यूपी में बनेगा चार लेन का हाईवे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में छह लेन की द्वारका टनल के निर्माण को मंजूरी दी है। यह आठ किलोमीटर लंबी होगी और इस पर करीब 6,970 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय

- दिल्ली को मिलेगी छह लेन की टनल
- 14,115 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर

कैबिनेट ने यूपी के कानपुर से कबराई के बीच एक चार लेन के राजमार्ग के निर्माण को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बुनियादी ढांचे को रफ्तार देने वाले बड़े कैबिनेट फैसलों का एलान किया है।



उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को दिल्ली और उत्तर प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कुल 14,115 करोड़ रुपये की दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन फैसलों में दिल्ली के अंदर एक नई छह लेन की द्वारका टनल और उत्तर प्रदेश में कानपुर से कबरई तक चार लेन हाईवे का निर्माण शामिल है। यह कदम न सिर्फ ट्रैफिक जाम से निजात दिलाएगा, बल्कि देश के बुनियादी ढांचे में एक बड़ा रणनीतिक निवेश भी है। यूपी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने कानपुर से कबरई तक एक नया चार लेन के एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली इस बड़ी हाईवे परियोजना पर कुल 7,145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में फटा बादल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी बारिश और बादल फटने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्राकृतिक आपदा के कारण व्यापक स्तर पर फसलों, बाग-बगीचों और

- मलबा आने से कई सड़कें हुईं बंद

निजी संपत्ति को हानि पहुंची है। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

डोडा जिले के भलेसा के खलजुगासर इलाके में दो बार बादल फटने की घटना हुई है। इससे अचानक आई बाढ़ ने कृषि भूमि को बुरी तरह प्रभावित किया है। किसानों की खड़ी फसलें और फलदार बाग-बगीचे पूरी तरह बर्बाद हो गए। कई मकानों और अन्य निजी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

भारी बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कें बंद हो गईं। इससे भलेसा का भट्यास इलाका घंटों तक शेष क्षेत्रों से कटा रहा। डोडा जिले के कश्तीगढ़ क्षेत्र में भी मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के कारण यहां अचानक बाढ़ की स्थिति बन गई। हालांकि, कश्तीगढ़ में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

## देशभर में मनरेगा की जगह वीबी-जी राम जी कानून लागू



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम

- ग्रामीण मजदूरों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार
- दैनिक मजदूरी भी बढ़ी

जी एक्ट) को 1 जुलाई से लागू कर दिया है। इसके साथ ही सरकार ने नई ग्रामीण रोजगार योजना के तहत मजदूरी दरों में भी बढ़ोतरी की है। अब देश में औसत दैनिक मजदूरी 298.8 रुपये से बढ़कर 327.4 रुपये हो गई है। यानी औसतन 28.6 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंगलवार को नई मजदूरी दरों की अधिसूचना जारी की। नई दरें 1 जुलाई से देश के सभी 34 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और मजदूरी क्षेत्रों में लागू हो गई हैं। सरकार के अनुसार, नए कानून के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को अब 125 दिनों के मजदूरी वाले रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। पहले मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी थी। सरकार ने नई योजना में 300 रुपये प्रतिदिन की अंतरिम न्यूनतम मजदूरी तय की है। इसका मतलब है कि इस योजना के तहत किसी भी राज्य में मजदूरी 300 रुपये से कम नहीं होगी।

## जून के बाद जुलाई में भी कमजोर रहेगा मानसून

**नई दिल्ली।** देश में इस बार जुलाई के महीने में मानसून की रफ्तार धीमी रहने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने

- आईएमडी ने सामान्य से सिर्फ 94 प्रतिशत बारिश का अनुमान जताया

मंगलवार को अपना मासिक पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि जुलाई में देश भर में मासिक औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की आशंका है।



आईएमडी के अनुसार, जुलाई में दीर्घकालिक औसत (एलपीए - 1971-2020) की तुलना में केवल 94 फीसदी बारिश होने की संभावना है। देश में जुलाई महीने का एलपीए लगभग 280.4 मिमी होता है। एलपीए से तात्पर्य किसी निश्चित अवधि (जैसे एक महीने या एक सीजन) के दौरान किसी विशेष क्षेत्र में दर्ज की गई वर्षा से है, जिसे एक लंबी अवधि (आमतौर पर 30 से 50 वर्ष) में औसत निकाला जाता है।

## बदल रही है रोजगार की तस्वीर

**नई दिल्ली।** देश के 10 लाख या उससे अधिक आबादी वाले 46 बड़े शहरों में रोजगार की तस्वीर तेजी से बदल रही है। सांख्यिकी व कार्यक्रम

- महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेखनीय

कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं की श्रम बाजार में भागीदारी पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। पहले के मुकाबले अधिक महिलाएं नौकरी कर रही हैं या रोजगार की तलाश में हैं। दूसरी ओर, पुरुषों की बेरोजगारी भी लगातार घटी है। रिपोर्ट बताती है कि बड़े शहरों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लोगों की औसत आय में सुधार हुआ है और असंगठित क्षेत्र के छोटे कारोबार भी रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में महिलाएं रोजगार बाजार से जुड़ी हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि बड़े शहरों में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं और उनकी भागीदारी लगातार मजबूत हुई है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) 2017-18 में जहां 19.8 प्रतिशत था, वह 2025 में बढ़कर 27.2 प्रतिशत हो गया।

## तीन बच्चों को नहर में फेंका, खुद भी कूदी

**मोहाली।** मोहाली के मटौर गांव की एक महिला पर अपने तीन मासूम बच्चों को रोपड़ की सरहिंद नहर में फेंकने का आरोप है। घटना में दो बच्चों के शव बरामद हो गए हैं जबकि तीसरे बच्चे की तलाश जारी है। महिला ने भी नहर में छलांग लगाई थी लेकिन वह तैरकर बाहर आ गई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल महिला के खिलाफ लगे आरोप ससुराल पक्ष के बयानों पर आधारित हैं और सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

### महंत नृत्यगोपाल दास मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और राम मंदिर आंदोलन के वरिष्ठ संत महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों में संक्रमण (लंग्स इंफेक्शन) की शिकायत के चलते भर्ती किया गया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि महंत नृत्य गोपाल दास का विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। 88 वर्षीय महंत नृत्य गोपाल दास पहले भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। जनवरी 2026 में भी उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान में बस-ट्रेलर भिड़े, आठ लोगों की मौत

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में मंगलवार देर रात बस-ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें 6 लोगों की मौत आग में झुलसने से और 2 की सिर पर चोट लगने के कारण हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक्सीडेंट कोलवा थाना क्षेत्र में हुआ है। बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी स्लीपर में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 40 पैसेंजर्स थे। इनमें 21 लोग घायल भी हैं। 6 मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद बॉडी परिवार को सौंपी जाएगी। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का दावा है बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट भरी हुई थी।

### तमिलनाडु की विजय सरकार गिराने की साजिश!

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की सरकार गिराने के लिए तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के विधायकों को 35 करोड़ करोड़ की रिश्वत देने की पेशकश का मामला सामने आया है। राज्य के खुफिया विभाग ने दावा किया है कि उसने राज्य सरकार को अस्थिर करने की कथित साजिश को नाकाम कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस साजिश में कथित तौर पर टीवीके के 15 विधायकों के एक साथ इस्तीफे की साजिश रचकर सरकार को गिराने की योजना शामिल थी। इस मामले में टीवीके के ऊथंगुरै से विधायक डॉ. एन इलैयाराजा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें स्पीकर के खिलाफ आने वाले अविश्वास प्रस्ताव में वोट देने के बदले 35 करोड़ की रिश्वत का ऑफर दिया गया था।

पहल | भारतीय प्रधानमंत्री को दोनों देशों के 117 लोगों ने लिखा पत्र

## शांति बहाली के लिए कदम उठाएं पीएम मोदी-शहबाज शरीफ

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के एक साल बाद भारत और पाकिस्तान के 100 से अधिक प्रमुख नागरिकों ने संयुक्त अपील की है। उन्होंने

- संयुक्त अपील में विश्वास बहाली के उपाय सुझाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष शहबाज शरीफ से शांति बहाली के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है। यह अपील दोनों देशों के बीच सामान्य द्विपक्षीय संबंधों और संवाद को फिर से शुरू करने के लिए है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों को पत्र लिखे जाने के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारियों की द्विपक्षीय बातचीत के समर्थन वाली हालिया टिप्पणियों का स्वागत भी किया।

मुफ्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बातचीत से हल करने का अवसर भुनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे पूरे क्षेत्र को स्थायी शांति मिलेगी। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए मुफ्ती ने कहा कि दत्तात्रेय



होसबाले और मोहन भागवत जैसे वरिष्ठ आरएसएस नेताओं ने पाकिस्तान से बातचीत की बात कही है। उन्होंने वाजपेयी के कथन आप दोस्त बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं को दोहराया। मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुधार से दक्षिण एशिया और मध्य एशिया जुड़ सकते हैं। यह क्षेत्र आर्थिक गतिविधि का केंद्र बन सकता है। उन्होंने एलओसी और एलएसी पर बातचीत, सीमाएं खोलने और जम्मू-कश्मीर को शांति का पुल बनाने का सुझाव दिया। यह अपील सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस द्वारा जारी की गई है। इस पर 117 लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें भारत से 61 और पाकिस्तान से 56 नागरिक शामिल हैं। अपील में दोनों सरकारों से लंबे समय से चली आ रही शत्रुता को समाप्त करने का आग्रह किया गया है। हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा कि यह शत्रुता लाखों युवाओं को अवसर, समृद्धि और सुरक्षित भविष्य से वंचित कर रही है। पत्र में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान मिलकर लगभग एक-पांचवें मानव समुदाय का घर हैं। दोनों देशों के लोग शांति, विकास और सहयोग से परिभाषित भविष्य के हकदार हैं। हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने पूर्ण राजनयिक संबंध बहाल करने की मांग की है। उन्होंने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में उच्चायुक्तों को फिर से नियुक्त करने का आग्रह किया है। सामान्य वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने और वाणिज्यिक उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र खोलने की भी बात कही गई है। इसके अलावा, अटारी-वाघा भूमि सीमा को व्यापार और यात्रा के लिए फिर से खोलने की मांग की गई है।



# एडीएम ने गौशाला, प्राथमिक विद्यालय और पुल का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर** अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने बुधवार सुबह विकासखंड ददरौल के बीडीओ के साथ क्षेत्र के गांव धन्यौरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला पहुंचकर गोवंशों के चारा, पानी, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक बीमार गोवंश का उपचार कराया जा रहा था, जिस पर उन्होंने पशु चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली और सभी गोवंशों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए।साथ ही गौशाला में तैनात कर्मचारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के लिए कहा।इसके बाद एडीएम ने गांव के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने मिड-डे मील की गुणवत्ता, भोजन की स्वच्छता तथा पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम गांव से शाहजहांपुर जाने वाले पुल पर भी पहुंचे। पुल पर गड्ढे और क्षतिग्रस्त सड़क देखकर उन्होंने नाराजगी जताई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु और सुरक्षित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से दुरुस्त कराई जाएं।

# फंदे से लटकता मिला महिला का शव

## मायके पक्ष ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव में मंगलवार शाम एक विवाहिता ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा चंदू निवासी मनसुख ने अपनी 24 वर्षीय बेटी सीता देवी की शादी करीब आठ वर्ष पहले गांव ढकिया बुजुर्ग निवासी शिशुपाल पुत्र कालिका से की थी। दंपती का पांच वर्षीय बेटा अभि है। परिजनों के मुताबिक, सीता सोमवार को अपने मायके भटपुरा चंदू गांव गई थी और मंगलवार दोपहर ही ससुराल लौटी थी। शाम करीब छह बजे सीता अपने कमरे में गई और धोती के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की तो उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। ससुराल पक्ष ने पुलिस को सूचना देने से पहले शव को नीचे उतार लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मायके पक्ष मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का है। मायके पक्ष ने प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, लेकिन अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# रामगंगा के कटान को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** बरसात शुरू लेकिन परौर के नारायण नगर पश्चिमी एवं मोहनपुर के पास रामगंगा के कटान को रोकने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं.। कटान शुरू होने पर हाथ पैर मारता है सिंचाई विभाग। अभी किसी ठोस योजना पर विचार नहीं। परौर कस्बा के लोग लगभग तीन दसक से राम गंगा के कटान का एवं भू .कटान का दंश झेल रहे हैं। सन् 2018-19 में रामगंगा ने परौर के मजरा मंझा ब नारायण नगर पश्चिमी को काटकर नेस्तनाबूद कर दिया था। अब सन् 2000 से नारायण नगर मजरा,, मोहल्ला बिचपुरी, मोहल्ला मोहनपुर को अपना निशाना बने हुए हैं। हालांकि इन स्थानों पर तटबंध का निर्माण हो जाने से रामगंगा के कटान की गति कुछ धीमी पड़ी है। लेकिन तटबंधों की मरम्मत न होने के कारण कटान की फिर समस्या पैदा होने के आसार बन गए हैं। मोहनपुर नारायण नगर पश्चिम जिन स्थानों पर तट बंधों व पर कूपेंन स्टंट लगाए गए हैं। उससे ऊपर दोनों स्थानों पर रामगंगा ने पिछले वर्षों में काफी कटान किया है। उधर मंझा के पास रामगंगा इतनी तेजी से भू कटान कर रही हैं कि हजारों बीघा रामगंगा ने जमीन को काटकर बर्बाद कर दिया है। परौर के लिए कटान प्रत्येक वर्ष की समस्या है तथा कटान शुरू होने पर सिंचाई विभाग तरह-तरह के हथकंडे अपना कर कटान को रोकता है। लेकिन बर्षात शुरू होने से पहले विभाग द्वारा ऐसी कोई योजना तैयार नहीं की जाती है। जिससे ऐन वक्त पर विभाग को ज्यादा परिश्रम न करना पड़े। मोहनपुर, बिचपुरी, नारायण नगर, के परशुराम कश्यप, राजीव सिंह चौहान, हरिओम कुशवाहा, अर्पित कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, मदनपाल सिंह, श्याम सुंदर कुशवाहा आदि ने परौर के कटान प्रभावित मजरों को कटान से बचने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।



# स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद आज जनपद में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** प्रदेश में चर्चा में आए स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद कल (आज) जनपद मे विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे और वह समाजवादी पार्टी के संभावित विधानसभा प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इसी क्रम में वह जलालाबाद में भी पहुंचेगे। उसके बाद निगोही में पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के यहां पर पहुंचकर सभा करेगे । शाम को वह शहर में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करेंगे यह धर्म सभा पूर्व एमएलसी व शहर से समाजवादी पार्टी से संभावित प्रत्याशी जयेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित होगी। कार्यक्रमों को लेकर जहां प्रशासन ने भी सुरक्षा की दृष्टि से कमर कस ली है तो वहीं समाजवादी पार्टी के लोग भी कार्यक्रम को सफल बनाने को लिए पूरी ताकत लगा दी है।

# रोहित चुने गए रोटरी क्लब के अध्यक्ष

शाहजहांपुर। रोटरी क्लब शाहजहॉपुर का शाह क्लब में बैठक का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सन् 2026-27 के सर्वसम्मति से चुना गया। इस क्रम में अध्यक्ष पद हेतु 1 जुलाई से रोहित गोयल को पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं सुमन चन्द्र गुप्ता ने फूल माला एवं कालर पहनाकर सम्मानित किया। इसी के साथ सचिव ललित गर्ग ने नवनिर्वाचित सचिव डॉ गौरव कौशल को पिन लगाकर सम्मानित किया। इसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सभा में उपस्थिति सदस्यों द्वारा गीत, भजन, चुटकुला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुनील शर्मा, जय अग्रवाल, अतुल मेहरोत्रा, रोहित गोयल, श्रीमती सुनीता गर्ग ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभा का संचालन श्रीमती रीना अग्रवाल ने किया। सभा में अतुल मेहरोत्रा, सुनील शर्मा, जय अग्रवाल, डॉ गौरव कौशल, विकास अग्रवाल, अश्वनी ब्रिज, रोहित गुप्ता, अशोक खन्ना, सुमन चन्द्र गुप्ता, निर्मल कुमार, कंचन खन्ना, मंजुला शर्मा, सरिता अग्रवाल, डॉ अंचल कौशल, करमजीत कौर, बसु गोयल, गीता गुप्ता, पूनम रानी आदि उपस्थित रहे।



# जयेंद्र कुमार दीक्षित को पीएचडी की उपाधि

सिधौली, शाहजहांपुर। सिधौली क्षेत्र के गांव गोरा रायपुर निवासी शोधार्थी जयेंद्र कुमार दीक्षित का पीएच.डी. वाइवा-वॉइस 30 जून को एम.जेपी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के शोध निदेशालय में विश्वविद्यालय की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वाइवा के उपरांत बाह्य परीक्षक ने उनके शोधकार्य की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के नियमानुसार उन्हें पीएच.डी. उपाधि प्रदान किए जाने की संस्तुति की। जयेंद्र कुमार दीक्षित ने स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरुण कुमार यादव के निर्देशन में ÷टोनी मॉरिसन के उपन्यासों में अफ्रीकी-अमेरिकी लोकसाहित्य एवं मौखिक परंपराओं का अध्ययन÷ विषय पर अपना शोधकार्य पूरा किया। उनका शोध अफ्रीकी-अमेरिकी साहित्य, लोकसाहित्य और मौखिक परंपराओं के अध्ययन पर केंद्रित है। वाइवा-वॉइस परीक्षा के बाह्य परीक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. रविन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने शोध की मौलिकता, विषय की समकालीन प्रासंगिकता, अनुसंधान पद्धति तथा निष्कर्षों का विस्तार से परीक्षण किया। इस दौरान शोधार्थी ने अपने शोध के प्रमुख निष्कर्ष, उसकी उपयोगिता और अकादमिक महत्व को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया तथा परीक्षक के सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। बाह्य परीक्षक ने शोधकार्य की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए इसे अंग्रेजी साहित्य, विशेषकर अफ्रीकी-अमेरिकी साहित्य एवं लोकसाहित्य अध्ययन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने कहा कि यह शोध भविष्य के शोधार्थियों और साहित्य के विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं शोध छात्र उपस्थित रहे। सभी ने शोध विषय पर सार्थक अकादमिक चर्चा की। वाइवा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर शोधार्थी जयेंद्र कुमार दीक्षित ने अपने शोध-निर्देशक डॉ. अरुण कुमार यादव, बाह्य परीक्षक, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्वानों के प्रति मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बांटे फल


**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के नेतृत्व में निगोही के भगत सिंह चौराहे पर फल वितरण एवं अपने आवास पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने जरूरतमंद लोगों को फल वितरित कर समाज सेवा का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं और उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा लगातार मजबूत हो रही है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह,जितेंद्र गुप्ता, अवधेश सिंह, पावन वर्मा, संजू मिश्रा,प्रभु सिंह कुशवाहा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**पुवायां।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने धूमधाम से मनाया। पुवायां विधानसभा के सपा के आगामी प्रत्याशी राजवीर सिंह ने बण्डा रो? पर श्रद्धालुओं को शरबत वितरण किया। भीषण गर्मी के चलते सैक?ों श्रद्धालुओं ने शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजवीर सिंह, रोशन लाल वर्मा, कुँवर जागृत प्रसाद, गोपाल अग्निहोत्री, विपिन दीक्षित, मोनू मिश्रा, आनंद शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, चंद्र मोहन यादव, सरदार मनजीत सिंह, शिव कुमार दीक्षित, रामपाल वर्मा, एड? मितेंद्र यादव, एड? राहुल यादव,एड? वीरेंद्र यादव, पीयूष मिश्रा, तुषार शुक्ला, सुजल मिश्रा, अंकुर गुप्ता, विवेक पांडे, राहुल अवस्थी, अरुण राठौर, अरुण कुमार कुशवाहा, ठाकुर शिवम सिंह, आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हे दुख भजन, मारुति नन्दन सुन लो मेरी पुकार

## बाला जी के भजनों पर भक्त हुए मंत्रमुग्ध, भक्तों ने विशाल भंडारा ने ग्रहण किया प्रसाद

खुटार। मंगलवार की रात प्राचीन बाला जी धाम के स्थापना दिवस पर खुटार क्षेत्र बालाजी महराज की भक्ति के रंग में सरोबार गया। भक्तों ने प्रसिद्ध गायकों द्वारा बालाजी महराज के भजनों का आनंद लिया। बाला जी महाराज के जयकारों पर भक्त तालियों के साथ झूमते रहे। मैलानी रोड पर बुझिया गांव के पास स्थित प्राचीन बाला जी धाम के स्थापना दिवस पर मंगलवार रात बालाजी महाराज का अर्ध रात्रि जागरण हुआ। श्री बाला जी महराज सेवा समिति की ओर से आयोजित जागरण में दूर दराज से आए भक्तों ने बालाजी महराज की ज्योति को मत्था टेका। शुभम रंगीला जागरण मंडल शाहजहांपुर के प्रसिद्ध गायकों के सुंदर सुंदर भजनों ने भक्तो का मन मोह लिया। बालाजी महाराज के जयकारों के साथ झूमने नाचने लगे। बालाजी महाराज के दरबार में प्रसिद्ध गायक गौरव गुप्ता, मेघा पाण्डेय के भजनों पर श्रद्धालु तालियों के साथ झूमने लगे। प्रसिद्ध भजन गायक सचित सक्सेना जेबीगंज ने भजन हे दुख भजन, मारुति नन्दन सुन लो मेरी पुकार, पवनसुत विनती बारम्बार ने ऐसा शमां बांधा कि भक्त भक्ति में लीन होकर नाचने पर मजबूर हो गए। शुभम रंगीला कीर्तन मंडल शाहजहांपुर की मधुर धुनों में भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। खुटार क्षेत्र के साथ ही आसपास के जिलों के सैकड़ों भक्तों ने भजनों का आनंद लेने के साथ बाला जी महाराज के समक्ष मत्था टक्कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा में जागरण में आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। और सेवा कर पुण्य अर्जित किया। श्री बाला जी सेवा समिति के पवन पाण्डेय, अनुपम शुक्ला, शीतेश तिवारी, गौतम पाण्डेय, सहित तमाम सेवादार सेवाभाव से सेवा व व्यवस्था संभालने में लगे रहे।



# वन महोत्सव का शुभारंभ, 151 पौधों का हुआ रोपण

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** वन महोत्सव-2026 का शुभारंभ मंगलवार को विकास खंड ददरौल के प्राथमिक विद्यालय राईखेड़ा में उत्साहपूर्ण वातावरण और जनसहभागिता के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान 151 छायादार, फलदार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम, पर्यावरण बचाओङ्कदेश बचाओ और हरित शाहजहाँपुरङ्कस्वच्छ शाहजहाँपुर÷ के नारों से गूंज उठा। ग्राम प्रधान रामपाल ने आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक देशी आम के पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील करते हुए कहा कि फलदार वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए पोषण, छाया और जैव विविधता का आधार हैं। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाने के साथ उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वन विभाग इस वर्ष आम भंडारा आम बहार-आपके द्वार नामक जन-अभियान शुरू कर रहा है, जिसके तहत गांवों, विद्यालयों, पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर देशी आम के पौधों का व्यापक रोपण कराया जाएगा। उन्होंने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक देशी आम का पौधा लगाने की अपील भी की। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने कदम्ब का पौधा रोपित कर विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के पर्यावरण प्रहरी हैं और उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान कंजी, जंगल जलेबी, आम, अमरूद, अकेशिया ऑरिकुलीफॉर्मिस, कदम्ब सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। अंत में क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए वन विभाग के पौधरोपण एवं संरक्षण अभियानों में निरंतर सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, वन दरोगा, वन रक्षक, विद्यालय परिवार तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



# खुदागंज-जलालपुर मार्ग बना तालाब

## खुली सड़क निर्माण की पोल, स्कूली बच्चों समेत राहगीर परेशान



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** क्षेत्र में बुधवार को हुई हल्की बारिश ने ही सड़क निर्माण और जल निकासी व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। खुदागंज फरीदपुर जाने बाला मुख्य संपर्क मार्ग जगह-जगह जलभराव की चपेट में आ गया। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से पूरा मार्ग तालाब जैसा दिखाई देने लगा, जिससे राहगीरों, बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामूली बारिश में ही सड़क पर जलभराव होना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और विभागीय लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है, जिन्हें जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। 1 जुलाई से नगर एवं क्षेत्र के सभी विद्यालय खुल चुके हैं। ऐसे में इस मार्ग से आने-जाने वाले स्कूली बच्चों के लिए भी यह सड़क खतरे का कारण बन गई है। सड़क पर भरे पानी और गड्ढों के चलते बच्चों के फिसलने या गिरने का डर बना हुआ है, जिससे अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है।यह संपर्क मार्ग नगर के मुख्य चौराहे से जलालपुर गांव तक जाता है और इसके किनारे दीपपुर, चिरचिरा, दिउरिया, जिगनिया तथा नौगामा सहित कई गांव बसे हुए हैं। जिगनिया गांव के पास से नौगामा जाने वाला संपर्क मार्ग भी इसी सड़क से जुड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और वाहन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन बदहाल सड़क और जलभराव के कारण लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम दीपपुर की प्रधान शबनम अंसारी के पति जमीर हसन अंसारी ने बताया कि ग्रामीण कई बार संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) से सड़क की मरम्मत कराने और उसे ऊंचा करवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 7 मई 2026 को जेई रंजीत यादव ने गड्ढों को जल्द भरवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बुधवार को दोबारा संपर्क करने पर जेई रंजीत यादव ने बताया कि वह जल्द ही मौके का निरीक्षण कराकर गड्ढों की स्थिति दिखवाएंगे और आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने, गड्ढों को भरवाने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आम लोगों और स्कूली बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# बरसात से बाढ़ जैसे हालात

सिंधौली। थाना क्षेत्र के गांव कोरोंकुइया में बरसात होने के चलते बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं घरों के अंदर पानी भर गया है सामान को सुरक्षित जगह पर ले जाने को ग्राम वासी मजबूर हैं गांव के पूर्व प्रधान यूनुस खान ने बताया कि सरकार ने पुल तो बनवा दिया लेकिन पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं की इसलिए नहर के किनारे बसा कोरों कुइयाँ गांव जलमग्न होने लगा है अभी तो बरसात की शुरुआत है जब मानसून विकराल होगा तो ऐसे में हालात बिगड़ जाएंगे कल शुक्रवार का दिन है और नमाजी जुमा की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद को जाएंगे परंतु पूरे रास्ते में जल भराव एवं कीचड़ होगा ऐसे में मस्जिद तक सुरक्षित पहुंच पाना मुश्किल होगा गांव के लोगों ने जल भराव से मुक्ति दिलाने की मांग शासन से की है।



## जमीनी विवाद में मारपीट, ताई- भतीजा घायल

**खुटार।** क्षेत्र के गांव भानपुर मड़ैया निवासी फूल बाहर ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि उसका गांव एक के एक लोग से जमीनी विवाद चल रहा है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी इसी बात को लेकर उससे रंजिश मानते है। बुधवार दिन के 11.30 बजे वह अपने दो पुत्रों व एक अन्य साथी के साथ उसके घर में घुस आया। और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर सभी लोग लात घुसों व लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

# दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन ईंटर्नशिप प्रशिक्षण का समापन

शाहजहांपुर।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की सचिव अपेक्षा सिंह के संरक्षण एवं निर्देशन में आयोजित दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विनोबा सेवा आश्रम, में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में सहभागिता की। इस अवसर पर सचिव महोदया श्रीमती अपेक्षा सिंह ने ÷वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं उनका भरण-पोषण÷ विषय पर संबोधित करते हुए माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रमुख प्रावधानों, वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को जाना। विनोबा सेवा आश्रम का संचालन दीप जन कल्याण समिति (एनजीओ), बरेली द्वारा डॉ. मनजीत के निर्देशन में किया जा रहा है, जहाँ वर्तमान में 76 वरिष्ठ नागरिक (34 महिलाएँ एवं 42 पुरुष) निवासरत हैं। कार्यक्रम के अंत में सचिव महोदया ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रशिक्षण से जुड़े सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में 37 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन इंटर्नशिप समन्वयक श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वारा किया गया। दस दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए विधिक ज्ञान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की व्यावहारिक समझ विकसित करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



# एंटी करप्शन ने 10 हजार की रिश्वत लेते लेखपाल को दबोचा



**स्वतंत्र भारत तिलहर/शाहजहांपुर।** मेड़बंदी के मामले में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन टीम ने सदर तहसील के एक लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद आरोपी को कटरा थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई भी यहीं से की जाएगी।जानकारी के अनुसार सदर तहसील में तैनात लेखपाल योगेश तिवारी, ककरा हल्का क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी शाकिर अली ने मेड़बंदी संबंधी कार्य के लिए उनसे संपर्क किया था। आरोप है कि लेखपाल ने काम कराने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। जब शिकायतकर्ता ने रुपये देने से इनकार किया तो उसका कार्य करने से भी मना कर दिया।इस पर शाकिर अली ने बरेली स्थित एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई।बुधवार दोपहर करीब एक बजे एंटी करप्शन टीम शाहजहांपुर पहुंची। शिकायतकर्ता ने लेखपाल से फोन पर संपर्क किया, जिसके बाद उसे ककरा क्षेत्र में बुलाया गया। पहले से तैनात टीम ने जैसे ही शिकायतकर्ता ने 10 हजार रुपये लेखपाल को दिए, तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी लेखपाल को कटरा थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नकली दाल और बेसन का मिला जखीरा

## दिल्ली की कंपनी के नाम से की जा रही थी पैकिंग 33 लाख की दाल सीज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** शहर में नकली खाद्य सामग्री की बिक्री प्रशासन की नाक की नीचे पैक होकर होती रही। छापा पड़ा तो अधिकारियों ने जब नकली खाद्य सामग्री का जखीरा देखा तो हतप्रद रह गए। लाखों की डाल और बेसन को सील कर दिया गया है। शहर में दिल्ली की एक प्रतिष्ठित बेसन निर्माता कंपनी के ब्रांड की कथित डुप्लीकेसी की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के जियाखेल मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान दो औद्योगिक इकाइयों से करीब 32.87 लाख रुपये कीमत की 386 कुंतल दाल सीज की गई। साथ ही बेसन और दाल के सात नमूने जांच के लिए लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार शिकायत थी कि विकास अग्रवाल और विवेक अग्रवाल द्वारा संचालित मै. आरव उद्योग और मै. श्रीकृष्णा इंडस्ट्रीज में एक प्रतिष्ठित कंपनी के ब्रांड की नकल कर उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान मै. आरव उद्योग से संबंधित ब्रांड के बेसन और दाल से भरे 550 बोरे, एक पैकिंग मशीन तथा पैकिंग के लिए रखे करीब 200 खाली बोरे बरामद हुए। जांच में दोनों इकाइयों में विभिन्न ब्रांडों के करीब 3500 कुंतल बेसन और दाल का भंडारण मिला। टीम ने बेसन और विभिन्न दालों के सात नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। वहीं 1300 बोरों में रखी 386 कुंतल दाल, जिसकी अनुमानित कीमत 32 लाख 87 हजार रुपये है, को सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की सुपुर्दगी में दे दिया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न ब्रांडों के नाम से छपे करीब 800 खाली बोरे और एक पैकिंग मशीन भी मिली, जिनकी जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि मामले में दिल्ली की शिकायतकर्ता कंपनी की ओर से कॉपीराइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में गरम चाय गिरने से यात्री झुलसा

## ट्रेन के फर्स्ट एड बॉक्स में जलने की कोई दवा नहीं

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 22545 वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से चलकर देहरादून जाने वाली कोच नंबर ष10 बर्थ नंबर 62 ,63 पर इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी उत्पल तिवारी अपने पुत्र वंश शर्मा के साथ लखनऊ से ऋषिकेश जा रहे थे लखनऊ से चलने के बाद संडीला रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में बेटर से चाय गिर गई जिससे कि यात्री वंश झुलस गया वंश के पिता उत्पल तिवारी ने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह 7ः15 पर रोका गया जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर दाधीच कुमार और सोमवीर ने प्राथमिक उपचार किया अधिक जलने के कारण उत्पल तिवारी ने अपनी यात्रा कैंसिल कर दी और शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन उतरकर कर वापस लखनऊ चले गए। बातचीत में उत्पल तिवारी ने बताया बेटे के ऊपर संडीला में चाय गिर गई थी संडीला से शाहजहांपुर तक कोई भी प्राथमिक उपचार नहीं मिला ना ट्रेन में फर्स्ट एड मिला ट्रेन में जो फर्स्ट एड मांगा तो उन्होंने बताया कि इसमें जलने की कोई दवाई नहीं है बाकी दवाइयां हैं उत्पल तिवारी ने बताया अधिक जलने के कारण आगे की यात्रा कैंसिल करके अपने दोस्त को बुलाकर उनकी कार से वापस लखनऊ चले आए स्टेशन अधीक्षक के गौतम ने बताया वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री को पर चाय गिरने की सूचना थी जिसको शाहजहांपुर स्टेशन पर रोक कर प्राथमिक उपचार कराया गया।

# पंजाबी महासभा ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** पंजाबी महासभा शाहजहांपुर द्वारा चिकित्सक दिवस पर डाक्टर यू डी कपूर,डॉ गेरा , डॉक्टर हरभजन दुआ, डाक्टर रश्मि बहल को अंगवस्त्र व मेमेंटो देकर सम्मानित किया । प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सेठी ने कहा चिकित्सा जगत में उनके उत्कृष्ट योगदान, मरीजों के प्रति समर्पण और उनकी अमूल्य सेवाओं को सराहने के लिए किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर वर्ष 1 जुलाई को मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इसका उद्देश्य डॉक्टरों के समर्पण, सेवा भावना और मानवता के प्रति उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान करना है।डॉक्टर केवल बीमारी का इलाज नहीं करते, बल्कि कठिन परिस्थितियों में मरीज और उनके परिवार को मानसिक शक्ति भी देते हैं। महामारी, प्राकृतिक आपदा या किसी भी स्वास्थ्य संकट के दौरान डॉक्टरों ने यह साबित किया है कि उनका पेशा केवल नौकरी नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। इस दौरान आयोजकों ने इन चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में दिए गए अतुलनीय योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। जिसमे हरीश बजाज, सुरेन्द सेठी , रोमी आनंद,पवन ग्रोवर एवं पंजाबी सभा के सेवादार शामिल रहे।

# उपजिलाधिकारी ने थाने का निरीक्षण व अभिलेखों को जांचा, सब कुछ मिला ठीक



स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर - शाहजहांपुर मंगलवार को उपजिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह ने मिर्जापुर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सबकुछ ठीक पाया गया। उन्होंने लंबित प्रकरणों,जनशिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने थाना कार्यालय, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, आगंतुक कक्ष, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं जनशिकायत रजिस्टर, एफ0 आई0 आर0 रजिस्टर, वाहन सीज रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, अन्य प्रशासनिक एवं लेखा संबंधी रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उपजिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, शासन की प्राथमिकताओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा थाना आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव पर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए।

## सद्भावना एक्सप्रेस में बच्चों की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 4013 मुजफ्फरनगर से चलकर आनंद विहार जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस के कोच नंबरं1 बर्थ नंबर चार पर दिलीप कुमार आनंद विहार जा रहे थे दिलीप कुमार के 4 वर्ष के बच्चे की हालत बिगड़ गई लखनऊ से ट्रेन चलने के बाद दिलीप कुमार ने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर स्टेशन पर रोका गया जहां रेलवे के डॉक्टरों की टीम ने उसका प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण 10 मिनट ट्रेन शाहजहांपुर स्टेशन पर खड़ी रही।

# युवती के बांटे फोटो, शादी टूटी, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में युवती के फोटो मोहल्ले में बांटे जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उक्त लोगों की वजह से ही शादी टूट गई। जब भाई ने फोटो बांटने का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ?पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी जफर खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी बहन का निकाह खालिद निवासी मोहल्ला बिजलीपुरा से तय किया था। चार जून को निकाह होना था। इससे पूर्व दो जून को करन निवासी नरसिंह गार्डन थाना ख्याला दिल्ली यहां अपने चार-पांच साथियों को लेकर आया और युवती के फोटो मोहल्ले में बांटने लगा। आरोप है कि जब जफर ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मारपीट करने लगा। शोर शराबा मचने पर मोहल्ले वाले एकत्रित हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इसी के चलते शादी टूट गई। तीन जून को लड़का पक्ष ने सामान वापस कर निकाह करने से इंकार कर दिया। मामले में करन समेत राजा, आरिफ, मुजम्मिल, राशिद समस्त निवासी तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# चोरी की दो मोटरसाइकिलों सहित एक गिरफ्तार

## लॉक तोड़ने के औजार व चाबियां भी बरामद




**कलान।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कलान पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें,लॉक तोड़ने के औजार और बनावटी चाबियां बरामद की हैं। आरोपी की निशांदेही पर बदायूं से चोरी की गई दूसरी बाइक भी बरामद कर ली गयी। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर सौरभ दीक्षित के निर्देशन प्रभारी निरीक्षक कलान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 30 जून को ग्राम हेतमपुर निवासी आसीन ने तहरीर देकर बताया कि उसकी एचएफ डीलक्स बाइक खेत के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान गांव का दीपेन्द्र बाइक चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने दो दिन पहले बदायूं जिले से एक होंडा ड्रीम युगा मोटरसाइकिल भी चोरी की थी। उसने बाइक को धर्मपुर स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास बंद पड़े मकान के पीछे छिपा रखा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वहां से दूसरी चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो बनावटी लोहे की चाबियां और बाइक का हैंडल लॉक तोड़ने का उपकरण भी मिला। पुलिस का कहना है कि आरोपी इन्हीं औजारों की मदद से वाहनों के लॉक तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास और अन्य वारदातों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजयपाल, हेड कांस्टेबल बलवीर, अजय मिश्रा, कांस्टेबल प्रदीप पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा का रेड क्रॉस ने किया सम्मान



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा का शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला व रेड क्रॉस मेडल पहनाकर , स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी द्वारा सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता, सेवा और समर्पण का सशक्त प्रतीक है। रेड क्रॉस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, आपदा राहत, जन-जागरूकता एवं अन्य मानवीय सेवाएँ समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम में डॉ. विवेक कुमार मिश्रा की जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पित सेवाओंकी सराहना की गई ।इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी उस्मान अली खान डॉ मसरूर अहमद डॉ मुजीब खान सीटू के जिलाअध्यक्ष मुरारी दीक्षित टीवी क्लिनिक के आशीष श्रीवास्तव ओम जन कल्याण विकलांग समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण पांडे बृजेश गुप्ता रवि बाबू रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य अवनीश सक्सेना नवजोत सिंह आदि कई रेड क्रॉस के सदस्य व कार्यकर्ता लोग शामिल रहे है

# ऐतिहासिक सोत नदी का भी पुनरोद्धार किया जाना जरूरी



स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहांपुर जिले के कलान और मिर्जापुर ब्लॉकों से गुजरने वाली ÷सोत नदी÷ एक ऐतिहासिक सहायक नदी है,जो आज लगभग विलुप्त होने की कगार पर है। पर्यावरण संरक्षण और भूगर्भ जलस्तर को बनाए रखने के लिए इस नदी का भी भैंसी नदी की तरह पुनरोद्धार जरूरी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोत नदी का उद्गम स्थल अमरोहा जिले में फैजुल्लाह गंजया गांव पीला कुंड बताया गया है। यह नदी अमरोहा शहर से निकलकर जोया, संभल, बिलारी, बिसौली, बिल्सी, सदर तहसील बदायूं से होते हुए शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील के मिर्जापुर कलान क्षेत्र से होते हुए फर्रुखाबाद जिले की अमृतपुर तहसील के समीप गंगा में मिल जाती है। सोत नदी की यह विशेषता है कि यह 100 मीटर भी सीधी नहीं चलती,इसलिए इसे कहीं कहीं ÷सांपू÷ नदी भी कहा जाता है। यह नदी अपने उद्गम स्थल अमरोहा जिले में गंगा के बाद दूसरी सबसे बड़ी नदी मानी जाती थी। बदायूं और शाहजहांपुर जिलों में तो प्रशासनिक लापरवाही से रसूखदारों ने नदी के प्रवाह वाले क्षेत्र में अवैध कब्जा करके खेती की जा रही है। जिससे यह नदी अब कागजों पर ही बह रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार सोत नदी के पुनर्जीवन के आदेश दिए। जिससे बदायूं जिले में कुछ काम भी हुआ। किंतु शाहजहांपुर जिले में सोत नदी का पुनरोद्धार कागजों में सिमट गया। गंगा समग्र शाहजहांपुर के जिला संयोजक मैथिली शरण गुप्ता उर्फ ÷पिंटू गुप्ता÷ ने सोत नदी के पुनर्जीवित किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह से वार्ता की,जो सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि सोत नदी के पुनर्जीवित होने से किसानों को फसलों की सिंचाई की सुविधा मिलेगी,भूगर्भ जलस्तर बढ़ेगा,बोरिंग पर निर्भरता घटेगी,वन्यजीव,जंतुओं और पशु पक्षियों की प्यास बुझेगी। जिससे पर्यावरण संरक्षित होगा। पर्यावरण प्रेमियों को चाहिए कि सभी लोग एकजुट होकर सोत नदी के पुनर्जीवित किए जाने की मांग को लेकर अपने अपने जनपदों और तहसील,ब्लॉक मुख्यालयों पर ज्ञापन दें। तभी मृत प्राय हो चुकी सोत नदी को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

# राम रतन की लूट है, जितना चाहे लूट

## प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी आयोजित



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी का आयोजन कवि डॉ प्रशांत अग्निहोत्री के संयोजन में उनके मस्जिद गंज स्थित निवास पर किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि चंद्रशेखर दीक्षित %चन्द्र% ने छंद सुनाये -

हरि धाम में प्रीति नहीं उनकी, मंदिर तोरिके बांग उचारेंगे !
सब हीन विचार समाज के हैं, पशु पक्षिन गाय को मारेंगे।।

लोकगीतकार विजय ठाकुर ने ग़ज़ल सुनाई -

डसा कोहरे ने चन्दन वन, चलो कोई ग़ज़ल छेड़ें। ख्यालों से ढका है तन, चलो कोई ग़ज़ल छेड़ें।

कवि सुशील दीक्षित विचित्र ने दोहा पढ़ा -

राम रतन की लूट है, जितना चाहे लूट। जिसकी जितनी पैठ है, उसको इतनी छूट।।

नवगीतकार डॉ प्रशांत अग्निहोत्री ने नवगीत सुनाये-

जिंदगी तुम बिन मरुस्थल रेत कण, ताप से अभिशप्त सूखा एक तृण। आ भी जाओ, है जरूर एक सावन की।

वरिष्ठ कवि कुलदीप दीपक ने ग़ज़ल सुनाई-

उलझनों से है भरी ये जि़न्दिगी। रोज खुद से लड़ रही ये जि़न्दिगी।

कवि डॉ राजीव सिंह ने गीत सुनाया-

छत बेंची बेटी की खातिर तो इतना हंगामा क्यों? लोग यहां ईमान बेच देते हैं औने-पौने में।

गोष्ठी में व्यंग्यकार उमेश चन्द्र सिंह ने कटाक्ष किया -

घुटे हुए फनकार बहुत हैं, हर फन में होशियार बहुत हैं। भला आदमी फिरे अकेला, चोर के पैरोकार बहुत हैं।

कवि अरुण दीक्षित अनभिज्ञ ने सुनाया -

देशद्रोही मिल चुके हैं, तुम तनिक रास्ता निकालो। वक्त की नब्जों से कोई, कारगर नुस्खा निकालो।

कवि पीयूष शर्मा ने मुक्तक सुनाया -

सत्यता पर ग्रहण आप मत देखिए। झूठ का संक्रमण आप मत देखिए।

युवा कवि विवेक राज , शुभ त्रिवेदी, अग्निज उपमन्यु और पूर्वी अग्निहोत्री ने भी काव्य पाठ किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र गुप्ता, सचिव त्रिवेदी, वैष्णवी अग्निहोत्री आदि उपस्थिति रहे। गोष्ठी का संचालन सुशील विचित्र ने और आभार संयोजक डॉ प्रशांत अग्निहोत्री ने व्यक्त किया।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर राहगीरों को बांटे फल

## सपा कार्यकर्ताओं ने दी दीर्घायु की शुभकामनाएं



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री पीडीए के जननायक अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर बुधवार को नगर में सपा कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान वारसी ने किया। इस अवसर पर अनवर उल्ला खान वारसी ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्रमुख मार्ग पर राहगीरों, जरूरतमंदों एवं आम लोगों को फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीति सामाजिक न्याय, भाईचारे और सभी वर्गों के सम्मान पर आधारित है।उनके जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सपा के पक्ष में नारे लगाए गए और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई। फल वितरण के दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने लिया रामगंगा के कटान का जायजा



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/ परौर -शाहजहांपुर।** बुधवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मोहनपुर, बिजपुरी, बाजार मोहल्ला के पास कर रही रामगंगा के कटान का लिया जाएजा। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अंबुज मिश्रा, अबर अभियंता सुबोध कुमार व बृजेश कुमार ने रामगंगा द्वारा किए जा रहे मोहनपुर मोहल्ला बाजार, मोहल्ला बिचपुरी,में कटान का जायजा लिया एवं पिछली बार रामगंगा द्वारा किए गए कटान को देखा। तथा अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ काल में आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन बाढ़ बचाव कटान निरोधक कार्य कर दिया जाएगा। अधिकारियों द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सुनील भास्कर के निर्देश पर कटान का जायजा लिया गया।

# कार की टक्कर से मां बेटे सहित तीन घायल


**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** मोटरसाइकिल पर बैठाकर मां को दवाई दिलाने जलालाबाद लाये दो बेटों सहित सड़क हादसे में तीनों घायल हो गए जिसमें एक पुत्र व मां की हालत गंभीर बताई गई है जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया हरदोई जनपद के गांव गुलड़िया नगरा निवासी अमर सिंह व राजकुमार पुत्र रामचरन व उनकी मां शिताबो तीनों लोग मोटरसाइकिल पर सवार जलालाबाद आए थे अमर सिंह ने बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब थी साथ ही भाई भी बीमार था दोनों को मोटरसाइकिल पर



बैठाकर दवाई दिलाने आया था दवाई लेकर वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही वह नगर के बारह पत्थर चौराहे पर पहुंचा शाहजहांपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी मोटरसाइकिल का पिछला हिस्सा टूट गया मां और एक भाई उछलकर दूर गिरे जिनके गंभीर चोटें आयीं अमर सिंह बाइक चला रहा था उसके मामूली चोटे आई हैं घटना शाम 5:00 बजे की है कार चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया आस पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को वाहन में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया जहां शिताबो व राजकुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

# मोपेड सवार किसान को पिकअप ने मारी टक्कर, घायल

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** विक्की सवार एक किसान को बोलोरो पिकअप चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर



गिर गया और घायल हो गया पिकअप चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने घायल को जलालाबाद के नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया एवं परिजनों को सूचना दी
मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव धिंयरई निवासी रामनरेश (50) पुत्र जयपाल सिंह विक्की से जलालाबाद यूरिया खाद लेने आया था लेकिन उसे खाद नहीं मिली वापस वह अपने घर जा रहा था बरेली रोड स्थित अतिवरा मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से आई बोलोरो पिकअप ने विक्की में टक्कर मारी किसान सड़क पर गिर गया और घायल हो गया घायल को सड़क पर पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है घायल रामनरेश से पूछने पर उन्होंने बताया कि पिकअप संख्या यूपी 74 एटी 0576 ने टक्कर मारी है जलालाबाद की तरफ से आई थी इसी दिशा से वह भी जा रहे थे

# युवा चेतना मंच ने सत्यप्रकाश,विजय सहित 5 डाक्टरों को किया सम्मानित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। स्वास्थ्य सेवा में अमूल्य योगदान देने , निस्वार्थ समर्पण भावसे समाज सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करनेवाले जनपद के कुछ महत्वपूर्ण चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारतीय युवा चेतना मंच- ने सम्मानित किया इस अवसर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने कहा कि चिकित्सक ईस्वर का रूप है जो कि लोगो को नया जीवन देने का प्रयास करते है। संस्था ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के पांच प्रसिद्ध चिकित्सकों डॉ, सत्य प्रकाश मिश्रा, सत्यानद हॉस्पिटल, डॉ हर्षित , डॉ विजय पाठक, डॉ यू0डी0 कपूर डॉ कीर्ति टंडन को उनके चिकित्सालय में टीम सहित पहुंच कर सम्मानित



किया । अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा उ कि डॉक्टर धरती पर ईस्वर का रूप है मंच के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि मंच हमेशा चिकित्सको का सम्मान करता है। डॉ विजय पाठक ने कहा कि डॉ बिधान चंद्र रॉय का जन्मदिन 01 जुलाई 1882 में हुआ थाउन्होंने आपात स्थिति में भी रोगियों की समर्पण भाव से सेवा की ।उनको 1961 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया, इसलिए सरकार ने 1 जुलाई को ही डॉक्टर्स डे की शुरुआत की ।डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा ने भारतीय युवा चेतना मंच का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आशु पंडित, रामरक्ष पाल, प्रदीप दीक्षित गोपाल कृष्ण वर्मा, जयपाल सिंह, चिनमय त्यागी, प्रणव किशन त्यागी, रविंद्र सर, मयंक मिश्रा, श्रीमती सुमन, नवजोत वर्मा, मुकेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार योगेंद्र किशन त्यागी आदि साथ रहे ।

# सर्राफा की दुकान से दिनदहाड़े हजारों के सोने के आभूषण चोरी

## घटना सीसीटीवी में कैद, थाने में तहरीर

**खुटार।** कस्बे के मोहल्ला नारायनपुर निवासी गौरव कुमार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए बताया कि, कस्बे के तिकुनिया स्थित गौरव ज्वेलर्स के नाम से उसकी सराफा की दुकान है। बुधवार दोपहर लगभग 12:30 बजे एक ग्राहक दुकान पर आया और कहा कि मुझे एक अंगूठी और एक बच्चे के लिए सोने का ओम दिखाओ। जिस पर गौरव कुमार ने ग्राहक बनकर आए युवक को एक अंगूठी व एक सोने का ओम दिखाया। जिस पर ग्राहक ने कहा कि इसका बजन कर मुझे इसकी कीमत बताओ। जिस पर दुकान स्वामी ने बजन व रुपए बताएं। दुकान स्वामी ने बताया कि दोनों आभूषण 4 ग्राम के थे, जिनकी कीमत लगभग साठ हजार रुपए थी। गौरव कुमार ने दोनों आभूषण एक बैग में रखकर ग्राहक को दे दिए और ग्राहक से 60000 रुपए पेमेंट के लिए कहा। जिस पर ग्राहक द्वारा फोन पे करने की बात कह कर गौरव के मोबाइल से स्कैनर का फोटो खींचकर इधर-उधर की बातें करने लगा, और कहा कि मुझे एक बच्ची के लिए पायल भी दिखाओ। जिस पर दुकान स्वामी गौरव कुमार पायल दिखाने में व्यस्त हो गया कि, मौका पाकर उसी बीच ग्राहक द्वारा बैग से दोनों सोने के आभूषण निकाल कर अपनी जेब में रखकर बगैर पेमेंट दिए दुकान से चला गया। थोड़ी देर बाद जब दुकानदार ने मोबाइल में पेमेंट चेक किया तो पेमेंट भी नहीं आया था और ग्राहक बेग दुकान पर छोड़कर चला गया। जब गौरव कुमार ने बैग देखा तो उसमें रखे दोनों सोने के आभूषण गायक थे। जिस पर उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। जिस पर पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस तहरीर व सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच करने में जुटी है।

# बारिश से किसानों के खिले चेहरे, धान व गन्ने की फसल को होगा लाभ



**सिधौली, शाहजहांपुर।** बुधवार को क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों का कहना है कि समय पर हुई वर्षा से धान और गन्ने की फसलों को काफी लाभ मिलेगा। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को अब फसलों की बेहतर बढ़वार की उम्मीद है। किसानों के अनुसार बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे धान की रोपाई के बाद पौधों का विकास तेज होगा। वहीं गन्ने की फसल भी हरी-भरी होगी और उसकी बढ़वार में सुधार आएगा। किसानों ने बताया कि अब खेतों में खाद डालने का भी उचित समय है, जिससे फसल को आवश्यक पोषण मिलेगा और उत्पादन बढ़ने की संभावना रहेगी। किसान मलिखान, सुरजीत कुमार, गुड्डू, कल्लू, चेतराम, रामबरन और ओमपाल ने बताया कि यह बारिश खेती के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह समय-समय पर वर्षा होती रही तो धान और गन्ने की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। क्षेत्र के किसानों ने बारिश को खरीफ सीजन के लिए शुभ संकेत बताते हुए बेहतर उत्पादन की आशा जताई है। इससे खेती की लागत भी कुछ हद तक कम होगी और सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च बचेगा। हालांकि कुछ किसानों ने कहा कि बारिश में सब्जियां नष्ट हो जाते हैं इससे सब्जियों के दाम बढ़ाने की आशंका है।

# अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस श्रीमती गायत्री वर्मा राष्ट्रीय सचिव महिला सभा के द्वारा जीपी इंटर कॉलेज रोसर कोठी में आम के 11 पेड़ लगाकर धूमधाम से मनाया गया एवं आगामी चुनाव 2027 में मुख्यमंत्रीबनने की कामना की गई। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह सत्यपाल सिंह अनमोल कुमार आफताब अंसारी राजेंद्र मिश्र अमित कुमार अनमोल सुधीर अलका श्रीवास्तव निधि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य एवं लिपिक से स्पष्टीकरण तलब

**शाहजहांपुर।** जिले में संचालित अनुदानित मदरसों के प्रधानाचार्यों एवं लिपिकों की बैठक मुख्य वक़्फ़ निरीक्षक श्रीकांत आज़ाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुदानित मदरसों के प्रधानाचार्य एवं लिपिक उपस्थित रहे। मुख्य वक़्फ़ निरीक्षक श्रीकांत आज़ाद ने कहा कि शासन एवं विभाग द्वारा मांगी जाने वाली समस्त सूचनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सूचना, विवरण, अभिलेख अथवा प्रतिवेदन भेजने में अनावश्यक विलंब न किया जाए उन्होंने निर्देशित किया प्रत्येक माह की 25 तारीख तक प्रत्येक दशा में वेतन बिल कार्यालय में जमा हो जाना चाहिए बैठक के दौरान एक मदरसे के प्रधानाचार्यएवं लिपिक के निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित न होने को गंभीरता से लेते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय बैठकों में समय की पाबंदी अत्यंत आवश्यक है बैठक में वरिष्ठ लिपिक अब्दुल रहमान, लिपिक विक्रांत सिंह, इलियास अहमद, प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूलमियां, ताहिर हसन, इमरान खान, मोहम्मद इमरान रज़ा, जावेद ?ासमी, मदरसा लिपिक सै? रहमान, हैदर अली, रेहान, अब्दुल कादिर, आदिमौजूद रहे

# 2027 में सपा की बनेगी प्रचंड बहुमत की सरकार : अवधेश

स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। ददरौल विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव का जन्मदिन मनाया अवधेश कुमार वर्मा ने कहा 2027 में प्रचंड बहुमत के साथ बन रही है समाजवादी पार्टी की सरकार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, अखिलेश यादव के 53वे जन्मदिवस के अवसर पर अवधेश कुमार वर्मा दिलावरपुर मे झब्बू लाल इंटर कॉलेज व ग्राम कहिलिया में कहिलिया पब्लिक स्कूल, कहिलिया में वृक्षारोपण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। ईश्वर से प्रार्थना है की माननीय अखिलेश यादव जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जनसेवा के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करे। इस अवसर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा अध्यक्ष मुनेन्द्र पाल सिंह यादव नगर अध्यक्ष श्री शमसुद्दीन सिद्धिकी पूर्व प्राचार्य श्री ज़मील अहमद, सपा नेता सुहेल ख़ान छोटे मुन्ना धर्मवीर सिंह यादव , सर्वेश कुमार वर्मा , सर्वेश चंद्र श्रीवास्त सर्वेश कुमार वर्मा रूम सिंह यादव जोन प्रभारी, आशुतोष बाजपेई जी, कमलेश कुमार वर्मा, शफूल चंद्र वर्मा प्रिंसिपल ,सुरेश चंद्र अग्निहोत्री बेचेसिंह यादव आराम सिंह यादव कुनेंद्र पाल सिंह यादव , राजीव सिंह यादव , उदय प्रताप सिंह यादव, जसवीर यादव गोपी, श्हरवीर सिंह , श् राम प्रकाश वर्मा, राजेश वर्मा , उदित वर्मा, शिवम् वर्मा , श्री सूरज वर्मा , विपिन वर्मा श नीरज वर्मा, भूपेन्द्र सिंह , अनुज कनौजिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं की बैठक के बाद धरना प्रदर्शन व कलम हड़ताल स्थगित

## बार अध्यक्ष ने 4 जून के आदेश वापसी का स्वागत किया कहा नियमावली 2024 से नियम हटाना अभी शेष

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** अधिवक्ताओं का बीते 19 दिनों से चल रहा धरना एवं प्रदर्शन व कलम बंद हड़ताल आज बीसवें दिन स्थगित कर दिया है बार एसोसिएशन जलालाबाद के अध्यक्ष अनिल पाठक द्वारा आज बैठक बुलाई गई जिसमें सरकार द्वारा दिनांक 4 जून 2026 के आदेश को वापस लेने की घोषणा पर चर्चा हुई। बार अध्यक्ष अनिल पाठक ने मीडिया के लोगों से रूबरू होते हुए बताया कि सरकार ने महानिरीक्षक निबंधन द्वारा जारी किया गया 4 जून 2026 का आदेश पूर्ण रूप से वापस ले लिया है वहीं अधिवक्ताओं की मांग के मुताबिक 2024 की नियमावली में भी संशोधन कर इस मामले को हटाने का आश्वासन दिया गया है जिस पर शीघ्र सरकार अमल करेगी उन्होंने बताया कि बीते 19 दिनों में अधिवक्ताओं ने काफी संघर्ष किया जिसके बाद यह सफलता मिली है उन्होंने अपने अधिवक्ता साथियों का धन्यवाद कहा और कहा की जनहित के मुद्दों को बार एसोसिएशन प्राथमिकता पर उठाती रहेगी जहां पर बात हक और



अधिकार मान सम्मान की आएगी वहां पर किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा अधिवक्ताओं के हित और सम्मान के लिए बड़ी से बड़ी लड़ाई भी अगर लड़ना पड़ी तो वह पीछे नहीं हटेंगे यदि सरकार 2024 नियमावली से ई-रजिस्ट्रीकरण माड्यूल का नियम नहीं हटाती है तो यह आंदोलन पुनः शुरू कर दिया जाएगा इसलिए इसको समाप्त किया जाना कहना गलत होगा हम सरकार के वायदे के मुताबिक इस आंदोलन को स्थगित कर रहे हैं यदि उनकी बात को नजर अन्दाज किया गया तो निकट भविष्य में आंदोलन फिर किया जाएगा और इससे भी ज्यादा व्यापक और मजबूती के साथ होगा बार महासचिव अमित कुमार सिंह परमार ने कहा कि देर से ही सही सरकार ने सही कदम उठाया है शेष मांग भी शीघ्र पूरी की जाएगी ऐसा आश्वासन मिला है बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सक्सेना उर्फ बंटी ने गत 4 जून 2026 के आदेश वापसी का स्वागत किया है उन्होंने नियमावली 2024 से भी इस नियम को हटाने की बात कही है नियम को हटाने में विलंब किया गया तो अधिवक्ता साथी दोबारा धरना प्रदर्शन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे फिलहाल आज बैठक के कारण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पाठक ने कार्य से व्रत रहने की घोषणा की थी 2 जुलाई से सभी जगह पर विधिवत रूप से कार्य आरंभ किए जाने की उन्होंने घोषणा की सफलता के लिए अधिवक्ता साथियों को बधाई दी है

# सद्भावना चौक पर दोबारा तिरंगा फहराने की उठी मांग

## एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** नगर के सद्भावना चौक पर लगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को दोबारा स्थापित कराने की मांग तेज हो गई है।भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि पूर्व चेयरमैन युगल किशोर रस्तोगी और पूर्व चेयरमैन सूफी अजीज हसन के कार्यकाल में नगर पालिका परिषद की ओर से सद्भावना चौक पर लगभग 151 फीट ऊंचे पोल पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित कराया गया था। किसी कारणवश तिरंगा अब वहां नहीं है, जिससे लोगों में निराशा है। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव और सम्मान को ध्यान में रखते हुए उसी स्थान पर पुनः तिरंगा लगाए जाने की मांग की।एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि नियमानुसार जल्द से जल्द तिरंगा पुनः स्थापित कराया जाए, ताकि नगर की पहचान और राष्ट्रीय सम्मान कायम रह सके।

# अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

**शाहजहाँपुर।** नगर निगम के अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह को अपने दीर्घ एवं उल्लेखनीय प्रशासनिक कार्यकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जहाँ एक ओर नगर निगम में विदाई दी गई, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उनके टाउनहॉल स्थित निवास स्थान पर पहुँचकर एक विशेष विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापारी नेताओं ने अपर नगर आयुक्त को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, पटका व माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। एस.के. सिंह ने अपने सेवा जीवन का एक बड़ा हिस्सा शाहजहाँपुर नगर निकाय में बिताया।महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में उनकी सादगी और समयबद्ध निर्णय क्षमता हमेशा याद रखी जाएगी।प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने उन्हें बधाई देते हुए सम्मान पटका पहनाया और कहा कि जनहित और शहर के विकास में उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता व्यापारी समाज उन्हें हमेशा याद रखेगा । सफाई व्यवस्था से लेकर कर सुधारों में रही अहम भूमिका अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, कर संग्रह प्रणाली में सुधार, अतिक्रमण हटाने के अभियानों, शहरी विकास कार्यों की निगरानी तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर मुख्य रूप से मोइन खान, विवेक सहगल, महेंद्र दुबे ,सलीम ख़ान आदि सहित संगठन के अनेक प्रमुख पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे।

# किसानों का छठे दिन धरना जारी, अधिकारियों को दी बड़ी चेतावनी

**निगोही शाहजहांपुर।** पावर हाउस केंद्र निगोही के ठीक सामने छटे दिन किसानों का छटे दिन धरना जारी रहा। बिजली पावर हाउस पर तैनात अधिकारी व कर्मचारियों की उदासीनता के चलते किसानों की छटे दिन भी मांगे पूरी न होने से आक्रोशित हैं ! भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक गुट बरेली मंडल महासचिव देवेंद्र पाल सिंह ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि विद्युत उपकेंद्र संडा से ग्रामीण ट्यूबवेल फीडर जिन्दपुरा चालू किया जाय! और भ्रष्ट जूनियर इंजीनियर निगोही, व उपकेंद्र संडा खास से तत्काल हटाया जाए



!अन्यथा अमर शहीद भगत सिंह चौराहा हमजापुर पर पुतला दहन कर ,आमरण अनशन शुरू किया जाएगा! छठे दिन अनशन पर देवेंद्र पाल सिंह, माधुरी कुशवाहा ,रामनाथ ,रक्षपाल यादव ,श्री कृष्णा ,लक्ष्मण प्रसाद, राजवती देवी, राजकुमारी देवी सुशीला देवी बैठे नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती से जनता परेशान हैं ! क्षेत्र की खेती-किसानी बिजली की कटौती से पानी के अभाव में धान की गडाई प्रभावित हो रही है! धान लगाई जाने का समय है! बिजली के बगैर पानी की समस्या खड़ी है! किसानों के घर से लेकर बाहर खेती किसानी की दुर्दशा को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (अराज नैतिक)गुट बरेली मंडल महासचिव देवेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यूनियन कार्यकर्ता 26 जून के दिन समय 11:00 बजे पावर हाउस पहुंचे संबंधित अधिकारियों से बिजली की आंख मिचौली व लगातार हो रही क्षेत्र में बिजली की कटौती के संबंध में अवगत कराया किसान यूनियन की भारी भीड़ के चलते उच्च अधिकारियों एवं पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे सीओ सदर ने एक्सईएन से बात करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स मौके पर तैनात किया है! लेकिन दोबारा कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर हाल-चाल लेनें नहीं पहुंचा जिससे किसानों में रोश व्याप्त है ! किसान यूनियन नाराज है! देवेंद्र सिंह का कहना है जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक शांति पूर्वक धरना चलता रहेगा ! तीसरे दिन देवेंद्र पाल सिंह माधुरी देवी रक्षपाल यादव लक्ष्मण प्रसाद के अलावा मुनेश्वर दयाल वर्मा,दृगपाल वर्मा कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# शाहजहांपुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वर्षा से उत्पन्न जलभराव का त्वरित समाधान

स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर। बरसात के कारण शाहजहांपुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वर्षा का



जल एकत्र हो गया। यात्रियों के सुलभ आवागमन हेतु समस्या का तुरंत संज्ञान लेते संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जल निकासी की व्यवस्था की गयी। स्वास्थ्य निरीक्षक की टीम ने सर्कुलेटिंग एरिया एवं स्टेशन आगमन द्वार पर एकत्र जल का नालों में पूर्ण निकास कर सर्कुलेटिंग एरिया को स्वच्छ करने का कार्य किया ताकि यात्रियों एवं कर्मचारियों का स्टेशन पर सुलभ आवागमन हो सके। शाहजहांपुर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। इस योजना के अंतर्गत सर्कुलेटिंग एरिया की सड़क की समुचित लेवलिंग एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा जिससे वर्षा जल का प्रवाह नालियों तक सुचारु रूप से हो सकेगा तथा भविष्य में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। मुरादाबाद मंडल यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा स्टेशन परिसरों में आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं।



# भारत को सांस्कृतिक रूप से सशक्त और औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाना था डॉ. मुखर्जी का सपना-नीरज सिंह





● भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** पंडित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष के अंतर्गत शहर के एक बैंक्विट हॉल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चल रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सपना भारत को औद्योगिक रूप से समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनाना था। उद्योग मंत्री के रूप में उन्होंने देश में कई औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना की और औद्योगिक विकास को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी कम उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने, 1941 में बंगाल सरकार में वित्त मंत्री रहे तथा 1943 से 1946 तक हिंदू महासभा के अध्यक्ष भी रहे।



श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री के रूप में कार्य किया, लेकिन सिद्धांतों से समझौता न करते हुए 6 अप्रैल 1950 को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक देश, एक विधान, एक निशान' का नारा दिया और कश्मीर की परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए वहां पहुंचे, जहां उनकी गिरफ्तारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को साकार किया। उन्होंने दामोदर घाटी परियोजना, रक्षा उत्पादन और चितरंजन लोकोमोटिव कारखाने जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया।

दूसरे सत्र में क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवाद, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीसरे सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि डॉ. मुखर्जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और शिक्षा, राजनीति तथा उद्योग के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं संयोजक अनुराग मिश्रा ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ वंदे मातरम् तथा समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, सुनील सिंह, शरद बाजपेयी, डॉ. हीरा श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, रामजी मौर्य, संजय मिश्रा, जितेंद्र साहनी, संतोष कुमारी, श्रीराम पांडे, शौर्य सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा, राजीव मिश्रा, अंकित अवस्थी, हर्ष गुप्ता सहित सभी ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कॉमन मांग पत्र के साथ लखनऊ में पंचायत मित्रों का धरना शुरू

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर ब्लॉक के पंचायत मित्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को लखनऊ में धरना शुरू करने के लिए रवाना हो गए। पंचायत मित्रों ने एक कॉमन मांग पत्र के माध्यम के जरिये शासन से सेवा संबंधी सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। धरने में शामिल पंचायत मित्रों ने बताया कि योजना के सुचारू संचालन के लिए वीबीजीआरएमजी के समस्त कार्मिकों को आउटसोर्सिंग निगम एवं संविदा कर्मचारियों की भांति उनके कार्य स्तर के अनुसार न्यूनतम वेतन/मानदेय की गारंटी, एचआर पॉलिसी, सामाजिक सुरक्षा नीति, वार्षिक वेतन वृद्धि तथा ईपीएफ, एनपीएस, कैशलेस चिकित्सा, बीमा, अनुकंपा नियुक्ति, अवकाश सहित अन्य सभी सुविधाओं के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि मानदेय, ईपीएफ एवं अन्य देयकों का भुगतान कंटीजेंसी मद से न कर अलग बजट अथवा राज्य सरकार के 40 प्रतिशत अंशदान से किया जाए। इस बाबत पंचायत मित्र दिनेश जायसवाल ने बताया कि पंचायत मित्र अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष कर रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मना अखिलेश का जन्मदिन

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन जिले में पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। सपा कार्यालय लोहिया भवन में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा और जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। इससे पहले विवेक ज्ञान स्थली एकेडमी गूमचीनी और लखीमपुर देहात प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण एवं केक काटने के कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोहिया भवन में भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और पीडीए वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने युवाओं, किसानों और शिक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 1 से 7 जुलाई तक पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। इस अवसर पर शशांक यादव, अनुराग पटेल, मोहम्मद कयूम खां, रामसरन, वरुण चौधरी, रघुवीर सिंह यादव, श्रीकृष्ण राज, आनंद पटेल, उत्तम वर्मा, फहीम अहमद, अशोक कश्यप सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ विकास खण्ड क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पौधरोपण करके मनाया। विकास खंड बिजुआ के विभिन्न स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। सपा नेत्री और हरगांव विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी आरपी चौधरी ने भी पौधरोपण किया। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और छोटे बच्चों को कॉपी व पेन भेंट किए। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष सपा विनोद कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में सपा नेता और समाजसेवी सुधीर यादव तथा रितेश वर्मा ने भी पौधरोपण कर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। दोनों नेताओं ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधरोपण से बेहतर कोई उपहार नहीं हो सकता। सपा नेता और गोला के पूर्व विधायक विनय तिवारी के भतीजे नितिन तिवारी ने बिजुआ में कई जगहों पर पौधे लगाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। सपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हमेशा पर्यावरण संरक्षण के समर्थक रहे हैं। उनके जन्मदिन पर पौधरोपण करके पार्टी उनके विचारों को आगे बढ़ा रही है।

# छाजूराम कॉलेज में वन महोत्सव, छात्रों ने किया पौधरोपण

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा वनरेंज के अंतर्गत छाजूराम इंटर कॉलेज में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चूसिंह ने किया। उन्होंने आम, अमरूद और सहजन जैसे फलदार पौधों का रोपण कर इस पहल की शुरुआत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे लगाए, जिससे हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी भीरा, रमाकांत सक्सेना ने इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पौधों की उपयोगिता, जलवायु परिवर्तन से बचाव के उपाय और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में भीरा वनरेंज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## श्री लक्ष्मी नारायण टूर्नामेंट संपन्न, भंडारा आयोजित

**पड़रिया तुला खीरी।** श्री लक्ष्मी नारायण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 के सफल समापन के उपलक्ष्य में 1 जुलाई 2026, बुधवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, बेलवा मलूकापुर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक आशीष अवस्थी और समस्त आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से सपरिवार आकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का आशीर्वाद लेने का अनुरोध किया था। भंडारे की सेवा में मुकेश कुमार, अखिलेश चौरसिया,



शिवनन्दन शुक्ला, पंकज वाजपेई, दिलीप शर्मा, नन्दन सिंह और कौशल आकाश ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने भक्तों को कढ़ी-चावल और हलुए का प्रसाद वितरित किया। इस भंडारे में क्षेत्र के हजारों भक्तों के साथ-साथ लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। आयोजन समिति ने बताया कि यह भंडारा क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल समापन पर भगवान के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक का बेटा बना एग्रीकल्चर सहायक

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ईसानगर ब्लॉक के जसवंत नगर निवासी एवं संविलियन विद्यालय बेहटा में तैनात प्रधानाध्यापक रामप्रताप के छोटे बेटे सचिन कुमार का टेक्निकल एग्रीकल्चर सहायक के पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सचिन कुमार की इस उपलब्धि पर विद्यालय व ब्लॉक के शिक्षकों,कर्मचारियों तथा क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सचिन के साथ साथ शिक्षक रामप्रताप और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सचिन की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि उन्होंने यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**खमरिया/धौरहरा-खीरी।** धौरहरा रेंज के अंतर्गत बीआरसी धौरहरा में बुधवार को नवागत वनक्षेत्राधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में वन महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल शंकर अवस्थी, क्षेत्रीय वन अधिकारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी को हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की शपथ के साथ हुआ।

### तिलक लगाकर हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

**खमरिया-खीरी।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद बुधवार को क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल लौट आई। नए उत्साह और उमंग के साथ विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने फूल, चंदन का तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज महरिया, इंद्रपाल छेद्दु लाल पब्लिक स्कूल अदलिशपुर सहित अन्य विद्यालयों में नियमित कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान और रौनक से गुलजार नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हवन-पूजन का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक, श्रीराम मनवार, राजेन्द्र सहित प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने इसमें सहभागिता करते हुए नए शैक्षणिक सत्र के सफल संचालन और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का आह्वान किया। वहीं बच्चों ने भी अवकाश के बाद अपने साथियों और शिक्षकों से मिलकर खुशी व्यक्त की।

## नेत्रहीन दंपती का बना अंत्योदय राशन कार्ड



**लखीमपुर खीरी।** जनता दर्शन में बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह की संवेदनशील पहल देखने को मिली। तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम छाउछ निवासी नेत्रहीन दंपती मनोज कुमार (30) और अंजना देवी (25) आजीविका और राशन की समस्या लेकर डीएम के समक्ष पहुंचे। दंपती की समस्या सुनते ही डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी को मौके पर बुलाकर आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूरी कराईं। इसके बाद दंपती का अंत्योदय राशन कार्ड जारी कर दिया गया, जिससे अब उन्हें नियमित रूप से खाद्यान्न मिल सकेगा। डीएम ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी जरूरतमंद को केवल औपचारिकताओं के कारण वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। राशन कार्ड मिलने पर मनोज कुमार और अंजना देवी ने डीएम व प्रशासन का आभार जताया।

# खीरी में पहली बार हुई हाईरिस्क ट्रेकियोस्टॉमी

● महिला को मिला नया जीवनदान

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहली बार अत्यंत जटिल और उच्च जोखिम वाली जीवनरक्षक ट्रेकियोस्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। ईएनटी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस सर्जरी से एडवांस्ड लैरिंजियल कैंसर से पीड़ित 56 वर्षीय महिला (गीता, बदला हुआ नाम) की जान बचाई गई। मरीज का स्वरयंत्र और श्वासनली लगभग पूरी तरह बंद हो चुके थे, जिससे किसी भी समय दम घुटने का खतरा था।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए टोटल इंट्रावेनस एनेस्थीसिया तकनीक के तहत ऑपरेशन किया गया। डॉ. अमित कुमार सिंह और उनकी टीम ने गर्दन पर चीरा लगाकर श्वासनली तक सुरक्षित पहुंच बनाई और ट्रेकियोस्टॉमी ट्यूब लगाकर नया वायुमार्ग तैयार किया, जिससे मरीज की सांसें सामान्य हो गईं। इस सर्जरी में आर्थो विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुलकित और डॉ. शरद, सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. राजीव सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऑपरेशन प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. कोहली के सहयोग से सफल हुआ। डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि ईएनटी विभाग ने हाल ही में थाइरोग्लॉसल डक्ट सिस्ट का भी सफल ऑपरेशन किया था। लगातार दो जटिल सर्जरी की सफलता से अब लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर सहित आसपास के जिलों के मरीजों को ईएनटी और कैंसर संबंधी जटिल उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पूरे मेडिकल कॉलेज परिवार ने टीम को बधाई दी है।



## नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**पडरिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सिद्धि आई हॉस्पिटल, पूरनपुर की ओर से बुधवार को ग्राम पडरिया तुला में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 18 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 8 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। इसमें डॉ. मुनीश गंगवार, डॉ. मोहित गुप्ता और डॉ. मोहम्मद अनीस ने मरीजों का परीक्षण किया। जांच में मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए 8 मरीजों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। शेष मरीजों को सामान्य नेत्र संबंधी दिक्कतों के लिए परामर्श और दवाएं निशुल्क प्रदान की गईं।

# मीडिया-पुलिस के समन्वय से अपराध पर होगी निर्णायक चोट:शिवाजी दुबे

● नवागत एसएचओ ने की प्रेसवार्ता

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** कोतवाली में नवागत प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने स्थानीय पत्रकारों के साथ परिचय एवं संवाद बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कहा कि पुलिस और मीडिया समाज के दो ऐसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनके आपसी समन्वय से अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। निष्पक्ष पत्रकारिता और पारदर्शी पुलिसिंग से आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।

प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के प्रति किसी भी



प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण और पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली उनकी कार्यशैली का प्रमुख आधार रहेगी। बैठक के दौरान पत्रकारों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, कानून-व्यवस्था, जनसरोकारों तथा पुलिस-मीडिया के बेहतर समन्वय से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने सुझाव रखे। प्रभारी निरीक्षक ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर पत्रकार रामचंद्र शुक्ल, ओमप्रकाश सुमन, धीरज गुप्ता, हरि श्रीवास्तव, महबूब आलम, गुड्डू सिद्दीकी, राहुल गुप्ता, आनंद गोस्वामी, सुभान राजा,वी विवेक पांडे, राजीव गुप्ता, राजू सिंह, विवेक अर्कवंशी, मृत्युंजय चौधरी, विकास दीक्षित, नवीन अग्रवाल, निर्जेश मिश्रा, दिलीप सिंह राणा सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## बारोही वारियर्स ने दर्ज की जीत

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गोविंदपुर प्रीमियर लीग-6 में बुधवार को खेले गए मुकाबले में बरोही वॉरियर्स ने किंग्स इलेवन गोविंदपुर को तीन विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इलियास की महज 18 गेंदों में 58 रनों की विस्फोटक पारी ने मैच का रुख पलट दिया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स इलेवन गोविंदपुर ने 15 ओवरों में पांच विकेट पर 178 रन बनाए। अर्जुन अंबाला ने 52 और सिमरनजीत सिंह ने 46 रनों की तेजतर्रार पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरोही वॉरियर्स की शुरुआत आक्रामक रही। इलियास ने मैदान पर उतरते ही चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। उन्होंने केवल 18 गेंदों में एक चौका और आठ छक्कों की मदद से 58 रन ठोक दिए। उनके आउट होने के बाद कबीर ने नाबाद 31 रन बनाकर टीम को संभाला। बरोही ने 13वें ओवर में सात विकेट खोकर 180 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। गोविंदपुर की ओर से सिमरनजीत सिंह ने तीन विकेट लेकर संघर्ष किया, लेकिन बाकी गेंदबाज महंगे साबित हुए। अर्जुन अंबाला ने तीन ओवर में 44 रन खर्च किए। मैच के दौरान रमन सिंह, सतनाम सिंह, साबू सिंह, बबलू पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला के घर चोरी में पंचायत सहायक समेत पांच युवक शामिल

स्वतंत्र भारत

**पड़रिया तुला-खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छैरासी में एक बुजुर्ग महिला के घर चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता सुरसुता देवी, पत्नी फकीरा लाल, ने गांव के पंचायत सहायक समेत पांच युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोपियों की पहचान घटनास्थल पर छूटी एक चप्पल के आधार पर होने का दावा किया गया है। पीड़िता के अनुसार, 30 जून की रात वह घर में अकेली सो रही थीं। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर कमरे और बक्से का ताला तोड़ दिया। सुबह जागने पर दरवाजा खुला और सामान बिखरा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। महिला ने बताया कि चोर 20 हजार रुपये नकद, दो बटुला, दो



लुटिया, पांच पसेरी लाही, एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो सोने के पेंडल, एक मांगटीका समेत अन्य सामान ले गए। ग्रामीणों के दबाव के बाद आरोपियों ने दो बटुला और लाही लौटा दी, लेकिन नकदी और जेवर अब तक वापस नहीं मिले हैं। पीड़िता ने जान-माल का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है। गोला कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## भ्रष्टाचार के विरोध में 5 जुलाई को

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गरीब मजदूर किसान पार्टी ने चकबंदी विभाग में कथित भ्रष्टाचार, अभिलेखों के गायब होने और किसानों की समस्याओं को लेकर 5 जुलाई को चकबंदी कार्यालय, राजापुर में धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने इस संबंध में डीएम और एसडीएम गोला को पत्र भेजकर सूचना दी है। पत्र में कहा गया है कि 25 जून को दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण संगठन को आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा। कृष्ण कुमार यादव ने आरोप लगाया कि विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के चलते किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है तथा कई मामलों में अभिलेख और पत्रावलियां गायब होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नशे के खिलाफ

देश में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वाभाविक है कि इससे नशा करने वालों संख्या में भी अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो रही है। कोई भी नशा अपने शौकीन का शरीर तो खोखला करता ही है, उसकी आर्थिक स्थिति को भी बुरी तरह प्रभावित करता है जो अंततः परिवार को तबाह करके ही दम लेता है। अधिक चिंता की बात यह है कि नशे के शौकीनों में ज्यादा संख्या युवा वर्ग की है जिसमें लड़कियों के साथ महिलाएं भी दबे-छिपे या खुलेआम इसका सेवन कर रही हैं। समझदारी के अभाव में ज्यादातर युवा अपना रूटीन नशे में ही डुबो देते हैं और इसके लिए पैसों का इंतजाम करने के लिए घर से लेकर बाहर तक छोटे-बड़े अपराध भी करने लगते हैं। चूंकि नशे और अपराध का कोई भविष्य नहीं होता तो उसके चक्कर में आकर वे अपने जीवन को ही पूरी तरह से अनिश्चित कर देते हैं। करीब तीन महीने पहले मुंबई में प्रबंधन की एक छात्रा और छात्र ने एक कार्यक्रम में नशे का जमकर कॉकटेल ले लिया जिससे उन्हें अपनी जान गंवा देनी पड़ी। यही वजह है कि लत और कारोबार के लिहाज से देश में नशे का बहुत बड़ा नेटवर्क बन गया है। अच्छी बात यह है कि गृह मंत्री अमित शाह ने इसके खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ने का ऐलान कर दिया है। उनका कहना है कि अगले तीन साल के भीतर देश से ड्रग्स का कारोबार खत्म कर दिया जाएगा और इस धंधे के पूरे ईको सिस्टम पर ऐसा प्रहार होगा कि वह अगले कई दशकों तक नहीं उठ सकेगा। इसके लिए बनाई गई योजना में तीन साल के भीतर सौ बड़े मादक पदार्थों का कारोबार करने वाले गिरोहों को समाप्त करने, पैसे के लेनदेन का पता लगाने, दवाओं के गलत प्रयोग पर सख्ती एवं नशामुक्ति सेवाओं का विस्तार करने जैसे कदम शामिल हैं। हालांकि उनका यह कहना भी है कि नशे के खिलाफ अकेले केंद्र सरकार या राज्य सरकारें ही नहीं लड़ सकतीं। इसमें आम नागरिकों को भी सहभागिता करनी होगी, युवाओं और महिलाओं को जागरूक करना होगा। गृह मंत्री की यह बात पूरी तरह से हकीकत पर आधारित है। यह योजना पूरी तरह नशे के धंधे को जड़ से उखाड़ देने पर केंद्रित है जो आज की जरूरत भी है। इसमें राज्य सरकारों तथा आम लोगों को भी हाथ बंटाना होगा। ऐसा करने से खुद हमारे बच्चे नशे की बुराई से सुरक्षित रहेंगे। उम्मीद है कि इस कार्य योजना के सकारात्मक परिणाम शीघ्र सामने आएंगे। नशे की लत इसके शौकीनों के लिए तो जहर है ही, देश के विकास और प्रगति के मार्ग में भी बाधक है।

## खुद सतर्क हों

सोशल मीडिया के लिए युवा वर्ग की दीवानगी अब छिपी बात नहीं है। सड़क पर चलने, घरों और स्कूलों में रहने तक वे इसी से चिपके रहते हैं। हालांकि यह अवस्था पढ़ाई-लिखाई और कॅरियर संबंधी कार्यों से जुड़ने की मानी जाती है लेकिन ज्यादातर मामलों में ऐसा हो नहीं रहा है। जबकि इस पर इतना ज्यादा समय खर्च करना उनके लिए ही नुकसानदेह होता है। एक अमेरिकी संस्था के अध्ययन का निष्कर्ष है कि सोशल मीडिया का कम उपयोग करने से युवाओं में चिंता, अवसाद और अकेलेपन की भावना भी काफी कम हो जाती है। दूसरों की पोस्ट देखकर कुछ छूट जाने के डर से राहत मिलती है जिससे आत्मसम्मान मजबूत होता है। वास्तव में सोशल मीडिया का सीमित उपयोग मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, समय की बर्बादी को रोकने और वास्तविक जीवन में सामाजिक संबंधों को मजबूत करने के लिए वर्तमान समय में बेहद आवश्यक है। इस समय जहां डिजिटल निर्भरता बढ़ती जा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर बिताए जाने वाले समय को नियंत्रित करना एक स्वस्थ जीवनशैली का मुख्य आधार बन गया है। यहां तक कि सोने से पहले स्क्रीन टाइम नियंत्रित करने से अनिद्रा की समस्या से छुटकारा मिलता है। वास्तव में अधिकतर लोग सोशल मीडिया पर अधिक समय इसलिए बिताते हैं कि उनकी समझ के मुताबिक इससे समय कटता है, मनोरंजन होता है। लेकिन यह उनका वहम है क्योंकि इससे अत्यधिक चिपके रहना उन्हें उस दुनिया की ओर भी ले जाता है जो उनके लिए किसी भी तरह उपयोगी नहीं, नुकसानदेह ही है। अब तो इसी के जरिए लोग अपराध करने ने तरीके भी सीखने लगे हैं। इससे जीवन एक अंधे-अनिश्चित रास्ते पर चला जाता है। इसलिए जरूरी है कि इस शौक को उतना ही समय दिया जाए जितना उपयोगी हो। ध्यान रहे कि सोशल मीडिया का नशा ऐसा रोग है जिसका इलाज कोई आैरर नहीं कर सकता बल्कि प्रभावित व्यक्ति को खुद ही करना होता है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**रामपुर से अन्याय राज खत्म हुआ -सीएम योगी**
और राममंदिर में चोरों का राज शुरू हो गया !

**कैदी आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं**
यौन शोषण मामले का कोई गवाह बचा नहीं!

**रामलला दर्शन से पहले अजय राय हाउस अरेस्ट**
भाजपा छोड़कर कांग्रेस में क्यों चले गये हुजूर?

**नरेंद्र मोदी सोते नहीं,वे बिल्कुल मेरे जैसे हैं -ट्रंप**
मानसिक संतुलन के लिये नींद बहुत जरूरी है!

**इंजीनियरिंग टैलेंट में भारतीय सर्वोत्तम-अमेरिका**
उद्घाटन के पहले ही दर्जनों पुल नदी में बह गये!

**विकास के नये कीर्तिमान रच रहा है उत्तर प्रदेश**
करोड़ों रुपये का गांजा युवा पीढ़ी फूंक रही है!

♦♦♦

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा



- डॉ. प्रियंका सौरभ


भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है। बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं।

प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है।

सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए। प्रत्येक मंदिर की आय, आकार और संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकती है। बड़े मंदिरों में अत्याधुनिक निगरानी व्यवस्था, नियंत्रित प्रवेश, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और डिजिटल प्रबंधन आवश्यक है, जबकि छोटे मंदिरों में स्थानीय पुलिस, ग्राम समितियों और नागरिकों के सहयोग से प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा सकता है।

आज के डिजिटल युग में तकनीक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, क्लाउड आधारित रिकॉर्डिंग, गति-संवेदी अलार्म, बायोमेट्रिक प्रवेश प्रणाली, स्मार्ट लॉक और आपातकालीन सूचना प्रणाली मंदिरों की सुरक्षा को मजबूत बना सकती हैं। दानपेटियों को निर्धारित समय पर ही खोला जाए और यह प्रक्रिया कम-से-कम दो या तीन जिम्मेदार व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। नकद गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग, हस्ताक्षरित रजिस्टर और बैंक में तत्काल जमा की व्यवस्था से अनियमितताओं की संभावना काफी कम हो सकती है।डिजिटल दान प्रणाली भी समय की आवश्यकता बन चुकी है। यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान जैसी व्यवस्थाएं नकदी पर निर्भरता कम कर सकती हैं। इससे चोरी का जोखिम घटेगा और दान की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। श्रद्धालुओं को डिजिटल रसीद उपलब्ध कराई जा सकती है तथा मंदिरों की आय और व्यय का वार्षिक विवरण सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है। पारदर्शिता बढ़ने से श्रद्धालुओं का विश्वास भी मजबूत होगा और प्रबंधन की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। सुरक्षा व्यवस्था केवल उपकरणों से मजबूत नहीं होती; उसके लिए उत्तरदायी प्रबंधन भी आवश्यक है। मंदिर समितियों को नियमित आंतरिक और बाहरी ऑडिट कराना चाहिए। आय-व्यय का स्वतंत्र परीक्षण, संपत्तियों का डिजिटलीकरण, बहुमूल्य आभूषणों का सुरक्षित भंडारण और समय-समय पर भौतिक सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

वह सम्पूर्ण इन्द्रियों के विषयों को जाननेवाला है, फिर भी सब इन्द्रियों से रहित है। वह आसक्तिरहित, गुणों से अतीत होने पर भी सबको धारण औरपोषण करनेवाला और सभी गुणों को भोगनेवाला है अर्थात् एक-एक करके सभी गणों को अपने में लय कर लेता है। जैसा श्रीकृष्ण कह आये हैं कि यज्ञ और तपों को भोगनेवाला मैं हूँ। अन्त में सम्पूर्ण गुण मुझमें विलीन हो जाते हैं।

बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च। सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च तत् ।।15।।

वह ब्रह्म सभी जीवधारियों के बाहर-भीतर परिपूर्ण है। चर और अचर रूप भी वही है। सूक्ष्म होने से वह दिखायी नहीं पड़ता, अविज्ञेय है, मन-इन्द्रियों से परे है तथा अति समीप और दूर भी वही है।

अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् । भूतभर्तृ च तज्ज्ञेयं ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ।।16।।

अविभाज्य होकर भी वह सम्पूर्ण चराचर भूतों में अलग-अलग के सदृश प्रतीत होता है। वह जानने योग्य परमात्मा समस्त भूतों को उत्पन्न करनेवाला, भरण-पोषण करनेवाला और अन्त में संहार करनेवाला है। यहाँ बाह्य और आन्तरिक दोनों भावों की ओर संकेत किया गया है। जैसे बाहर जन्म और भीतर जागृति, बाहर पालन और भीतर योगक्षेम का निर्वाह, बाहर शरीर का परिवर्तन और भीतर सर्वस्व का विलय अर्थात् भूतों की उत्पत्ति के कारणों का लय और उस लय के साथ ही अपने स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। यह सब उसी ब्रह्म के लक्षण हैं।

ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते । ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्वस्य विष्ठितम् ।।17।।

वह ज्ञेय ब्रह्म ज्योतियों का भी ज्योति है, तम से अति परे कहा जाता है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि॥**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

♦♦♦

# भारतीयता की मिसाल पेश करतीं सद्भावपूर्ण कारगुज़ारियां



–निर्मल रानी

दुनिया में भारत की पहचान अनेकता में एकता रखने वाले देश के रूप में बनी हुई है। विविधता ही हमारे देश की एक ऐसी सबसे बड़ी विशेषता है जो पूरे विश्व को भारत की ओर आकर्षित करती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। अनेक तरह की भाषाएं,अलग अलग रंग, अलग खानपान, विभिन्न प्रकार की पोशाकें,अनेक क़िस्म के धर्म, जातियां, रीति रिवाज,मान्यताएं तथा विश्वास आदि हमारे देश को एक रंग बिरंगे ख़ुशबूदार गुलदस्ते के रूप में दुनिया के सामने पेश करते हैं। परन्तु पिछले एक दशक में एक ऐसी साम्प्रदायिकतावादी विचारधारा ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया है जिसे शायद हमारे देश की यह विविधता व सर्वधर्म समभाव रास नहीं आता। यह विचारधारा पूरे देश को एक ही रंग में रंगना चाहती है। और अपने इस मक़सद को पूरा करने के लिये यह शक्तियां पूरे देश में सांप्रदायिकता व जातिवाद का ज़हर घोलने के प्रयास हो रहे हैं। दुःख की बात तो यह है कि इन दुष्प्रयासों में लगे लोग इंसानियत को भी भूल चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य तो जैसे नफ़रती एजेंडे पर तेज़ी से अमल करने की प्रतिस्पर्धा लगी हुई है। उत्तर प्रदेश, आसाम, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बंगाल जैसे राज्यों में कौन मुख्यमंत्री कितनी मस्जिदें गिराता है कितनी दरगाहों व मदरसों पर बुलडोज़र चलता है,कितने मुसलमानों के घर ज़मींदोज़ करता है, इसे लेकर इनमें गोया होड़ लगी हुई है। सैकड़ों मस्जिदों व मदरसों को धराशायी करने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में ही अभी पिछले ही दिनों संभल के नख़ासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-कसेरुआ में स्थित ऐतिहासिक 'मुस्तफ़ा क़ादरी मस्जिद' को प्रशासन द्वारा दुर्भावनापूर्ण तरीक़े से बुलडोज़र से ध्वस्त कर दिया गया। जबकि बताया जा रहा है कि यह मस्जिद उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी गज़ट में बाक़ायदा वक़्फ़ जायदाद के तौर पर दर्ज है। सवाल यह उठता है कि जो इबादतगाह राज्य सरकार के आधिकारिक रिकॉर्ड्स में दर्ज हो, उसे रातों-रात एक सोची-समझी साज़िश के तहत 'अवैध' कैसे घोषित किया जा सकता है? इस तरह की कार्रवाई सीधे तौर पर मस्जिद को ध्वस्त करने की एक गहरी राजनीतिक साज़िश का हिस्सा है। साफ़ है कि भाजपा सरकार मुसलमानों को निशाना बनाते हुये दमनकारी, पक्षपातपूर्ण और अलोकतांत्रिक तरीक़े से अपनी 'बुलडोजर नीति' लागू कर रही है।

सत्ता संरक्षित व पोषित इस नफ़रत में कुछ लोग तो इतने अंधे हो गए हैं कि लंगर भंडारा लगाते समय किसी का धर्म पूछकर उस के हाथों से प्रशाद की थाली तक वापस छीने ले रहे हैं? धर्म जाति देखकर सार्वजनिक प्याऊ से पानी पीने तक के लिये मना कर रहे हैं ? किसी दाढ़ी टोपी वाले को लंगर की थाली देकर उसके खाने से पहले 'जयश्रीराम' बोलने का दबाव डाला जा रहा है ? परन्तु हक़ीक़त में यह सब कुछ हो तो ज़रूर रहा है परन्तु इसके लिये सत्ता व संबंधित संगठनों को योजनाबद्ध तरीक़े से काफ़ी मशक़्क़त करनी पड़ रही है। इसके लिये सत्ता का दुरुपयोग भी हो रहा है और लाखों निठल्ले बेरोज़गार व अपराधी क़िस्म के लोग सत्ता का संरक्षण पाकर बेलगाम होकर धर्म व जाति विशेष के लोगों के साथ अमानवीय तरीक़ों से पेश आ रहे हैं। परन्तु जिस देश की रगों में राम रहीम कबीर रसखान जायसी नानक फ़रीद बुल्लेशाह चिश्ती औलिया जैसे महापुरुषों संतों व फ़क़ीरों के संस्कार सीख व शिक्षाएं प्रवाहित हो रही हों उस देश पर यह संगठित नफ़रती गिरोह लंबे समय तक अपनी एकरंगी नफ़रती विचारधारा हरगिज़ नहीं थोप सकते।

उदाहरणार्थ पिछले दिनों भारत सहित पूरे विश्व में करबला के शहीदों के नाम पर मुहर्रम संबंधी आयोजन किये गये। जगह जगह ताज़िये रखे गये। इस मौक़े पर पूरे देश में सैकड़ों जगह ऐसे दृश्य देखे गये जबकि हिन्दुओं ने ताज़ियादारी की और मुहर्रम मनाया। कुछ जगहें तो ऐसी भी थीं जहाँ एक भी मुसलमान नहीं रहते परन्तु दशकों से केवल हिन्दू समाज के लोग ही ताज़िया व अलम उठाते व मुहर्रम मनाते आ रहे हैं। सैकड़ों जगहों पर हिन्दू व मुसलमान बिना किसी भेदभाव के लंगर बांटते व ग़रीबों की मदद करते दिखाई दिये। बिहार में तो मुहर्रम को केवल धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि लोक एवं साझा सामाजिक संस्कृति के रूप में मनाया जाता है। अनेक हिन्दू बाहुल्य इलाक़ों में ताज़िया-जुलूस के साथ मजलिस, फ़ातिहा पढ़ने और कर्बला की घटना को याद करने की परंपरा है। बिहार के संदर्भ में तो यह भी उल्लेखनीय है कि मुहर्रम की परंपरा को कई जगह 'वादा, वफ़ा और विरासत' के रूप में याद किया जाता है। यानी यह केवल शोक का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव, परस्पर सम्मान और साझा इतिहास का प्रतीक बन चुका है। बिहार में ही मुहर्रम का एक ख़ास ऐतिहासिक पक्ष यह भी है कि कई गांवों में हिंदू समुदाय पीढ़ियों से ताज़िया, मातम और जुलूस की परंपरा निभाता आ रहा है। उदाहरण के तौर पर कटिहार के महमदिया हरिपुर गांव में पिछले सौ साल से अधिक समय से हिंदू लोग मुहर्रम मनाते आ रहे हैं, जिसे स्थानीय लोग पूर्वजों के वादे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की विरासत से जोड़ते हैं। इसी बीच राजस्थान में कई जगहों से साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव की ऐसी मिसालें देखने को मिलीं जिसने यह साबित कर दिया कि सत्ता की तमाम कोशिशों के बावजूद देश में हिन्दू मुस्लिम एकता व भाईचारे को दुनिया की कोई भी ताक़त मिटा नहीं सकती। ग़ौरतलब है कि पिछले दिनों राजस्थान सरकार के निर्देश पर राज्य के बाड़मेर व जैसलमेर जैसे सीमावर्ती ज़िलों में अनेक मस्जिदों को बुलडोज़र से ध्वस्त कर दिया गया। ज़ाहिर है इससे मुस्लिम समाज में भय व शोक व्याप्त हो गया। परन्तु इसके विरोध में भारी संख्या में स्थानीय हिन्दू समाज के पुरुष महिलाएं बुज़ुर्ग व युवा सभी ने इकट्ठे होकर सर्व धर्म शांति मार्च निकले व सभाएं आयोजित कीं। राजस्थान के हिन्दू समाज ने न केवल इन धर्मस्थलों के ध्वस्तीकरण का विरोध किया बल्कि मुसलमानों के साथ अपनी एकता व एकजुटता का भी प्रदर्शन किया। कई जगह राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन स्थानीय ज़िला कलेक्टर को सौंपे गए जिसमें सरकार की इस धर्मस्थल ध्वस्तीकरण कार्रवाई का विरोध किया गया। लोगों ने इसे धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द से जुड़ा मुद्दा मानते हुए शांति, भाईचारे को क़ायम रखने और ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। निश्चित रूप से नफ़रत फैलाने के अफ़सोसनाक राजकीय प्रयासों के बीच प्रेम,शांति व सद्भाव की ऐसी कारगुज़ारियां भारतीयता की सच्ची मिसाल पेश करती हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### बौने अस्तित्व पर इतराना क्यों?

एक समृद्ध भूमिपति था। उसे स्वयं के संपन्न होने का बड़ा घमंड था। एक बार वह दार्शनिक सुकरात के पास पहुंचकर अपनी समृद्धि के बारे में बढ़-चढ़कर बताने लगा। सुकरात काफी देर तक उसकी बात सुनते रहे।

जब वह काफी कुछ बता चुका तो सुकरात ने संसार का नक्शा मंगवाया और उसे फैला कर उस व्यक्ति से पूछा, इसमें बताना तो यूनान कहां है?

उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया।

अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा।

इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया।

जिस भूमि के तुम स्वमी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया।

**उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया। अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा। इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया। जिस भूमि के तुम स्वमी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया। इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?**

इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?

इस पर सुकरात ने कहा, जब तुम एक छोटा-सा भूखंड इस नक्शे में नहीं बता सकते तब समूचे ब्रह्मांड में तुम्हारा अस्तित्व ही कितना है। जरा विचार करो, जब तुम्हारा अस्तित्व इतना बौना है, तब घमंड किस बात का कर रहे हो?

## आपका पत्र मिला

### परंपरा व आधुनिकता को समझें जनप्रतिनिधि

लोकतंत्र में सरकार केवल संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता, अनुभव और दूरदृष्टि के आधार पर भी सफल होती है। इन दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार की चर्चाएं तेज हैं। माना जा रहा है कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार बड़ा बदलाव कर सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय नेतृत्व का विशेषाधिकार है, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से ऐसे बदलावों का उद्देश्य अक्सर सरकार के प्रदर्शन को बेहतर बनाना, क्षेत्रीय संतुलन साधना और नए चेहरों को अवसर देना होता है। लेकिन इसी चर्चा के बीच एक महत्वपूर्ण प्रश्न बार-बार उठता है,क्या जनप्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय होनी चाहिए? आज जब देश विज्ञान, तकनीक, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ रहा है, तब नीति बनाने वाले लोगों का शिक्षित, समझदार और विषयों की गहरी जानकारी रखने वाला होना अत्यंत आवश्यक है।

मंत्री केवल एक पद नहीं होता, बल्कि वह लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े फैसले लेता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्त, विज्ञान, उद्योग जैसे मंत्रालयों को चलाने के लिए आधुनिक ज्ञान, प्रशासनिक समझ और नीतियों को समझने की क्षमता जरूरी है। पढ़ा-लिखा व्यक्ति दस्तावेजों, आंकड़ों और विशेषज्ञों की सलाह को बेहतर तरीके से समझ सकता है तथा निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है। लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता और सक्षम नेतृत्व में होती है। यदि राजनीति में शिक्षा, अनुभव और कार्यक्षमता को अधिक महत्व मिलेगा, तो शासन व्यवस्था और मजबूत होगी। देश को ऐसे जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता है जो परंपरा और आधुनिकता दोनों को समझते हुए भारत को विकास के नए शिखर तक ले जा सकें।

**सुभाष बुड़ावन वाला,**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# बारिश के मौसम में स्टाइलिश दिखने के लिए ट्राई करें ये फैशन टिप्स



सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए मौसम के हिसाब से हम आउटफिट खरीदकर स्टाइल करना पसंद करते हैं, ताकि सुंदर नजर आए। बारिश का मौसम आने वाला है। ऐसे में जरूरी है कि आप स्टाइलिश दिखने के लिए कुछ खास तरीके की फैशन टिप्स का खास ध्यान रखें, ताकि आप सुंदर नजर आएं और आप कुछ अलग तरह से अपने लुक को क्रिएट कर सकें। आइए आपको भी इसके बारे में बताते हैं।

**बैगी जींस न करें स्टाइल-** अगर आपको लूज कपड़े पसंद है, तो बारिश के मौसम में थोड़ा सा इन्हें पहनने से रुकें। ऐसा इसलिए क्योंकि बैगी जींस ज्यादा लूज होती हैं। इन्हें आप बाहर पहनकर पाएंगी, तो ये गीली हो सकती है और गंदी भी बहुत जल्दी हो जाएगी।

ऐसे में आप अन्य जींस डिजाइंस को ट्राई कर सकती हैं, ताकि इसे पहनने के बाद आप सुंदर लगेंगी और बारिश के मौसम में फैशन स्टाइल को चेंज कर पाएंगी।

**लाइट कलर के कपड़ें करें स्टाइल-** अगर कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप लाइट कलर के कपड़ों को वियर कर सकती हैं। कपड़े पहनने के बाद काफी सुंदर लगेंगे। साथ ही इससे लुक भी सिंपल और एलीगेंट नजर आएगा।

आप लाइट कलर में किसी भी डिजाइन वाले कपड़ों को पहनने का ट्राई कर सकती हैं और खूबसूरत नजर आ सकती हैं। मार्केट में आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे।

**ए लाइन ड्रेस करें स्टाइल-** खूबसूरत नजर आने के लिए ए लाइन ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ड्रेस पहनने के बाद सुंदर लगेगी। साथ ही इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा।

आप इसे ट्राई कर सकती हैं और सुंदर दिखाई दे सकती हैं। आपको मार्केट में ड्रेस के कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे, जो पहनने के बाद सुंदर लगेंगे।

आपको इसे ट्राई करना चाहिए। साथ ही खूबसूरत लगना चाहिए। इस बार आप बारिश के मौसम में अपना लुक अपग्रेड करें और डिफरेंट डिजाइन वाले कपड़ों को स्टाइल करें, जिसे पहनने के बाद आप सुंदर दिखाई देंगी। आपको ड्रेस के ऑप्शन मार्केट में कई सारे मिल जाएंगे, जिसे आप स्टाइलिश तरीके से वियर करके खूबसूरत नजर आ सकती हैं आप चाहें तो किसी खास दिन पर भी इन्हें वियर करने का ट्राई कर सकती हैं।

## ऑफिस लुक को बनाएं स्टाइलिश

# ट्राई करें कॉटन शॉर्ट कुर्ती



अगर आप भी अपने ऑफिस लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं और गर्मी में कूल लगना चाहती हैं तो आजकल शार्ट कुर्तियां काफी ट्रेंड में हैं। खासतौर पर गर्मी और मानसून में कॉटन फैब्रिक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है क्योंकि यह हल्का, सॉफ्ट और स्किन फ्रेंडली होता है। ऐसे में कॉटन शॉर्ट कुर्तियां आपके ऑफिस वॉर्डरोब के लिए अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं। ये कुर्तियां न केवल आपको प्रोफेशनल लुक देंगी बल्कि पूरे दिन आरामदायक महसूस कराएंगी। अगर आप भी ऑफिस लुक को परफेक्ट बनाना चाहती हैं, तो यहां से आईडिया ले सकती हैं।

**एब्स्ट्रैक्ट प्रिंटेड कॉटन वी नेक कुर्ती-** अगर आप सिंपल लेकिन ट्रेंडी लुक पसंद करती हैं तो एब्स्ट्रैक्ट प्रिंटेड कॉटन वी-नेक कुर्ती आपके लिए परफेक्ट है। नेवी ब्लू कलर की यह कुर्ती दिखने में एलिगेंट और प्रोफेशनल नजर आती है। इसमें वी-नेकलाइन, थ्री-क्वार्टर स्लीव्स और स्ट्रेट फिट डिजाइन दिया गया है जो ऑफिस के लिए बेस्ट डिज़ाइन हो सकती है। इसकी एबव-नी लेंथ इसे मॉडर्न टच देती है। आप इसे सफेद या बेज रंग की पैंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। साथ में छोटे ईयररिंग्स और घड़ी पहनकर अपना ऑफिस लुक कम्पलीट कर सकती हैं।

**अर्जक प्रिंट पेप्लम कुर्ती**

आजकल अर्जक प्रिंट काफी ट्रेंड में है। ब्राउन और रेड कलर कॉम्बिनेशन वाली यह आलिया कट पेपलम कुर्ती एथनिक और मॉडर्न स्टाइल का खूबसूरत कॉम्बिनेशन है। इसमें वी-नेकलाइन, लॉन्ग स्लीव्स दिए गए हैं जो इसे खास बनाते हैं। यह कुर्ती उन महिलाओं के लिए अच्छी है जो ऑफिस में थोड़ा यूनिक और फैशनेबल लुक चाहती हैं। इसे आप स्ट्रेट पैंट के साथ पहनकर क्लासी ऑफिस आउटफिट तैयार कर सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स या ब्लॉक हील्स भी आपके लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। भारी-भरकम सूट और लंबी कुर्तियों के बीच अब शॉर्ट कुर्तियां अपनी जगह बना रही हैं। इनका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इन्हें स्टाइल करना बेहद आसान है और ये हर बॉडी टाइप पर फबती हैं। अगर आप अपने वॉर्डरोब को नया रूप देना चाहती हैं तो इस सीजन ये डिजाइन्स आपकी लिस्ट में जरूर होने चाहिए।

**पैस्ले प्रिंट स्क्वायर नेक कुर्ती-** पैस्ले प्रिंट कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता है। ऑफ व्हाइट और क्रीम कलर की यह प्योर कॉटन कुर्ती बेहद सॉफ्ट और एलिगेंट दिखाई देती है। इसमें स्क्वायर नेक और फ्लेयर्ड स्लीव्स है जो इसे स्टाइलिश बनाती है। अगर आप ऑफिस में सेमी-फॉर्मल लुक चाहती हैं तो ये अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसका लाइट कलर गर्मी के मौसम के लिए बहुत अच्छा और आरामदायक हो सकता है। यह गर्मियों के मौसम में भी काफी आरामदायक हो सकता है। इसे आप पेस्टल रंग की ट्राउजर और मिनिमल ज्वेलरी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ती-** फ्लोरल प्रिंट हमेशा फ्रेश और फेमिनिन लुक देता है। यह कॉटन शॉर्ट कुर्ती ऑफिस के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है। इसमें नॉच्ड नेकलाइन और स्लीवलेस डिजाइन दिया है जो आपके ऑफिस लुक को मॉडर्न और स्टाइलिश बनाता है। अगर आप ऑफिस में कैजुअल वियर कैरी कर सकती हैं तो यह कुर्ती आपके लिए परफेक्ट हो सकती है। इसे डेनिम जींस, ट्राउजर या कॉटन पैंट के साथ स्टाइल कर सकती है।

# साधारण साड़ी को ऐसे बना सकती हैं स्टाइलिश



आजकल फैशन का ट्रेंड सिर्फ भारी डिजाइनों पर नहीं, बल्कि मिनिमल और स्मार्ट स्टाइलिंग पर भी जोर देता है। ऐसे में एक साधारण प्लेन साड़ी को भी कुछ स्मार्ट ट्रिक, सही ऐक्सेसरीज और अनोखे ड्रेपिंग स्टाइल से बेहद ग्लैमरस और ट्रेंडी बनाया जा सकता है। दरअसल, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि, प्लेन साड़ियां हमेशा से एलीगेंट और क्लासिक स्टाइल का प्रतीक रही हैं, लेकिन कई बार हमें उन्हें थोड़ा अलग और मॉडर्न अंदाज में कैरी करने का मन करता है। चाहे आप ऑफिस लुक चाहें या पार्टी लुक, प्लेन साड़ी आपको हर मौके पर एक रिफाइंड और स्टाइलिश लुक देती है। इसके लिए आपको बस जरूरत है सही फैब्रिक, सही ब्लाउज और कुछ क्रिएटिव ट्विस्ट की। अगर आप अपनी सिंपल साड़ी को एक बोल्ड और फैशनेबल लुक में बदलना चाहती हैं, तो यहां दिए गए टिप्स आपके लिए परफेक्ट साबित होंगे। इन स्टाइलिंग आइडियाज से आप अपनी प्लेन साड़ी को हर बार नए अंदाज में कैरी कर सकती हैं।

**1. स्टेटमेंट ब्लाउज पहनें**

अगर आपकी साड़ी प्लेन है तो ब्लाउज को थोड़ा हैवी या फिर यूनिक रखें। मिरर वर्क, पफ स्लीव्स, हॉल्टर नेक या बैकलेस डिजाइन तुरंत ही साड़ी को ग्लैमरस और रिच लुक देते हैं। सही ब्लाउज प्लेन साड़ी की पूरी वाइब बदल सकता है। सिंपल ब्लाउज आपका लुक बिगाड़ सकते हैं।

**2. बेल्ट जोड़ें**

वेस्ट बेल्ट आजकल काफी ट्रेंड में है। आप लेदर बेल्ट, मेटल बेल्ट या अपनी साड़ी के फैब्रिक से मैच होती कस्टम बेल्ट कैरी कर सकती हैं। ये आपके लुक को मॉडर्न और स्लीक बनाता है और फिगर को भी अच्छी तरह डिफाइन करता है।

**3. अनूठे ड्रेपिंग स्टाइल चुनें**

पारंपरिक पहनावे में नया ट्विस्ट देने के लिए ड्रेपिंग स्टाइल बदलकर देखें। मराठी स्टाइल, बंगाली स्टाइल, डबल पल्लू या पैंट-स्टाइल ड्रेपिंग से आपकी प्लेन साड़ी तुरंत ही स्टाइलिश और फैशनेबल नजर आने लगती है। इस साड़ी को सिंपल ही रखेंगी तो आपका लुक हो सकता है एकदम प्लेन ही दिखे।

**4. ज्वेलरी से लुक बढ़ाएं**

अगर साड़ी प्लेन है, तो ज्वेलरी थोड़ी स्टेटमेंट रखें। चोकर नेकलेस, बड़े इयररिंग्स, ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी या कलेक्टिव सेट आपकी साड़ी को एक कंप्लीट और एलीगेंट फिनिश देता है।

**5. कॉन्ट्रास्ट पल्लू या बॉर्डर जोड़ें**

अपनी प्लेन साड़ी में थोड़ा ट्विस्ट जोड़ने के लिए कॉन्ट्रास्ट रंग का पल्लू, लेस बॉर्डर या प्रिंटेड बॉर्डर लगा सकती हैं। ये छोटा बदलाव भी साड़ी को बिल्कुल नया और खूबसूरत लुक दे देता है।

**6. स्टाइलिश हेयरस्टाइल के साथ कैरी करें**

एक अच्छे हेयरस्टाइल का लुक पर काफी प्रभाव पड़ता है। बन, वेवी हेयर, सॉफ्ट कर्ल्स या गजरा जोड़कर आप अपना इंडियन-फ्यूजन स्टाइल और भी आकर्षक बना सकती हैं।

**7. फुटवियर पर ध्यान दें**

सही फुटवियर आपके पूरे आउटफिट की शोभा बढ़ाता है। हील्स से लुक एलिगेंट बनता है, जबकि मोजरी एक ट्रेडिशनल टच देती है। अपने मौके और साड़ी के रंग के अनुसार फुटवियर चुनें, ताकि आपका लुक दिखे सबसे प्यारा।

# एप्पल बॉडी टाइप के लिए कुर्ता स्टाइलिंग के स्मार्ट ट्रिक्स आएंगे बेहद काम



जब बात स्टाइलिंग की हो तो हम सभी तरह-तरह के आउटफिट को अपने लुक का हिस्सा बनाना पसंद करती हैं। इंडियन से लेकर वेस्टर्न वियर तक कई अलग-अलग स्टाइल के आउटफिट हमारी वार्डरोब में होते ही हैं। लेकिन किसी भी आउटफिट को चुनते व पहनते समय यह जरूरी है कि आप अपने बॉडी टाइप का ख्याल रखें। इससे आप एक परफेक्ट लुक क्रिएट कर पाती हैं। इसी तरह, एप्पल बॉडी शेप की महिलाएं जब कुर्ता स्टाइल करती हैं तो उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि वह अपनी अपर बॉडी को आसानी से बैलेंस कर पाएं। दरअसल, एप्पल बॉडी शेप में आमतौर पर ऊपर का हिस्सा थोड़ा हैवी होता है और पेट वाले हिस्से में ज्यादा भरापन दिखता है। जबकि पैर पतले और शेप में होते हैं। इसलिए, जब आप कुर्ते को स्टाइल कर रही हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप इससे ना केवल पेट आसानी से छिप जाए, बल्कि बॉडी का बैलेंस भी बना रहे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्मार्ट ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको एप्पल बॉडी टाइप के लिए कुर्ता स्टाइल करते हुए फॉलो करना चाहिए-

**डार्क कलर की हो कुर्तियां**

अगर आपका बॉडी टाइप एप्पल शेप्ड है तो ऐसे में आपको डार्क कलर की कुर्तियों को अपने लुक का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं बॉटम्स को आप लाइट कलर का चुन सकती हैं। डार्क कलर कुर्तियां आपके पेट को पतला दिखाती हैं। जबकि हल्के रंग की पैंट्स या प्लाज़ो पैरों की स्लिमनेस को उभारती हैं। इससे आपको एक बैलेंस लुक मिलता है।

**ए-लाइन या फ्लेयर्ड कुर्तियों को करें स्टाइल**

अगर आपका बॉडी टाइप एप्पल शेप है तो ऐसे में आपको ए-लाइन या फ्लेयर्ड कुर्तियों को स्टाइल करना चाहिए। इस तरह की कुर्तियां पेट के हिस्से को अच्छे से ढक लेती हैं और नीचे के हिस्से को संतुलित दिखाती हैं। कोशिश करें कि आप एकदम फिटिंग वाली स्ट्रेट कुर्तियों को ना पहनें। इससे आपके पेट का हिस्सा ज्यादा उभरकर नजर आता है।

**नेकलाइन पर दें ध्यान**

अगर आप कुर्तियों को अपने लुक का हिस्सा बना रही हैं तो ऐसे में आपको नेकलाइन का भी ध्यान रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप अपनी कुर्ती में वी-नेक या स्कूप नेक डिज़ाइन चुनें। इस तरह की नेकलाइन चेस्ट और नेक एरिया को लंबा दिखाते हैं, जिससे ऊपरी हिस्सा पतला लगता है। चूंकि एप्पल शेप्ड में अक्सर बस्ट हैवी होती है तो ऐसे में यह नेकलाइन उसे बैलेंस करती है और ध्यान चेहरे की ओर खींचती है।

**जैकेट के साथ करें लेयरिंग**

जब आप कुर्तियों को स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आपको उसकी जैकेट व लॉन्ग श्रग के साथ लेयरिंग करनी चाहिए। फ्रंट ओपन श्रग या एथनिक जैकेट आपके पेट के एरिया को कवर करते हैं और एक वर्टिकल लाइन बनाते हैं। जिससे तरह आप शरीर लंबा दिखता है और पेट आसानी से छिप जाता है।

# बालों की सिल्कीनेस बढ़ाने के लिए अपनाएं ये तरीके



हर महिला चाहती है कि उसके बाल रेशम-से मुलायम और चमकदार हों। इसके लिए महिलाएं तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स और घरेलू उपाय अपनाती हैं, लेकिन कभी-कभी इससे भी बालों की सेहत पर खास फर्क नहीं पड़ता। अगर आप भी अपने बालों को सिल्की और शाइनी बनाना चाहती हैं, तो सही हेयर केयर रूटीन फॉलो करना बेहद जरूरी है। यहां हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स बता रहे हैं, जिनसे आप अपने बालों की खूबसूरती को निखार सकती हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप बालों को सिल्की, स्मूथ और हेल्दी बना सकती हैं।

**गुनगुने पानी का करें इस्तेमाल-** बालों को धोते समय पानी का तापमान बहुत मायने रखता है। अगर आप हेयर मास्क या तेल लगा रही हैं, तो बालों को धोने के लिए गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। ठंडे या बहुत गर्म पानी से बाल धोने पर बाल ड्राई हो सकते हैं और मास्क या तेल का पूरा फायदा नहीं मिल पाता है। गुनगुना पानी बालों की नमी को बनाए रखता है और जड़ों को मजबूती भी देता है।

**गर्म तेल से न करें मसाज-** बालों की ऑयलिंग करते समय ध्यान रखें कि तेल बहुत गर्म न हो। बहुत गर्म तेल से मसाज करने पर बालों की जड़ों को नुकसान हो सकता है। साथ ही, तेल लगाने के बाद इसे ज्यादा देर तक बालों में न रखें। एक घंटे बाद बालों को अच्छे शैम्पू से वॉश कर लें। इससे बालों को सही पोषण मिलेगा और वे सिल्की और हेल्दी बनेंगे।

**सही शैम्पू और कंडीशनर का चुनाव -** बालों को धोने के लिए सही शैम्पू और कंडीशनर का चयन करना बहुत जरूरी है। ऐसा शैम्पू और कंडीशनर चुनें जो आपके बालों के प्रकार के अनुसार हो। बालों की जरूरत के हिसाब से शैम्पू का चुनाव करने से बालों को जरूरी पोषण मिलता है और वे टूटने-झड़ने से बचते हैं। शैम्पू के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, ताकि बालों में नमी बरकरार रहे और वे मुलायम बने रहें।

**बालों को तौलिए से न रगड़ें-** बाल धोने के बाद तौलिए से बालों को रगड़कर सुखाना भी एक आम गलती है, जिससे बाल कमजोर और फ्रिज़ी हो जाते हैं। इसके बजाय, हल्के हाथों से तौलिए में बालों को लपेटकर सूखने दें। इससे बालों की नेचुरल चमक बनी रहती है और वे स्वस्थ दिखते हैं।

**हीट स्टाइलिंग से बचें-** अगर आप सच में सिल्की और हेल्दी बाल चाहती हैं, तो हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल कम करें। बार-बार हीटिंग से बाल कमजोर होते हैं और उनकी चमक खत्म हो जाती है। अगर हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल जरूरी है, तो पहले हीट प्रोटेक्शन स्प्रे का इस्तेमाल करें ताकि बालों को कम से कम नुकसान हो। अगर आप अपने बालों को रेशम जैसा मुलायम और चमकदार बनाना चाहती हैं, तो इन आसान टिप्स को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करें। सही देखभाल और नियमित ध्यान से आपके बाल ना सिर्फ सुंदर बल्कि हेल्दी भी नजर आएंगे। बालों की देखभाल में धैर्य रखें और नेचुरल तरीकों को अपनाएं, जिससे आपको लंबे समय तक बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# इन वजहों से जरूरी है सस्टेनेबल फैशन अपनाना



फास्ट फैशन से जिस तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है उसे देखते हुए इसमें बदलाव करना बहुत जरूरी है। जिसका एक अच्छा ऑप्शन है सस्टेनेबल फैशन। क्योंकि इसमें पर्यावरण को किसी भी तरह से कोई नुकसान न पहुंचे इस पर ध्यान दिया जाता है। जल्दी-जल्दी बहुत सारे कपड़े बनाने की बजाय, इसमें फोकस अच्छी क्वॉलिटी के कपड़ों पर रहता है साथ ही कंफर्ट पर भी। ये चीज़ें कर सकते हैं आपकी मदद सस्टेनेबल फैशन अपनाने में - **1. अपने वार्डरोब का मूल्यांकन करें :** अपने वार्डरोब को ध्यान से देखें। उन कपड़ों की अलग करें, जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हैं और जिन्हें आप अकसर पहनते हैं। फिर उन कपड़ों को अलग करें जिन्हें आप कम पहनते हैं या अभी तक एक भी बार नहीं पहना है। यह मूल्यांकन आपको आपकी पसंद को समझने में मदद करता है। इससे आप अगली बार खरीदारी करते समय बेहतर डिसीज़न ले पाएंगे।

**2. क्वांटिटी के बजाय क्वॉलिटी पर ध्यान दें :** इस तरह के कपड़ों की खरीददारी करें जो लंबे समय तक चल सकें। अच्छी क्वॉलिटी के कपड़े ही लंबे समय तक चलते हैं। इससे आपको बार-बार नए कपड़ों की आवश्यकता कम होती है। नेचुरल फैब्रिक से बने कपड़े दिखने में स्टाइलिश और पहनने में बहुत कंफर्टेबल होते हैं।

**3. ऑर्गेनिक फैब्रिक चुनें :** पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाले कपड़ों का चयन करें, जैसे- कॉटन, हेम्प, टेंसेल, लिनन। इनसे पर्यावरण को नॉर्मल कपड़ों के तुलना में कम नुकसान होता है।

**4. जागरूकता फैलाएं :** अपने सस्टेनेबल फैशन के सफर को दोस्तों और परिवार के साथ साझा करें। फास्ट फैशन के प्रभावों के बारे में दूसरों को शिक्षित करें और उन्हें ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने का प्रयास करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 2 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, द्वितीया तिथौ गुरु वासरे 09/39/ उत्तर आषाढ़ नक्षत्रे 09/28/ वैधृति योग 16/40/ गर करणे 09/39/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.22 मि.30 से। बुध अस्त पश्चिम में घं. 12 मि.31 पर।

**मेष :** परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

# उत्तर प्रदेश में जुलाई के प्रथम दिवस से ही स्कूल चलो अभियान की शुरुआत कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहने पाए-डा. गोरखनाथ पटेल

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में जुलाई के प्रथम दिवस से ही स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई है। प्रदेश का कोई भी बच्चा जो पढ़ाई की उम्र का है, हर हाल में विद्यालय में नामांकित कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आज पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का एक साथ शुभारंभ किया गया है। जनपद के प्रत्येक विद्यालय में अभियान का सजीव प्रसारण कराया गया। इसी कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल द्वारा जनपद के विकास क्षेत्र खैराबाद के हुसैनपुर कैमहरा विद्यालय में अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर एक बच्चे का प्रवेश रजिस्टर पर अपने हाथों से नामांकन किया तथा समस्त नवप्रवेशी बच्चों का फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में स्वागत किया। समस्त नव प्रवेशी बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई, जिसमें पेंसिल, रजिस्टर, स्टेशनरी किट, टाफी आदि चीजें वितरित की गई। बच्चे स्टेशनरी किट पाकर बहुत ही उत्साहित व बहुत खुश हो रहे थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला के प्रत्येक विकास क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा वह स्वयं प्रत्येक विकास क्षेत्र में जाकर कुछ विद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगे व खंड शिक्षा अधिकारियों को भी उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाए ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर सजीव प्रसारण भी देखा तथा समस्त बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील भी की। उन्होंने बच्चों से अन्य बच्चों का प्रवेश करने में सहयोग करने व नियमित रूप से विद्यालय आने को कहा। विकास क्षेत्र खैराबाद के हिंदी एआरपी संजीव पटैरिया ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की साफ सफाई, हरा भरा प्रांगण व विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह की प्रशंसा की साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। विद्यालय की अनुदेशक ज्योति व कल्पना के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनपद को निपुण जनपद बनने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनपद में एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहेगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भी इस अभियान में मौके पर उपस्थित रहे।



# नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध की जायेगी कार्रवाई - सर्वेश चतुर्वेदी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। बच्चों की सुरक्षित यात्रा के मकसद से परिवहन विभाग द्वारा मिशन सेफ फ्यूचर अभियान शुरू किया गया। यह विशेष अभियान १ से १५ जुलाई तक संचालित होगा। अभियान के प्रथम चरण में १ से ७ जुलाई तक स्कूल संचालकों को फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज दुरुस्त कराने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद ८ जुलाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध ताबड़तोड़ प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। अभियान की समीक्षा के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिलाधिकारी राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में बैठक भी आयोजित होगी। सीतापुर में वर्तमान में ७०६ स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। अभियान के पहले दिन एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने विभिन्न विद्यालयों के वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिले की सभी तहसीलों में जांच के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। जिसमें पीटीओ एम ए आब्दीन को सिधौली, आर आई संजय कुमार को लहरपुर, अनिल सागर बिसवां, अंशुमान सिंह तोमर व रवि सीतापुर, रोहित यादव महोली, संदीप गुप्ता महमूदाबाद, मयंक सिंह मिश्रिख के स्कूली वाहनों की जांच करेंगे। जनपद के १७१ विद्यालय स्कूली वाहनों का संचालन कर रहे हैं और सभी विद्यालय स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल पर पंजीकृत हैं। अब तक परिवहन विभाग द्वारा ६९७ स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया जा चुका है। जांच में २६ वाहन फिटनेस मानकों पर अनफिट पाए गए, जबकि ३४ वाहनों के पास वैध परमिट नहीं मिला। इसके अलावा ९ वाहनों का पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है तथा १ वाहन निर्धारित १५ वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि स्कूल प्रबंधन को नियमों के प्रति जागरूक करना और बच्चों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से समय रहते आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने है। लापरवाह स्कूलों की मान्यता रद्द करने की संस्तुति की जाएगी।



# योजना के पात्रो को लाभान्वित किया जाये-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ. प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद सीतापुर को पापकार्न मेकिंग मशीन हेतु क्रमशः ०८ अद्द का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पापकार्न मेकिंग मशीन का कार्य करने वाले परम्परागत कारीगर एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरो को नि:शुल्क दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

# प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अपनी छिपी प्रतिभा को निखारने का मिलता है अवसर-गिरीश चंद्र मिश्र

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद–सीतापुर। संस्कृति विभाग के संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा १५ दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सीता इंटर कालेज के शास्त्री सभागार में बुधवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि प्रदेश के ७५ जनपदों में आयोजित नाट्य प्रशिक्षण कार्यशालाओं के क्रम में सीता इंटर कालेज में बुधवार एक मंच प्रस्तुति के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने महमूदाबाद क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं से इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की। कार्यशाला के समापन पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंच पर विशेष प्रस्तुति का अवसर भी मिलेगा। इस मौके पर अवध प्रांत के



जुलाई को १५ दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया। जो ग्रामीण अंचल के बच्चों के लिए अपनी छिपी प्रतिभा को निखारने और रंगमंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर है। इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भारतीय संस्कृति से भी परिचित होंगे।
कार्यशाला विद्यार्थियों में अभिनय, संवाद अदायगी और संस्कार भारती मंत्री धर्मेंद्र सिंह, प्रशिक्षिका नाट्य कलाकर जूही कुमार, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर, मनोज श्रीवास्तव, तुषार तिवारी समेत अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह ने किया।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों से वार्ता करते हुये एच०आर०पी० रजिस्टर का अवलोकन किया। बी०पी०एम० से वार्ता करते हुये प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की तैयारियों के विषय में जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रातः से संचालित होने के उपरान्त अभी तक हुये टीकाकरण की जानकारी चिकित्सकों से ली। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का रजिस्टर न बने होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। ए०एन०सी० रजिस्टर का भी जिलाधिकारी ने अवलोकन करते हुये रजिस्टर में त्रुटियां पाये जाने पर ए०आर०ओ० पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बी०पी०एम० एवं ए०आर०ओ० शासन की मंशानुरूप एवं सही ढंग से कार्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, जिस पर बी०पी०एम० एवं ए०आर०ओ० का १५-१५ दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने ब्लड प्रेशर मशीन का अवलोकन किया तथा एच०आर०पी० ट्रैगिंग रजिस्टर को देखते हुये गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सी०बी०सी० लैब पहुंचकर मशीन का अवलोकन करते हुये मशीन खराब स्थिति में पाये जाने पर बी०पी०एम० एवं ए०आर०ओ० पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साफ-सफाई व्यवस्था सही न पाये जाने व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सही ढंग से संचालित न कराये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरूद्ध स्पष्टीकराण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने बी०सी०पी०एम० से वार्ता करते हुये विभागीय अभिलेखों का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने व अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन न किये जाने पर बी०सी०पी०एम० का १५ दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।



# सिधौली में खाद की भारी किल्लत, सैकड़ों किसान परेशान: अधिक कीमत वसूले जाने के आरोप

( स्वतंत्र भारत )
सिधौली–सीतापुर। खरीफ सीजन के बीच सिधौली क्षेत्र में खाद की किल्लत लगातार गहराती जा रही है। कृभको खाद केंद्र पर पिछले तीन दिनों से किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक किसान लंबी–लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, लेकिन अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इससे किसानों में आक्रोश और निराशा का माहौल है। किसानों का आरोप है कि कृभको केंद्र पर सैकड़ों की संख्या में किसान कई दिनों से खाद मिलने की उम्मीद में लाइन लगाए हुए हैं, लेकिन सीमित स्टाक के कारण अधिकांश किसानों को बिना खाद लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए तीन दिनों से लाइन में लगे सभी लोगों को खाद मिलना संभव नहीं दिखाई दे रहा है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों से प्रति बोरी ४० से ५० तक अतिरिक्त राशि लेकर उन्हें आसानी से खाद उपलब्ध करा दी जाती है, जबकि निर्धारित सरकारी मूल्य पर खाद मांगने वाले किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी निराश होना पड़ता है। यदि किसानों के ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गंभीर अनियमितता का मामला माना जाएगा, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। खाद की कमी के कारण धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई और फसल की देखभाल प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से उनकी फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, जिससे उत्पादन में कमी आने की आशंका है। किसानों ने जिला प्रशासन, कृषि विभाग तथा संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, कृभको केंद्र सहित सभी खाद वितरण केंद्रों की जांच कराई जाए तथा यदि कहीं अतिरिक्त धन वसूली या अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी किसानों को सरकारी निर्धारित दर पर, पारदर्शी एवं निष्पक्ष व्यवस्था के तहत खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी किसान के साथ भेदभाव न हो।




# सपाईयों ने मनाया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। सामाजिक न्याय के योद्धा,संविधान के रक्षक,सशक्त ,पीडीए के शिल्पकार,समाजवादी पार्टी के ऊर्जावान जननायक राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री,कन्नौज के लोकप्रिय सांसद अखिलेश यादव के ५३ वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी के नेत्रत्व मे उनका जन्मदिन जिला कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमे सबसे पहले जिला कार्यालय पर उनके दीर्घायु हेतु एक गोष्ठी करके उनके सतायु होने की कामना की,व केक काटकर और बडे ही हर्षोउल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया,और जनपद के प्रमुख नेतागण व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को भी केक खिलाया। इसके उपरांत जिला चिकित्सालय व् महिला चिकित्सालय में जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ,एमएलसी जासमीरअंसारी,विधायक अनिल वर्मा व् समस्त नेतागणों व् कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फल वितरित कर उनके दीर्घायु की कामना की। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी सहित सभी लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर हम सब उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रक्रति प्रेम को ध्यान मे रखते हुए पीडीए



पेड़ प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम ०१ जुलाई २०२६ से ०७ जुलाई २०२६ तक हम सब मिलकर पेड़ लगायेंगे। आज नीम,व् बरगद का पौधरोपन कर उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे जनपद में पीडीए पेड़ के रूप में हम बरगद,और पीपल.नीम का पौधरोपण करेंगे,जो पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राण वायु हर दिन हमको देंगे। 'समाजवादी पार्टी की भारत के संविधान में सच्ची निष्ठां है । महात्मा गाँधी,डा. राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हम लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता,सामाजिक न्याय और समाजवाद के प्रति अपने को संकल्पित करते है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता जो जिला मुख्यालय पर नही आ सके वो सभी अपने अपने विधानसभा,गाँव में राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मना रहे है। इस अवसर पर एमएलसी जासमीर अंसारी, सांसद आनंद भदौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता पूर्व मंत्री रामहेत भारती,पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव, पूर्व विधायक राधेश्याम जयसवल दिग्विजय सिंह देव, अशोक यादव शब्बीर खां, प्रमोद वर्मा, अशफाक खां,देश दीपक भार्गव,तौकिरअहमद अल्लन, विजय वर्मा, महेंद्र यादव पूर्व जिला पंचायत, कयूम कुरेशी, कौशलेन्द्र सिंह, ,शिव मोहन सिंह यादव ,राजितराम शुक्ला ,बडकन्नू खां,नादिरशाह प्रधान,राकेश जोशी ,राहुल शुक्ला, देवनाथ यादव ,रामप्रकाश यादव,असद अराफात, अंकित त्रिवेदी,कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव,वकील अहमद ,मनोज चन्द्रभाल भार्गव, ताज नीलम यादव ,शिवम सिंह, राजकिशोर गौतम, प्रदीप यादव अरशद खां, अनश खान,मेराज खां ,जयकरन राजवंशी,राणाप्रताप यादव ,अमार जोती शुक्ला सदीपकश्यप, विवेक वर्मा मो असिम खां वकील अहमद आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार बिसवां संवाददाता के अनुसार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जनपद सीतापुर की नगर पालिका परिषद बिसवां के वार्ड जोशी टोला से समाजवादी पार्टी के सक्रिय सभासद रफीउद्दीन उर्फ गुड्डू ने एक अनोखी और भव्य पहल की है। उन्होंने सपा अध्यक्ष के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाते हुए पांच कुंतल (५०० किलो) लड्डू तैयार करवाए। सभासद रफीउद्दीन उर्फ गुड्डू ने इन लड्डुओं को आवास पहुंचकर सपा के जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस दौरान सभासद रफीउद्दीन उर्फ गुड्डू ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि माननीय अखिलेश यादव जी उत्तर प्रदेश के करोड़ों युवाओं, किसानों और दबे कुचलों की उम्मीद हैं। उनका नेतृत्व प्रदेश को तरक्की की नई राह पर ले जाने का काम कर रहा है। आज उनके जन्मदिन पर हम सभी कार्यकर्ता उनके लंबे जीवन की दुआ करते हैं। सपा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने सभासद रफीउद्दीन उर्फ गुड्डू की इस निष्ठा और अनोखे प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का यही निस्वार्थ प्यार और समर्पण समाजवादी पार्टी की असली ताकत है। जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में इन लड्डुओं को पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों तथा स्थानीय गरीब व असहाय लोगों के बीच वितरित कर खुशियां बांटी गईं। इस अवसर पर स्थानीय सपा नेताओं सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन की बधाई दी। इसी प्रकार महमूदाबाद में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का ५३वां जन्मदिन महमूदाबाद क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा ने बुधवार की सुबह पैंतेपुर मार्ग पर स्थित अपने आवास पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना की।

इसी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वाती सेवा सदन सहित कई अन्य अस्पताल पहुंचकर व पूर्व विधायक के समर्थकों ने मरीजों को फल व अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अरफात, विधानसभा अध्यक्ष मो. कादिर, सपा नगर अध्यक्ष इस्तियाक साद, कय्यूम हाशमी, कलाम, मेराज अहमद, जीशान खान, कुलदीप वर्मा, जैद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बरेली-जेवर हवाई सेवा का आगाज: पहली उड़ान ने खोले विकास और कनेक्टिविटी के नए द्वार

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** लंबे इंतजार के बाद बुधवार को बरेली और नोएडा स्थित जेवर एयरपोर्ट के बीच बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा का शुभारंभ हो गया। पहली उड़ान के साथ बरेली को प्रदेश के तेजी से विकसित हो रहे विमानन नेटवर्क से एक और महत्वपूर्ण कड़ी मिल गई। उद्घाटन अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार ने पहली महिला यात्री को बोर्डिंग पास सौंपकर सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस मौके को यादगार बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और विमानन कंपनी ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। पहली उड़ान की यात्री से केक कटवाया गया, जबकि एयरपोर्ट परिसर में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और यात्रियों ने तालियों के बीच नई सेवा का स्वागत किया। पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पहली महिला यात्री ने बताया कि यह उनके जीवन की पहली हवाई यात्रा है। उन्होंने कहा कि बरेली से जेवर तक सीधी उड़ान शुरू होने से यात्रा न केवल सुविधाजनक होगी, बल्कि काफी समय की भी बचत होगी। उन्होंने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल सहित एयरपोर्ट अथॉरिटी और विमानन कंपनी के अधिकारियों ने पहली उड़ान को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस नई हवाई सेवा से बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर और आसपास के जिलों के व्यापार, शिक्षा, निवेश और पर्यटन को नई गति मिलने के साथ दिल्ली-एनसीआर तक आवागमन भी पहले से अधिक सुगम होने की उम्मीद है।

# जेल में हाई अलर्ट! जिला जज, डीएम और एसएसपी ने औचक निरीक्षण कर परखी सुरक्षा की हर परत

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** केंद्रीय कारागार-2 की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार सिंह द्वितीय ने डीएम अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण टीम ने बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का अवलोकन करते हुए बंदियों के रहने, भोजन, स्वास्थ्य और साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को सुरक्षा मानकों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतने तथा प्रत्येक व्यवस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।जिला जज ने बंदियों के अधिकारों और सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली, जबकि डीएम ने स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक संसाधनों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, सतर्क निगरानी रखने तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की।

# विस चुनाव बूथों के पुनर्गठन पर मंथन, डीएम बोले-हर मतदेय स्थल पर हों सभी मूलभूत सुविधाएं

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पहले मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर बिजली, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और बाउंड्रीवाल जैसी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित की जाएं। जर्जर और निजी भवनों में मतदान केंद्र बनाने से यथासंभव बचने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि जिले की नौ विधानसभा सीटों में वर्तमान में 3835 मतदेय स्थल और 1940 मतदान केंद्र हैं। 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर छह नए मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं, जबकि 37 मतदेय स्थलों के समायोजन का प्रस्ताव है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल 3804 मतदेय स्थल प्रस्तावित रहेंगे। डीएम ने राजनीतिक दलों से प्रारूप सूची का परीक्षण कर समय सीमा के भीतर सुझाव और आपत्तियां देने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए बूथ केवल आवश्यकता होने पर ही बनाए जाएं तथा सरकारी भवनों को प्राथमिकता दी जाए। धार्मिक स्थल, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और राजनीतिक व्यक्तियों से जुड़े भवनों में किसी भी स्थिति में मतदेय स्थल न बनाया जाए।इस दौरान एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा , एसडीएम फरीदपुर रामजन्म यादव सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली में कांग्रेस की सियासी मशविरा बैठक, हसनैन रज़ा ने यूपी प्रभारी गौतम से की मुलाकात

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गौतम से नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन (कांग्रेस मुख्यालय) में बरेली के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हसनैन रज़ा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की मौजूदा सियासी सूरत-ए-हाल, तंजीम को जमीनी सतह पर ज्यादा मज़बूत और फ़आल बनाने समेत कई अहम मौज़ुओं पर तफ़सीली गुफ्तगू हुई।

बैठक में बूथ स्तर तक तंजीम के विस्तार, नौजवान और ख़्वातीन कार्यकर्ताओं की शिरकत बढ़ाने, अवाम के दरमियान राब्ता मज़बूत करने तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति पर मशविरा किया गया। हसनैन रज़ा ने बताया कि गौतम ने तंजीम में नई रूह फूंकने, हर कार्यकर्ता तक पैगाम पहुंचाने और अवामी मसाइल को पूरी शिद्दत के साथ उठाने पर खास ज़ोर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सियासी मज़बूती का रास्ता ज़मीनी कार्यकर्ताओं की सरगर्मियों और अवाम के भरोसे से होकर गुजरता है। बैठक में प्रदेश में संगठन को नई रफ़्तार देने और जनसंपर्क मुहिम को और तेज़ करने पर भी सहमति बनी। मुलाकात खुशनुमा और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। हसनैन रज़ा ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी तंजीम को और ज्यादा मज़बूत बनाकर जनता के बीच प्रभावी मौजूदगी दर्ज कराएगी।

# जीएसटी विभाग ने बढ़ाया राजस्व का ग्राफ, लक्ष्य हासिल करने को तेज हुई कार्रवाई

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग वित्तीय लक्ष्य को समय से पूरा करने की दिशा में पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में राजस्व संग्रह में लगभग 14 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी प्रभावी कर प्रशासन, नियमित निगरानी और करदाताओं के बेहतर अनुपालन का परिणाम मानी जा रही है। अपर आयुक्त जीएसटी ग्रेड-वन एन.एल. सोनी के निर्देशन में विभाग शासन की सभी प्राथमिकताओं और दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है। कर चोरी पर प्रभावी निगरानी, संदिग्ध मामलों की जांच, ई-वे बिल और रिटर्न की सतत समीक्षा के साथ करदाताओं को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पारदर्शी कार्यप्रणाली, तकनीक आधारित निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई के कारण राजस्व संग्रह लगातार बेहतर हो रहा है। आने वाले महीनों में भी संग्रह की रफ्तार बनाए रखने के लिए विशेष अभियान जारी रहेंगे। विभाग का लक्ष्य न केवल निर्धारित राजस्व हासिल करना है, बल्कि करदाताओं को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराकर कर व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना भी है।

# दंगा मामले में तौकीर रजा की कुर्क संपत्ति पर रिसीवर तैनात, न्यायालय के आदेश पर प्रशासन की कार्रवाई

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** दंगा प्रकरण के मुख्य आरोपी और आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की कुर्क संपत्ति पर बुधवार को प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रिसीवर तैनात कर दिया। कार्रवाई सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संपत्ति का विधिवत कब्जा रिसीवर को सौंप दिया। अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई पूरी तरह न्यायालय के आदेश और प्रचलित कानूनी प्रावधानों के अनुरूप की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम पूरे अभियान के दौरान मौजूद रही। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए थे और कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मौलाना तौकीर रजा और उनके सहयोगियों से जुड़े विभिन्न मामलों में प्रशासन ने न्यायालय एवं सक्षम प्राधिकारों के आदेशों के आधार पर कई कानूनी कदम उठाए हैं। प्रशासन का कहना है कि सभी मामलों में कार्रवाई उपलब्ध साक्ष्यों, न्यायालय के निर्देशों और विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की जा रही है तथा कानून के समक्ष सभी के लिए समान मानदंड लागू हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 71 हजार

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।**आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत उदाईशाहपुर निवासी रजनीश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि 30 जून को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके खुद को क्रेडिट कार्ड विभाग का अधिकारी बताया और कहा कि एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर बीमा पालिसी का नवीनीकरण होना है,पीड़ित ने मना कर दिया उसके बावजूद शातिर साईबर बदमाश ने कुछ देर के बाद एक लिंक भेज दिया,पीड़ित रजनीश शर्मा ने जैसे ही लिंक को क्लिक किया,बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस आने शुरू हो गए और कुछ ही मिनटों मे क्रेडिट कार्ड से चार ट्रांजेक्शन मे 71 हजार 996 रुपए निकल गए।पीड़ित ने तत्काल क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कराया और साइबर अपराध हेल्प लाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**आंवला।** भमोरा रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। घटना में बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक पिंटू (20) पुत्र बुद्ध पाल निवासी पथरी आंवला किसी काम से गया था वापस आते समय भमोरा रोड पर मोहम्मदपुर पथरा के सामने सुबह लगभग 6:30 बजे की है एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उसे तुरंत उपचार के लिए भमोरा सीएचसी भिजवाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन बरेली अस्पताल पहुंचे गए।आंवला पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं और अज्ञात वाहन की तलाश आरम्भ कर दी है।

### बिजली टावर पर तार खींचने के कार्य के चलते आज दस घंटे बंद रहेगी सेंधा फीडर की बिजली

**आंवला।** विद्युत पारेषण खण्ड बदायूँ के अंतर्गत चल रहे 132 के.वी. आंवला-बिसौली लाइन को 400 के.वी. उपकेन्द्र से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के तहत टावर लोकेशन संख्या 10 से 16 के बीच तारों की स्ट्रिंगिंग का काम किया जाना है।

अधिशासी अभियन्ता रोशन लाल ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस क्षेत्र के नीचे से गुजरने वाली 33/11 के.वी. सेंधा फीडर लाइन का शट-डाउन लिया जा रहा है। इसके कारण दिनांक गुरुवार को सुबह 08:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक सेंधा फीडर से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है ताकि कार्य को समय पर और सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सके।

### साप्ताहिक बाजार में खुलेआम बेचा जा रहा मांस



**फरीदपुर।** थाना फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम रूरिया में बुधवार और रविवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में बिना लाइसेंस एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत खुलेआम मुर्गे का मीट बेचे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खुले में मीट की बिक्री से गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए तहसील एवं जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर ऐसे कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की साप्ताहिक बाजारों में खाद्य सुरक्षा विभाग के मानकों की अनदेखी करते हुए खुले मैदान में मीट की बिक्री की जा रही है, जो नियमों के विरुद्ध होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। उनका आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण ऐसे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने शासन के उन निर्देशों का भी हवाला दिया, जिनके अनुसार सार्वजनिक स्थानों और खुले में मीट का कारोबार प्रतिबंधित है। उनका कहना है कि संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इस मामले में ग्रामीणों ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा साप्ताहिक बाजारों में खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

### ई-रिक्शा हादसे में घायल एक युवक की और मौत

**फरीदपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में टैंकर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक सतीश, उसके पिता शालिक राम तथा पत्नी प्रियांशी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों ग्राम सैदापुर के निवासी थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल शालिक राम ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सतीश और उसकी पत्नी प्रियांशी का उपचार शुरू किया गया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान सतीश की भी मौत हो गई, जबकि प्रियांशी का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टैंकर ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी, जिससे यह भीषण हादसा हुआ।

# टीजीटी परीक्षा आज से, 17 केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**बरेली।** जिले में तीन दिवसीय टीजीटी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 2, 3 और 4 जुलाई को जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। 2 और 3 जुलाई को परीक्षा दो पालियों में, जबकि 4 जुलाई को एक पाली में संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक और एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रणनीति तैयार की। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और केंद्रों के आसपास लगातार गश्त की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन बनाने के लिए सघन निगरानी रखी जाएगी। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच होगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# महमूदपुर में अनियंत्रित ट्रक खंभे से टकराकर पलटा, भैंस की मौत

**आंवला।** एक ट्रक अनियंत्रित होकर खंबे से टकराकर पलट गया। जिसके नीचे दबकर एक भैंस की मौत हो गई। चालक परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सूचना पर हल्का लेखपाल वैभव कुमार व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जिला रामपुर के रहने वाले चालक और परिचालक ट्रक लेकर बगरैन समान लेकर आए थे। बगरैन से माल उतार कर वापस रामपुर जा रहे थे, तभी थाना आंवला क्षेत्र के गांव महमूदपुर में पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकराकर पलट गया। ट्रक के नीचे ग्राम महमूदपुर निवासी बंटी की भैंस दब गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा महमूदपुर की ही निवासी ज्ञान देवी का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक और परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। फिलहाल दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजेगा परिक्षेत्र, चार जिलों में कांवड़ियों का होगा अभिनंदन

## डीआईजी ने संभाली कमान

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आगामी श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी ने बुधवार को बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कांवड़ मार्ग को सुपर जोन, जोन, सेक्टर और सब-सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, पैदल व बाइक गश्त बढ़ाने तथा रिजर्व फोर्स तैनात रखने के निर्देश दिए।

डीआईजी ने सभी कांवड़ शिविरों के लिए अनुमति अनिवार्य करते हुए शिविरों और प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी व आईपी कैमरे लगाने, महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग सुविधाएं, फायर सेफ्टी, एंटी वेनम और चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। प्रमुख मंदिरों और घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश, एसडीआरएफ, पीएसी, गोताखोर और लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए।

यातायात संचालन के लिए संयुक्त रूट डायवर्जन लागू होगा। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले वाहनों के लिए अलग रूट तय किए जाएंगे। डीजे की ऊंचाई, चौड़ाई और ध्वनि मानकों का पालन, कांवड़ की अधिकतम ऊंचाई 12 फीट तथा मार्ग पर साफ-सफाई, शराब व मांस की दुकानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। डीआईजी ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर यात्रा को सकुशल संपन्न कराने पर जोर दिया।

# नकली सोने की मोहरों से करोड़ों की ठगी करने वाला राजस्थान का गैंग दबोचा, तीन गिरफ्तार

## अन्य जिलों से भी पूरे गैंग का जुटाया जा रहा इतिहासः एसपी सिटी

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** थाना किला पुलिस ने सुनारों को नकली सोने की मोहरें देकर लाखों रुपये और असली आभूषण ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक ने प्रेसवार्ता कर बताया कि राजस्थान निवासी महेंद्र, उसके बेटे सुरेश और बबली उर्फ बब्बू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 असली सोने की मोहरें, चार नकली मोहरें, सोने-चांदी के आभूषण, फर्जी आधार कार्ड, तीन मोबाइल, छह डायरी और 10,550 रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरोह पहले सुनारों के यहां असली सोने की मोहरें गिरवी रखकर विश्वास जीतता था। बाद में सोने की परत चढ़ी चांदी की नकली मोहरें असली बताकर लाखों की ठगी कर फरार हो जाता था। किला बाजार के एक ज्वैलर्स से 20 लाख रुपये नकद, चांदी के जेवर और सोने के आभूषण इसी तरीके से हड़प लिए गए थे। जांच में सामने आया कि नामजद भगवान सिंह का वास्तविक नाम महेंद्र है, जो फर्जी पहचान के सहारे वारदात करता था। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मोबाइल सीडीआर के आधार पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बिथरी चैनपुर समेत अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की ठगी करना कबूल किया। पुलिस गिरोह के दो फरार साथियों की तलाश में जुटी है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का धूमधाम से मनाया गया 53वां जन्मदिन



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** आंवला भमोरा रोड स्थित आर के हाल में पंडित राजेश गौड़ ,पंडित राकेश गौड़, मशकूर खान, अरविंद यादव ने समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रुप से मनाया। यहां पर मशकूर खान, अरविंद यादव राकेश गौड़ ,राजेश गौड़ ने कहा पी डी ए के जनक, गरीबों के मसीहा ,युवाओं की आवाज अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2027 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। और आज राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर हम सभी कार्यकर्ता संकल्प ले कि प्रत्याशी जो भी हो हम सब कार्यकर्ता एक साथ मिलकर आंवला विधानसभा से अखिलेश यादव को जीता कर भेजेंगे प्रत्याशी कोई भी हो आपसी मतभेद हटाओ समाजवादी पार्टी उम्मीदवार को जिताओ। इसके साथ ही उन्होंने बताया आंवला विधानसभा की जनता ने ठाना है समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। इस मौके पर इस मौके पर रईस अहमद, विकार अली, इंद्रपाल सिंह यादव ,अफसर खान, अरविंद यादव, चमन सिंह यादव, महेंद्र सिंह रामदीन सागर, अब्दुल मुत्तलिब, इमरान अंसारी, आचार्य जी, फैजान, अमित आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# बीडीए का बुलडोजर चला, कैंट क्षेत्र की दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए कैंट थाना क्षेत्र में विकसित की जा रही दो कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कार्रवाई विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने की। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय के अनुसार, ग्राम चनैटा में बाबा नमेदेश्वर मंदिर के निकट जीतू पटेल द्वारा करीब सात हजार वर्गमीटर क्षेत्र में शिवधाम कॉलोनी के नाम से बिना स्वीकृति प्लॉटिंग, सड़क, गेट, विद्युत पोल और बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं ग्राम बारीनगाल में मुन्ना लाल राठौर करीब पांच हजार वर्गमीटर क्षेत्र में बिना अनुमति सड़क, बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत दोनों स्थलों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अभियान में अवर अभियंता सीताराम, अजीत कुमार साहनी समेत प्रवर्तन टीम मौजूद रही। बीडीए ने लोगों से अपील की है कि किसी भी भवन या भूखंड की खरीद से पहले विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति की पुष्टि अवश्य कर लें।



# रिकार्ड में नहीं वास्तविकता में मौजूद हों बच्चे-नेहा ब्याडवाल

- सीडीओ ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठारी का निरीक्षण
- चार में से केवल एक ही शिक्षक मिला विद्यालय में
- खामियों को देख चढ़ा पारा

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** योजनाओं नामांकन और व्यवस्थाओं के दावों के बीच ज़मीनी तस्वीर ने एक बार फिर प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया। विकास खण्ड बावन के भिठारी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र पर मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल के औचक निरीक्षण में कई ऐसी कमियां सामने आई, जिन्होंने सरकारी दावों और वास्तविकता के बीच के अंतर को उजागर कर दिया।

विद्यालय में पंजीकृत 121 छात्र-छात्राओं के मुकाबले महज़ 60 बच्चे उपस्थित मिले। आधी से कम उपस्थिति पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि स्कूल केवल रिकॉर्ड में नहीं, बच्चों की मौजूदगी और शिक्षा की गुणवत्ता में भी दिखना चाहिए। स्थिति यहीं नहीं रुकी। चार स्वीकृत शिक्षकों वाले विद्यालय में निरीक्षण के समय केवल एक शिक्षक मौजूद मिला, जबकि तीन अवकाश पर पाए गए। परिसर में सफाई व्यवस्था भी अपेक्षित स्तर पर नहीं मिली मलबा, घास-फूस और रखरखाव की अनदेखी ने निरीक्षण को और गंभीर बना दिया।

कागज़ों में संसाधन पर्याप्त दिखे, लेकिन ज़मीन पर तस्वीर कुछ और थी। पर्याप्त बेंच होने के बावजूद कक्षा-6 के विद्यार्थियों को दरी पर बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। इसे प्रशासन ने केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी माना।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी बावन को शिथिल पर्यवेक्षण पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय की बाल पेंटिंग एवं एस्ट्रोनॉमी लैब में क्षतिग्रस्त रंग-रोगन को दोबारा कराने के निर्देश भी दिए गए।

इसके बाद विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भिठारी का निरीक्षण हुआ, जहां तस्वीर और भी चिंताजनक दिखी। पंजीकृत 45 बच्चों के सापेक्ष मात्र दो बच्चे उपस्थित मिले। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अनुपस्थित पाई गईं। इस पर सीडीओ ने संबंधित कार्यकर्ती, सुपरवाइजर और बाल विकास परियोजना अधिकारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन विस्तार पर जोर, सैकड़ों लोगों ने ग्रहण की सदस्यता



स्वतंत्र भारत

**संडीला।** भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र द्वारा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रफीक लम्बू ने की।

सम्मेलन में जनपद हरदोई की जिला, तहसील, ब्लॉक एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए किसान हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों, संगठन विस्तार तथा आगामी आंदोलनों की रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अमीर को युवा तहसील अध्यक्ष (संडीला) तथा पूषा जी को ग्राम सभा अध्यक्ष (आटामऊ) नियुक्त किया गया। इसके अलावा अनेक अन्य कार्यकर्ताओं को भी संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए।

प्रदेश अध्यक्ष रफीक लम्बू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवसदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की सदस्यता की शुभकामनाएं दीं और किसान हितों की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यरम मे वसीम अंसारी मण्डल अध्यक्ष, निज़ाम गाज़ी प्रदेश उपाध्यक्ष, चाँद मियाँ प्रदेश सचिव,राम देवी महिला मण्डल अध्यक्ष, राजा खां प्रदेश सचिव, अनिमेष सिंह, अमीर हासमी, कफील अंसारी, राम देवी, विजय कुमार, लक्ष्मीना, उत्तम, राम पति,सुन्दर, गायत्री आदि मौजूद रहे।

# उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी की सेहत हो रही खराब

- आयोजित हुई पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी



**शाहाबाद (हरदोई)।** केन्द्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय की पहल पर कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड हरदोई के तत्वाधान मे स्थानीय पाली रोड खेडा तिराहा के निकट पीएम प्रणाम-किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे किसानो को सरकार की विभिन्न योजनाओ तथा किसानो की आमदनी बढाने के उपायो पर विस्तार से चर्चा की गयी।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुये विषय वस्तु विशेषज्ञ शाहाबाद आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि देश के स्वतंत्र होने के वर्ष से अब तक कृषि क्षेत्रफल मे लगातार कमी होने के बावजूद कृषि उत्पादन मे लगभग आठ गुना बृद्धि इस क्षेत्र मे हुई है लेकिन लगातार केमिकल फर्टिलाइजर प्रयोग करने से खेत की मिट्टी की सेहत बिगड रही है जो भविष्य के लिए चिन्ता का विषय है। उन्होने कहा कि यूरिया पर्याप्त मात्रा मे मौजूद है लेकिन इसकी शार्टेज (कमी) के लिए किसान स्वयं जिम्मेदार है क्योकि कुछ किसान जब जब बरसात होती है वह फसलो मे यूरिया का छिड़काव करने लगते है। कुछ लोग तो एक ही फसल मे छः- सात बार यूरिया का प्रयोग करते है। उन्होने खडी फसल मे डीएपी का प्रयोग न करने की सलाह देते हुये फास्फेट तथा पोटाश उर्वरको को बुबाई के समय प्रयोग करने पर बल दिया। विषय वस्तु विशेषज्ञ बिलग्राम पंकज जायसवाल ने कहा कि इस गोष्ठी का उद्देश्य छोटे तथा मझोले किसानो को कृषि संबन्धी तथा शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी प्रदान करते हुये गरीब किसानो को सोसाइटी से जोडना है। उन्होने किसानो से फसल बीमा कराने पर बल देते हुये कहा कि किसी दैवीय आपदा से फसल नष्ट होने पर फसल बीमा क्षति पूर्ति मे सहायक भूमिका अदा करता है। खरीफ सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 1 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई तक चलेगी।

श्री जायसवाल ने सभी किसानो से फार्मर रजिस्ट्री बनबाने, जैविक खेती करने तथा सोलर पैनल योजना का लाभ उठाने पर बल दिया।

इस अवसर पर तकनीकी सहायक कृषि शिवम मिश्रा, शुभम सिंह के अलावा वितरक कमलेश चंद्र गुप्ता, विजय राठौर, प्रखर गुप्ता, विवेक गुप्ता, राकेश गुप्ता सहित तमाम कृषक मौजूद रहे।

# 33 हजार लाइन से युवक की मृत्यु मामले में एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं

स्वतंत्र भारत

हरदोई।। कासिमपुर थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक घटना ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। महज 23 साल की उम्र में एक मेहनतकश युवक की जिंदगी लापरवाही की भेंट चढ़ गई। जिस घर में बेटे की शादी और भविष्य के सपने देखे जा रहे थे, वहां अब सिर्फ मातम, चीखें और इंसाफ की पुकार सुनाई दे रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है? और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आखिर कासिमपुर पुलिस खामोश क्यों है?

कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के प्रताप नगर चौराहा निवासी 23 वर्षीय आदर्श मिश्रा सोमवार शाम कासिमपुर थाना क्षेत्र स्थित असही ब्रिक फील्ड के पास एस आर इंटरप्राइजेज बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि अटिया शाहपुर निवासी दुकान मालिक रतीश अवस्थी पुत्र हरिकांत अवस्थी के कहने पर आदर्श दुकान का बोर्ड लगाने का कार्य कर रहा था। तभी दुकान के ऊपर से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन उसकी जिंदगी पर कहर बनकर टूट पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही बोर्ड हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आया, तेज धमाके के साथ आदर्श का शरीर आग की लपटों की तरह झुलस उठा। वहां मौजूद लोग दहशत में चीख पड़े, लेकिन कुछ ही सेकंड में सब खत्म हो चुका था। युवक दर्द से तड़पता रहा और लापरवाही मौत बनकर उसके शरीर को जलाती रही। जिसने भी यह मंजर देखा उसकी रूह कांप उठी।

सबसे दुखद और अमानवीय पहलू यह रहा कि परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई। परिवार को न तो तत्काल जानकारी दी गई और न ही समय रहते कोई संवेदनशीलता दिखाई गई। बाद में युवक का शव वाहन संख्या [illegible]06001 से उसके घर प्रताप नगर पहुंचाया गया। जैसे ही घर के बाहर शव पहुंचा, पूरे मोहल्ले में चीख-पुकार मच गई। मां अपने जवान बेटे का शव देखकर बेसुध हो गई, पिता रामकिशोर मिश्रा की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे, वहीं बहनों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों ने दुकान मालिक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता और खतरे को देखते हुए सावधानी बरती गई होती, तो आज आदर्श जीवित होता। पीड़ित पिता रामकिशोर मिश्रा ने थाना कासिमपुर में प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# व्यापार मंडल युवा इकाई कार्यालय का शुभारंभ

**माधौगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई के नगर कार्यालय का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित एवं आईटी सेल के अपूर्व माहेश्वरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नवमनोनीत पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने सदर बाजार में व्यापार मंडल की ओर से लगाए गए हैंडपंप का पूजन कर उसे आमजन की सेवा के लिए समर्पित किया। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय के निकट स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में नगर अध्यक्ष सुयश गुप्ता एवं उनकी टीम ने अतिथियों का माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने कहा कि संगठन में साफ-सुथरी छवि और समाजसेवा के प्रति समर्पित लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान शिवम सिंह तोमर को नगर अध्यक्ष, अभय गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवम ओमर को उपाध्यक्ष, वसीम अहमद को महामंत्री, आदर्श सोनी को संगठन मंत्री, यतीश गुप्ता, राजा वासु गुप्ता, हर्ष गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, निखिल वर्मा को नगर मंत्री तथा विनोद सिंह, ऋषभ ओमर, विकास सिंह और प्रखर सिंह को विभिन्न दायित्वों का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सोनी, सतीश मिश्र, शिवेंद्र, अभय त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पीडीए एकता दिवस के रूप में मनाया गया अखिलेश का जन्मदिन

स्वतंत्र भारत



**बिलग्राम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में पीडीए एकता दिवस के रूप में मनाया गया। बिलग्राम में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा 'जीतू पटेल', पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी सईद अहमद तथा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र यादव उर्फ़ गुड्डू यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र वर्मा 'जीतू पटेल' ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जन्मदिन पीडीए एकता दिवस के रूप में मनाते हुए संगठन की एकजुटता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटने के बाद एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने पर चर्चा की। कार्यक्रम में पार्टी की नीतियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# एमएलसी ने रोपित किए फलदार वृक्ष के पौधे

**हरदोई।** कछौना वन रेंज के अंतर्गत नगर वन कामीपुर में मुख्य अतिथि सभापति अशोक अग्रवाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के अंतर्गत बुधवार को छायादार व फलदाई पौधे रोपित किये। सभापति ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। जीवन कितना प्यारा व सुंदर शब्द है। जीवन शब्द वास्तव में दो शब्दों से बना है जीव व वन। प्रकृति ने शुद्ध हवा, धूप, पानी, सुकून हमें उपहार स्वरूप दिया है। हमारी प्यारी धरती हमारी मां है जो माँ के समान हमारा पालन पोषण करती है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम पर भावनात्मक अपील कर जन-जन को इस मुहिम से जोड़ने का कार्य किया है। नगर वन कछौना क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। पर्यटन विभाग पटल पर यह नगर वन एक बेहतर पर्यावरण का उदाहरण है। वन क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि इस मुहिम में सभी लोग आगे जाकर पौधे रोपित करें व उन्हें संरक्षित भी करें। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता संचित अग्रवाल व ब्लाक प्रमुख पति अमरनाथ उर्फ गुड्डू ने पौधे रोपित किये। युवा नेता संचित अग्रवाल ने कहा कि यह सिर्फ एक मुहिम नहीं है, हमें आने वाली पीढ़ी को हरा-भरा पर्यावरण देना हैं। पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है। इस अभियान को जन आंदोलन बनाना है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ इन्हें संरक्षित करने की भी आवश्यकता है। सभापति अशोक अग्रवाल ने अपनी निधि से नगर वन में ओपन जिम लगवाने की घोषणा की व क्षेत्र पंचायत से वाटर कूलर विद आरओ लगवाने की बात कही।

# दिहाड़ी मजदूर को लाठी-डंडों से पीटने का आरोप

- पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर
- दबंगों पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमें
- कार्रवाई के साथ पीड़िता ने की सुरक्षा की मांग

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** थाना हरियावाँ क्षेत्र में दबंगों ने एक मजदूर की बेरहमी से पिटाई कर दी। पूरी वारदात पुलिस की मौजूदगी में हुई,लेकिन खाकी मूकदर्शक बनी रही। पीड़ित की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है,जबकि पुलिस पर आरोपियों को खुला संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हरियावाँ थाना क्षेत्र के ग्राम उतरा निवासी धीरज सिंह पुत्र दिनेश सिंह चौहान मजदूरी करके अपने गाँव लौट रहा था। रास्ते में आठवाँ मील के पास वह एक दुकान पर समोसा खाने के लिए रुका। धीरज ने जब दुकान संचालक रामजी गुप्ता से चटनी मांगी, तो चटनी डालते समय वह पीड़ित के पैर पर गिर गई। जब धीरज ने इस लापरवाही का विरोध किया, तो मामूली सी बात पर दुकानदार और उसके साथी आगबबूला हो गए।

आरोप है कि इतनी बात पर दुकान संचालक रामजी गुप्ता, बृजकिशोर गुप्ता, सत्यम गुप्ता और कालिया ने लाठी-डंडे निकालकर पीड़ित धीरज सिंह पर हमला बोल दिया। पीड़ित ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन दबंगों के सिर पर खून सवार था। उन्होंने धीरज को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर तब तक बेरहमी से पीटा।

परिजनों का आरोप है कि जब दबंग धीरज को बेरहमी से पीट रहे थे, तब मौके पर पुलिस मौजूद थी। पीड़ित के बेहोश होने के बाद पुलिस उसे उठाकर थाने ले गई, जहाँ से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरियावाँ भेजा गया। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे हरदोई ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

पुलिस ने उसे वहाँ भर्ती तो कराया, लेकिन कुछ ही देर बाद रात के अंधेरे में डॉक्टरों को बिना बताए पीड़ित को वापस थाने ले आई। फिलहाल पीड़ित की हालत बेहद गंभीर बनी है। हमलावर दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और उनके खिलाफ हरियावाँ थाने में पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। स्थानीय सूत्रों और परिजनों के अनुसार, मुख्य आरोपियों में शामिल सत्यम गुप्ता हरियावाँ थाना प्रभारी का बेहद करीबी है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 77 शिकायतें

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 77 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे नगर मजिस्टेट संजय कुमार व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीड़ित ने डीएम को दिया शिकायती पत्र

**हरदोई।** तहसील सण्डीला क्षेत्र के ग्राम भटपुर से एक कमजोर एवं गरीब परिवार को दबंगई और अवैध खनन का शिकार होना पड़ रहा है। पीड़ित गयाबक्स सिंह पुत्र स्वर्गीय जगतजीत सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट भटपुर थाना अतरौली, जिला हरदोई ने जिलाधिकारी महोदय को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गाँव के ही दबंग सर्वेश सिंह पुत्र भारत सिंह द्वारा दिनांक 29 जून 2026 की रात में जेसीबी एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से अवैध रूप से मिट्टी डलवाकर उनके घर के सामने बरसाती पानी का मुख्य निकास पूरी तरह बंद कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार रातभर लगभग 20 ट्रॉली मिट्टी पानी के निकास मार्ग में डाली गई, जिससे बरसात का पानी रुक गया और भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। विरोध करने पर दबंगों द्वारा गाली-गलौज भी की गई। बताया गया कि पीड़ित ने तत्काल डायल 112 एवं स्थानीय थाना अतरौली में लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। यदि समय रहते पानी निकासी का रास्ता नहीं खुलवाया गया तो बरसात में पीड़ित परिवार के घर में पानी भर सकता है और बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। पीड़ित ने जिलाधिकारी हरदोई एवं उपजिलाधिकारी सण्डीला से मांग की है कि बरसाती पानी का निकास तत्काल खुलवाया जाए।



# सपा नेता ने सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर किया भंडारा

**हरदोई।** समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव रामज्ञान गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर अपने आवास सर्कुलर रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया व व्यापारियों एवं पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं के साथ केक काटकर जन्म दिवस की बधाई दी।

सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी युग पुरुष व पीडीए के जननायक हैं, उनके मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश में एक दिन में 5 करोड़ पेड़ लगवाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था, चारों तरफ़ चौमुखी विकास हुआ था, नेता जी के पदचिह्नों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने समाजवादी पार्टी को हमेशा मजबूत करने का कार्य किया।



प्रदेश सचिव रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में 18 लाख लैपटॉप दिए गये , 5 लाख 43 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी गई, उद्योग धंधे स्थापित करके 42 लाख लोगों को रोजगार दिया, 108,102 एम्बुलेंस 100 नंबर पुलिस 1090 महिला हेल्प लाइन, इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम , एशिया का सबसे बड़ा जनेश्वर मिश्रा पार्क राष्ट्रीय बस अड्डा, कैंसर संस्थान, गोमती रीवर फ्रंट मेट्रो जैसी बहुआयामी विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष पदमराग सिंह यादव पम्मू, विमल मिश्रा, अशोक गोपार, सनी पाठक,सुधीर गुप्ता मिन्ना, विक्रम कुशवाहा मोतीलाल यादव, अवनीश यादव,डॉ राजनीश पंकज गुप्ता शिवम गुप्ता, अनिल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# विशेष संचारी एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने की साफ-सफाई की अपील

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।।** संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज 'विशेष संचारी एवं दस्तक अभियान' का भव्य शुभारम्भ किया गया । नयागांव मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद की प्रथम नागरिक व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने फीता काटकर किया । शुभारम्भ के बाद आम जनमानस से अपील करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि, 'सभी नागरिक साफ़-सफाई के प्रति जागरूक रहें और अपने घरों के भीतर या आस-पास जल भराव न होने दें। कोई भी बुखार जानलेवा हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर बिना समय गंवाए तुरंत नजदीकी चिकित्सालय से सम्पर्क करें । '

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भवनाथ पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान 01 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई तक पूरे एक महीने चलेगा । अभियान में सम्मिलित सभी विभाग जैसे नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन, कृषि, स्वास्थ्य इत्यादि सभी विभाग अपने निर्धारित कार्य करेंगें । दस्तक अभियान दिनांक 11 जुलाई 2026 से चलेगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास परियोजना विभाग की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर मोर्चा संभालेंगी । वह परिवारों को संचारी रोगों, मच्छर से बचाव के बारे में और हैण्डवाशिंग के प्रति जागरूक करेंगी । इसके अलावा, टीम घर-घर जाकर खांसी, जुकाम, बुखार, फाइलेरिया, कुष्ठ और तपेदिक के लक्षण वाले रोगियों के साथ-साथ कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर उनकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को देगी। स्वास्थ्य टीमें घरों के भीतर जाकर उन हॉटस्पॉट्स की भी जांच करेंगी जहाँ मच्छर पनप सकते हैं (सोर्स डिडक्शन) एवं उसका निस्तारण करवाएंगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अरविन्द सचान, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल डॉ0 सुरेन्द्र कुमार, 100 शैय्या चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अनिल, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डॉ0 सी0बी सिंह और डॉ राजेश सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे

# ई निबंधन आदेश वापस लिए जाने पर शाहाबाद अधिवक्ता संघ ने मनाया जश्न

**शाहाबाद।** 15 दिन के चल रहे संघर्ष और लगातार उठाई जा रही मांगों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संबंधित आदेश वापस लिए जाने की सूचना मिलते ही शाहाबाद में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले अधिवक्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने ढोल बजाकर और एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी जीत का उत्सव मनाया। बताया जा रहा है कि ई-पंजीकरण मॉड्यूल से जुड़े निर्णय को लेकर अधिवक्ता समुदाय लगातार विरोध और संवाद के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहा था। सरकार द्वारा पुनर्विचार के बाद पूर्व में जारी आदेश वापस लिए जाने को अधिवक्ताओं ने अपने संघर्ष, एकजुटता और लोकतांत्रिक प्रयासों की सफलता बताया। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय की वापसी नहीं, बल्कि सामूहिक आवाज की ताकत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब संवाद और संघर्ष साथ चलते हैं, तब व्यवस्था को भी निर्णयों पर पुनर्विचार करना पड़ता है। शाहाबाद में जश्न के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा और अधिवक्ताओं ने इसे न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हितों की जीत बताते हुए आगे भी जनहित एवं अधिवक्ता हितों के लिए संगठित रहने का संकल्प दोहराया।



# सपा ने मनाया अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस

## अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, ब्लड डोनेट, पौधारोपण कराया





**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं

### सपा जिलाध्यक्ष बोले- जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से गर्व की बात

### नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा - सपा केवल राजनीति नहीं करती बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के साथ

और नेताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर बड़े ही धूमधाम और अनोखे अंदाज में मनाया गया। इस मौके पर 53 पाउण्ड का केक काटा गया। ब्लड डोनेट किया गया साथ ही मण्डलीय अस्पताल में मरीजो को फल वितरण भी कराया गया। पार्टी कार्यालय पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 5000 से अधिक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्रो में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने केट काटा और इस अवसर पर अखिलेश यादव जी को दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर सपा सरकार बनेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी प्रदेश की बागडौर संभालेंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से मनाना हम सबके लिए गर्व की बात है।

इस मौके पर नेता विरोधी दल विधानसभा परिषद लाल बिहारी यादव ने कहा यह कार्यक्रम साबित करता है कि समाजवादी पार्टी केवल राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक राहत और अवसर पहुंचाने का कार्य करती है।

इस मौके पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, अशोक यादव, परवेज खां, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिह पटेल, रोहित शुक्ला, जुम्मन खां, राणा प्रताप सिंह, पारसनाथ कुशवाहा, राजेश भारती, इन्दु कुमारी, गायत्री पटेल, विवेक कुशवाहा, शक्ति श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश यादव, सोकिम अहमद, झल्लू यादव, अभय यादव, कीर्ति कोल, परवीन बानो, कौशिक कन्नौजिया, अतीक खान, बलराम यादव, अशोक मिश्रा, हरिशंकर यादव रविन्द्र कोल, रम्भा देवी, रवि सोनकर, राममिलन यादव, मुकुन्द यादव, कान्धा यादव, सतीश मिश्रा, आकाश यादव, अजय पटेल, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, वीरेन्द्र यादव, विजय कुमार सिंह, डा0 सुनील पटेल, राज नारायण निराला, रमाशंकर कोल, रमाकान्त यादव, महिपाल सिंह, राजेन्द्र यादव, कन्हैया यादव आदि हजारो लोग मौजूद रहे।

# चोरी के आरोप में पांच महिलाएं व एक युवक गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जेल

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पुलिस ने पांच महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में पाच महिला निवासी सिद्धीपार थाना बड़हलगंज तथा दयानंद सागर (25) वर्ष पुत्र रामप्यारे निवासी नगरीपार थाना दोहरीघाट, जिला मऊ शामिल हैं। बताया गया कि मंगलवार दोपहर बोलेरो वाहन से जा रहे इन लोगों को स्थानीय लोगों ने संदेह के आधार पर पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को वाहन सहित थाने ले आई। इसके बाद क्षेत्र की कई महिलाएं थाने पहुंचीं और आरोप लगाया कि यह गिरोह ऑटो तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेन स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने पूछताछ और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपितों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। इसके उपरांत उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पांचों महिलाओं एवं एक युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है तथा गिरोह से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित घटनाओं की भी पड़ताल की जा रही है।

# 33 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद एलआईसी विकास अधिकारी को भावभीनी विदाई



**स्वतंत्र भारत, मऊ।** घोसी नगर पंचायत के याहिया मार्केट स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा में 33 वर्षों तक विकास अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले राजीव श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार देर सायं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शाखा के अधिकारियों, विकास अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से सम्मानित कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान माहौल भावुक हो गया और उपस्थित लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी।अपने संबोधन में राजीव श्रीवास्तव ने 33 वर्षों के सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एलआईसी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि लोगों के विश्वास और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, अनुशासन और ग्राहक सेवा की भावना ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सहकर्मियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए ग्राहकों के विश्वास को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।समारोह में वक्ताओं ने राजीव श्रीवास्तव के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत, कार्यकुशलता और सरल व्यवहार से संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में अनेक विकास अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं ने बेहतर कार्यशैली अपनाई और सफलता हासिल की।कार्यक्रम के अंत में उन्हें स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने उनके योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर विकास अधिकारी संजय राय, पंकज सिंह, सीएल सोनकर, रोहित गुप्ता, हर्ष सिंह, चंद्र प्रकाश दुबे, उग्रसेन सिंह, सूरज चौहान, राम आशीष, राहुल राय, रमेश कुमार, यशवंत यादव, लाल बहादुर यादव, भानु प्रताप मौर्य, कमलेश कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार, जितेंद्र कुमार, विभूति नारायण पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धवरियासाथ में आरओ एवं स्वच्छ पेयजल प्लांट का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत मऊ।**बलिदानी हरेंद्र पांडेय फाउंडेशन की पहल एवं विद्यालय के सहयोग से आज पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, धवरियासाथ में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित आरओ एवं स्वच्छ पेयजल प्लांट का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक मोहन चौबे के कर-कमलों द्वारा किया गया।

## नोटिस का जवाब समय के अन्दर न देने पर कृष्णा अस्पताल सील, विभागीय कार्रवाई से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत कोपागंज ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोस्त पुरा मोहल्ले में स्थित कृष्णा अस्पताल में मिली शिकायत के लिए बाद तीन दिन के अन्दर जबाब देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की नोटिस जारी करने के बाद भी अस्पताल संचालक द्वारा समय के अन्दर जबाब नहीं देने पर बुधवार को अस्पताल को सील कर दिया गया। एडिशनल सीएमओ के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान अस्पताल में आवश्यक अभिलेखों एवं मानकों की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। सीज करने के दौरान हास्पिटल के सामने लोगों की काफी भीड़ जमा रही।उपरोक्त अस्पताल में अकुशल डाक्टरों द्वारा प्रसव कराने और गर्भपात कराने जैसे शिकायतों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर पिछले दिनों चलाएं गये अभियान के दौरान हाईवे पर स्थित दो अवैध अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीज करते हुए दोस्त पुरा मोहल्ले में स्थित कृष्णा अस्पताल की भी जांच की गई। प्रारम्भिक जांच में अनियमितता पाये जाने पर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर इरशाद अहमद द्वारा तीन दिन के अन्दर जबाब देने के अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया था। लेकिन नोटिस का जबाब समय के अन्दर नहीं देने पर एडिशनल सीएमओ ने गम्भीरता लेते हुए टीम के साथ अस्पताल पर पहुंचे। और संचालक के साथ साथ कर्मचारियों के बयान दर्ज करते हुए अस्पताल के ओटी, मेडीकल स्टोर सहित सभी कमरों को सील कर दिया। सीएमओ ने अस्पताल को सील करते हुए कहा कि मरीजों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा । कहा कि बिना वैध पंजीकरण या निर्धारित मानकों के संचालित होने वाले अस्पतालों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। मीडिया कर्मियों द्वारा अस्पताल संचालक द्वारा नवजात शिशुओं को निसंतान दंपतियों को बेचे जाने के लगने वाले आरोप पर अपर सीएमओ ने कहा कि सभी शिकायतों की सत्यता की जांच चल रही है। अगर आरोप सही पाये गये तो कारवाई होगी। कहा कि निजी अस्पतालों का संचालन शासन की गाइडलाइन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

# कटघराशंकर में बाइक की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ के मधुबन थाना क्षेत्र के कटघराशंकर में सड़क हादसे में छह वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 30 जून की शाम करीब 5 बजे की बताई गई है, जबकि एफआईआर 1 जुलाई की रात 1:35 बजे दर्ज की गई।एफआईआर के अनुसार, वादी प्रिंस यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी छह वर्षीय पुत्री अनिश्का अपनी मां के साथ पानी लेने जा रही थी। इसी दौरान कटघराशंकर से बेल्थरारोड की ओर तेज गति एवं लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल बच्ची को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने वादी की तहरीर के आधार पर आरोपी जितेंद्र के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कल्पनाथ राय मेडिकल कॉलेज में बुधवार को निदेशक डॉ. मनीष राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (नेशनल डॉक्टर्स डे) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों के योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष राय ने कहा कि चिकित्सक समाज के लिए सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक हैं। मरीजों की सेवा करना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सबसे बड़ा धर्म है। कहा कि महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि की स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। इस दिन डॉक्टरों के समाज के प्रति समर्पण, सेवा और योगदान का सम्मान किया जाता है।उन्होंने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मरीजों के प्रति संवेदनशील, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का संकल्प दोहराया।मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने भी चिकित्सकों के योगदान की सराहना की और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में निरंतर योगदान की कामना की गई।इस अवसर पर डॉ. अभिनव मिश्रा, डॉ. पीयूष मिश्रा, डॉ. धरम राया इंगले, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. जितेंद्र राय, डॉ. तरुण त्रिपाठी, डॉ. सुमित आर्या, डॉ. मुंजीर अली, डॉ. शुभम, डॉ. नवीन, डॉ. शुभम, डॉ. अनिल, डॉ. राकेश, डॉ. अरुण, डॉ. आलोक, डॉ. शाजिया, डॉ. अमृता, डॉ. नेहा शम्सी, डॉ. शुभम अग्रवाल सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों के योगदान को किया गया नमन

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर बुधवार को जिले में चिकित्सकों की सेवाओं को सम्मानपूर्वक याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर केवल बीमारी का इलाज ही नहीं, बल्कि मरीजों को नया जीवन और आत्मविश्वास भी देते हैं। कोविड-19 जैसी आपदाओं में उनकी सेवा और समर्पण प्रेरणादायी रहा है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार गुप्ता, डॉ. पवन मद्धेशिया, डॉ. आर.पी. यादव, डॉ. अमित कुमार उपाध्याय, डॉ. पी. शर्मा, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. बिलाल खान सहित अन्य चिकित्सकों ने लोगों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

## सड़क दुर्घटना में पेशकार की मौत न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, मऊ ने ग्राम न्यायालय मधुबन में कार्यरत पेशकार मनोज कुमार सिंह के सड़क दुर्घटना में निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ ने बार एसोसिएशन से दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने करते हुए शोक संवेदना स्वरूप पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने के लिए शोक प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया है।जिसके क्रम में बार एसोसिएशन द्वारा भी शोक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया ।


स्वतंत्र भारत

वर्गीकृत

**सूचना**

मैने शाकरून्निशा के नाम सें एल0आई0सी0 की एक पॉलिसी 218034050 लिया था, जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम कमरूजंहा दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। कमरूजंहा उर्फ शाकरून्निशा पत्नी नसरूद्दीन ग्रा0-टेगंनवार पो0-सोनपुर बलरामपुर।

**सी.आर.- 624/D-28**

**सूचना**

दिनांक 26-06-2026 मैं प्रदीप अग्रवाल विकास नगर लखनऊ से घर जा रहा था। रास्ते में निर्माण सहकारी आवास समिति के समस्त पेपर्स गया प्रसाद खसरा संख्या 289 तथा जगमोहन खसरा संख्या 178 का मूल बैनामा गिर गया है। किसी भी व्यक्ति को यदि प्राप्त हो तो 4/408, विकासनगर लखनऊ पर देने का कष्ट करे। मो.- 8527438666

**सी.आर.- 629/L-42**

**सूचना**

मैं शिवराम पुत्र कुशाल निवासी- जवन औरास हसनगंज उन्नाव 241503 मैं इंडियन बैंक शाखा रहीमाबाद का खाता धारक हूं जिसमें मेरा नाम शिव राम राठौर दर्ज है जो कि गलत है सही नाम शिवराम है!

**सी.आर.- 625/L-26**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनिकेत सिंह व दीपांशु सिंह शराब पीकर झगड़ा करते हैं मुझसे मारपीट करते हैं। तमाम अपरिहार्य कारणों से मैंने उनको चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध समाप्त कर लिया है। वह अपने कार्यों के लिये स्वयं जिम्मेदार हैं। मैं व मेरा परिवार नहीं होंगे। विशाल सिंह पुत्र दीनानाथ, निवासी- C-ब्लाक डबल पुलिया हैदर केनाल राजाजीपुरम, लखनऊ।

**सी.आर.- 621/L-50**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी बी.ए. फाइनल कि मार्कशीट जो कि संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सन 2009 में उत्तीर्ण किया था जिसका अनुक्रमांक-260823 और एनरोलमेंट- S10713616 है दिनांक 25/06/2026 को रास्ते में कहीं गिर गया है जो काफी खोजने के बाद भी अब तक नहीं मिला। चन्द्रावती देवी पुत्री हरीलाल सरोज, निवासिनी- सहरमा मानिकपुर जौनपुर 222165

**सी.आर.- 623/D-42**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि: मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में नाम 'विष्णु कुमार छापडिया' (VISHNU KUMAR CHHAPAIYA) लिखा है, लेकिन मेरे बाकी सभी दस्तावेजों में नाम 'विष्णु कुमार छापड़िया' (VISHNU KUMAR CHHAPRIA) दर्ज है। रिकॉर्ड में नाम 'विष्णु कुमार छापड़िया', पुत्र ओम प्रकाश छापड़िया, स्टेशन रोड, जुबलीगंज, नानपारा, बहराइच (271865) है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सी.आर.- 627/D-48**

**सूचना**

मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय का माइग्रेशन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं प्रोविजिनल डिग्री अनुक्रमांक वी1922151 वर्ष 2022 वास्तव में खो गया है। सेजल खन्ना पुत्री प्रतीक खन्ना निवासी मकान नं0-187, संकटा देवी रोड, बर्तन बाजार, थाना-कोतवाली व शहर-लखीमपुर, जिला-खीरी।

**सी.आर.- 630/D-37**

**सूचना**

मैंने अपना नाम पवन शर्मा से बदलकर पवन कुमार शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। पवन कुमार शर्मा पुत्र स्व. ताराचन्द शर्मा, गुड़ मण्डी, कोतवाली-लखीमपुर, शहर व तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी।

**सी.आर.- 630/D-34**

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

[illegible]

**ता0 पेशी 17.07.2026**

**हेतु संदर्शित करने का सूचना**

**(साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय,बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर।**

**वाद संख्या...M 82 सन्..2023.... ई0...**

**कु0 राशी आदि संरिक्षका माता स्वयं नीलम उर्फ गुडिया....**

**प्रति**

**.....अमित उर्फ रिंकू....**

बनाम अमित उर्फ रिंकू सोनी पुत्र स्व0 ध्रुव सोनी निवासी हालपता मो0 निकट पुरानी मछली मण्डी स्टेशन रोड तुलसीपुर बाजार थाना तुलसीपुर जिला बलरामपुर।

चूंकि ऊपर नामांकित ....ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ....अतः एंव आपको एतद्द्वारा वेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 17.07.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**न्यायालय**

**सी.आर.- 624/D-CN**

**नोटिस नमूना आम**

**पेशी तारीख 06-07-26**

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार पश्चिमी महोदय सदर, रायबरेली**

**वाद संख्या...136/349.. सन... ई0..**

**सुरजा देवी................ वादी/प्रार्थी**

**बनाम**

**जगदीश... प्रतिवादी/विपक्षी**

**बनाम श्री कलावती पत्नी स्व. जगदीश नि. सोहीलया प. व त. जिला रायबरेली**

चूंकि ऊपर नामांकित...... वादिनी.... ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि... अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार कि भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक.... 06..07 सन 2026 ई0 दिन के 10.00 बजे पूर्वान्ह इस न्यायलय मे उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और यदि आप ऐसा करने मे असफल रहे तो उक्त आवेदन कि सुनवाई एकपक्षी करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायलय कि मुद्रा सहित आज दिनांक 01......माह....... 07.......सन..... 2026....ई. को जारी कि गयी।

**न्यायलय**

**सी.आर.- 626/D-CN**

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर

वाद सं. 2269 / सन 2025

[illegible]

**सी.आर.- 628/K-CN**

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

कार्यालय पारेषण (उत्तर-पूर्व), क्षेत्र, पारेषण भवन, मोहद्दीपुर, गोरखपुर.

जेम निविदा सूचना दिनांक 01.07.2026

जेम निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

बिड सं0-जेम/2026/बी/7676018 पारेषण (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र, गोरखपुर के अधीन विभिन्न 220/132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर 36 के0वी0 सी0टी0 एवं सी0टी0 जंक्शन बाक्स की आपूर्ति के संबंध में। नि.ति. 08.07.2026, नि.स. 15:00 बजे, ध.रा रू0 155950.00 ।

बिड सं0-जेम/2026/बी/7686320 पारेषण (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र, गोरखपुर के अधीन विभिन्न 220/132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर 36 के0वी0 पी0टी0 एवं पी0टी0 जंक्शन बाक्स की आपूर्ति के संबंध में। नि.ति. 10.07.2026, नि.स. 16:00 बजे, ध.रा रू0 36820.00 ।

बिड सं0-जेम/2026/बी/7694552 पारेषण (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र, गोरखपुर के अधीन 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] एवं [illegible] पर अनुरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के क्लैम्प, कनेक्टर, जी. ब्लेड मेल कान्टेक्ट एवं फिमेल कान्टेक्ट की आपूर्ति के संबंध में। नि.ति. 18.07.2026, नि.स. 14:00 बजे, ध.रा रू0 11085.00 ।

अधीक्षण अभियन्ता (सं0) मुख्य अभियन्ता पारेषण (उ0पू0) गोरखपुर। पत्रांक:- 1202/मु0अ0पा0 (उ0पू0)/टी-8 दिनांक 01.07.2026

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें"

**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग 7**

**हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर-खीरी**

**वाद संख्या- टी20261043010846**

**सन् 2026**

**तारीख पेशी-08.07.2026**

**ब्रम्हदत्त बनाम गौसिया जामियानूरूल उल मस्जिद आदि**

1. गौसिया जामिया नूरूल उलूम मस्जिद/पुरानी पूर्वी भाग सरवराकार/रहवर खाँ पुत्र अ0 मजीद खाँ व छोटे खाँ पुत्र इसहाक खाँ निवासी ग्राम अग्गरखुर्द, परगना भूड़, तहसील लखीमपुर, जिला खीरी।

2. वाविरि पारिजनियापैजुलउलम नवीन मस्जिद सरवराकार/मोहर्रम खाँ पुत्र हिदायतुल्ला खाँ व अहमद अली पुत्र असगर अली निवासी ग्राम-अग्गरखुर्द परगना-भूड़, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी।

चूंकि उपरोक्त नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 7 दिन 8 को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज दिनांक को निकाली गयी

**आज्ञा से**

**न्यायाधीश**

**सी.आर.- 630/D-CN**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# होर्मुज में फंसा विदेशी कंटेनर जहाज

**तेहरान।** ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बुधवार को बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में एक विदेशी कंटेनर जहाज फंस गया। रिपोर्ट के मुताबिक,

- ईरान ने बताया- रिवोल्यूशनरी गार्ड के निर्देशों का पालन अनिवार्य



जहाज ईरान द्वारा निर्धारित समुद्री मार्ग का पालन नहीं कर रहा था, जिसके कारण उसे रोका गया।

सरकारी टीवी की रिपोर्ट में कहा गया है कि फंसा हुआ जहाज एक विदेशी कंटेनर जहाज है। हालांकि, उसकी पहचान, झंडे या मालिकाना हक को लेकर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की गई। रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी जहाजों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) द्वारा जारी समुद्री निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। अधिकारियों ने संकेत दिया कि तय मार्ग से हटने पर कार्रवाई की जा सकती है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर क्षेत्रीय तनाव लगातार बढ़ रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच हुए एक अंतरिम समझौते के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई थी। इसी बीच, सप्ताहांत में मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ गया, जब ओमान तथा संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर एक वैकल्पिक समुद्री मार्ग खोलने की कोशिश की। माना जा रहा है कि इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को लेकर संवेदनशीलता और बढ़ा दी है।

## पेंच : सिंधु जल समझौता स्थगित रहा तो पाक की बढ़ेगी परेशानी

# भारत का कदम और घुटनों पर आया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** भारत द्वारा सिंधु जल समझौता स्थगित करने के बाद से पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है और अब वह दुनिया के सामने सिंधु जल

- पड़ोसी देश के नेताओं ने दिखाई गीदड़भभकी

समझौता लागू कराने की गुहार लगा रहा है। इसे लेकर पाकिस्तान ने एक कथित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। इस सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान ने गीदड़भभकी दिखाते हुए कहा कि अगर सिंधु जल समझौता विफल हो जाता है तो कागजों पर बनी कोई भी विश्व व्यवस्था सुरक्षित नहीं रहेगी। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने यह जल समझौता स्थगित कर दिया था।

वैश्विक सम्मेलन में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल सीमा सिर्फ जल बंटवारे की व्यवस्था नहीं है बल्कि क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सहयोग का महत्वपूर्ण साधन भी है।



पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के मुखिया और सांसद बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल समझौता पाकिस्तान पर कोई एहसान नहीं था। पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर बार-बार सिंधु जल समझौते का मुद्दा उठा रहा है।

### सिंधु जल समझौता क्या है

सिंधु जल समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी के जल बंटवारे को लेकर हुआ समझौता है। इस पर 19 सितंबर 1960 में कराची में हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते में विश्व बैंक ने मध्यस्थता की थी। सिंधु नदी समझौता दुनिया के सबसे बड़े सीमा पार नदी बेसिनों में से एक है। इस समझौते पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे।

# अफगान ने पाक में आईएस के ठिकानों पर की एयरस्ट्राइक

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन ठिकानों का इस्तेमाल अफगानिस्तान में हमलों की योजना बनाने और आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। मंत्रालय ने चेतावनी दी, हम अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाली हर जगह को निशाना बनाएंगे। मंत्रालय के मुताबिक, बलूचिस्तान के पिशिन जिले के सरानान, खैबर पख्तूनख्वा के कंबर खेल और चित्राल की शाह सलीम घाटी में कार्रवाई की गई। अफगानिस्तान का दावा है कि इन हमलों में कई आतंकवादी मारे गए। यह भी कहा गया कि सरानान इलाके के एक स्कूल का इस्तेमाल आईएसआईएस के अड्डे के रूप में किया जा रहा था।

# अमेरिका चाहता है परमाणु मुक्त ईरान : वेंस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि आने वाले कुछ हफ्ते अमेरिका और ईरान के संबंधों के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक

- आने वाले हफ्ते होंगे निर्णायक
- ईरान के इरादों को लेकर आशंकित

मोड़ साबित हो सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस स्थिति का परिणाम पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि ईरान के नेता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक और कूटनीतिक दबाव का सामना कैसे करते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान वेंस ने पश्चिम एशिया के लिए प्रशासन के मुख्य उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन का लक्ष्य ईरान का पूर्ण और सत्यापित परमाणु निरस्त्रीकरण है। इसके साथ ही अमेरिका एक नया क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा भी बनाना चाहता है।

वेंस ने इस बात को स्वीकार किया कि वह ईरान की मंशा को लेकर थोड़े आशंकित हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद इस बात को लेकर संशय में हैं कि ईरान इन शर्तों को मानेगा या नहीं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान चाहे जो भी कदम उठाए, अमेरिका के पास उसे नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त साधन मौजूद हैं। वेंस के अनुसार, अगर ईरान सकारात्मक प्रतिक्रिया देता है, तो यह एक नई शुरुआत होगी। लेकिन अगर उसका व्यवहार खराब रहता है, तो अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगा। उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बात दोहराते हुए कहा कि यह अभी केवल शुरुआत का अंत है और कूटनीति के खेल में अभी बहुत कुछ होना बाकी है। अमेरिका केवल ईरान के साथ द्विपक्षीय समझौता नहीं



चाहता, बल्कि वह इसे एक व्यापक क्षेत्रीय समझौते में बदलना चाहता है। इस योजना में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), इस्राइल और लेबनान जैसे देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। प्रशासन का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता का एक नया संतुलन बनाना है। वेंस ने भरोसा जताया कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार अमेरिकी लोगों के फायदे के लिए रास्ते तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए ऐसे वादों की जरूरत है जिन्हें जांचा जा सके और जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निगरानी हो सके।

# नागरिकता पर कोर्ट के फैसले का स्वागत

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी अधिकार समूहों और सांसदों ने अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का स्वागत किया है। इस

- कहा ऐतिहासिक कदम

फैसले में कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्मजात नागरिकता को प्रतिबंधित करने वाले कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही यह बरकरार रखा गया है कि अमेरिकी धरती पर पैदा हुए लगभग सभी बच्चे नागरिक हैं। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने 150 साल पुरानी नीति को समाप्त करने के ट्रंप के प्रयास को खारिज कर दिया। उनके कार्यकारी आदेश का उद्देश्य अवैध अप्रवासियों और अस्थायी विदेशी निवासियों से पैदा हुए बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिक बनने से रोकना था। नागरिक संगठन इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के कार्यकारी निदेशक चिंतन पटेल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस बात की एक महत्वपूर्ण पुष्टि है कि अमेरिका में किसका स्थान है।

पटेल ने कहा, ट्रंप के कार्यकारी आदेश से सबसे अधिक सीधे तौर पर प्रभावित होने वाले लोगों में भारतीय और दक्षिण एशियाई आप्रवासी परिवार शामिल हैं। ये ऐसे समुदाय हैं, जो वीजा के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची और अनिश्चित आप्रवासन समय-सीमा का सामना कर रहे हैं, जहां अक्सर बच्चे अपने माता-पिता के स्थायी निवास का स्पष्ट मार्ग मिलने से बहुत पहले ही यहां पैदा हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उन परिवारों को देखा और कहा, आपके बच्चे अमेरिकी हैं। वे यहीं के हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता अजय जैन भुटोरिया ने इस फैसले को ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के 5-4 के फैसले ने उन आप्रवासी परिवारों के जन्मजात नागरिकता अधिकार की रक्षा की है जिन्होंने यहां अपना जीवन स्थापित किया है। अमेरिका अपनी 250वीं वर्षगांठ की तैयारी कर रहा है, ऐसे में यह निर्णय आप्रवासियों द्वारा मजबूत किए गए राष्ट्र के रूप में हमारे इतिहास का सम्मान करता है।

# 131 दिन बाद ऐसे सुपुर्द-ए-खाक किए जाएंगे खामेनेई

## तीन महीने क्यों अटकी खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने की प्रक्रिया?



**तेहरान।** 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने तेहरान में एक भूमिगत ठिकाने पर सीधा हमला कर ईरान के तत्कालीन सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या कर दी थी। उस घटना को अब चार महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन खामेनेई का न तो अब तक जनाजा निकाला गया है और न ही उन्हें सुपुर्द-ए-खाक ही किया जा सका है। ईरानी शासन ने हाल ही में उनकी अंतिम यात्रा के लिए 4 जुलाई से 9 जुलाई तक का कार्यक्रम तय किया था। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक करने में लगभग चार महीने की देरी की मुख्य वजह अमेरिका-इस्राइल से ईरान का लगातार जारी युद्ध, सुरक्षा चिंताएं, कूटनीतिक रणनीतियां और धार्मिक प्रतीकवाद रहे। पहले खामेनेई की अंतिम यात्रा और सुपुर्द-ए-खाक की पूरी प्रक्रिया 4 से 6 मार्च के बीच होनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया। सुरक्षा चिंताएं और युद्ध का माहौल : यह देरी सीधे तौर पर युद्ध, युद्धविराम और उसके बाद की बातचीत प्रक्रिया का नतीजा थी। ईरानी शासन एक बड़े सार्वजनिक आयोजन को दुश्मनों के लिए निशाना बनाने लायक एक बड़ा अवसर मान रहा था। इसलिए ईरान ने तब तक प्रमुख चेहरों और लाखों लोगों की भीड़ जुटाने का जोखिम नहीं उठाया, जब तक कि तनाव कम न हो जाए। कूटनीतिक रणनीति और जीत का संदेश : विशेषज्ञों के मुताबिक, यह देरी केवल सुरक्षा कारणों से नहीं थी, बल्कि ईरान एक जीत का इंतजार कर रहा था। अमेरिका के साथ शांति समझौते के करीब पहुंचने के बाद ईरान खामेनेई को एक पीड़ित के बजाय विजेता के रूप में दफनाने की मंशा रखता है। धार्मिक अहमियत : सुपुर्द-ए-खाक का समय जानबूझकर शिया मुसलमानों के पवित्र शोक के महीने मुहर्रम के साथ रखा गया। 9 जुलाई को होने वाला उनका अंतिम संस्कार इस्लाम के चौथे इमाम, इमाम सज्जाद की शहादत की बरसी की पूर्व संध्या पर निर्धारित किया गया।

# पीओके में प्रदर्शन, पाक का हिस्सा मानने से इंकार

## जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता हिरासत में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। मंगलवार को रावलकोट के ईदगाह ग्राउंड में हजारों लोग जुटे। उन्हेंने कहा कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की अगुआई में चल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेएएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को दो साथियों के साथ धीरकोट के सांगर फत्तारे इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पीओके में जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया है। शौकत नवाज मीर समेत जेएएसी के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना देने वालों के लिए पाकिस्तान सरकार ने 1 करोड़ के इनाम की घोषणा की थी। प्रदर्शन के दौरान जेएएसी नेता सरदार अमन खान ने कहा, 'हमें आपके राशन की जरूरत नहीं, आपको हमारी जरूरत है। अगर जरूरी सामान की सप्लाई बंद रही तो लोग जिंदा रहने के लिए दूसरा रास्ता चुनने को मजबूर होंगे।' उनका आरोप है कि पाकिस्तान सरकार आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर जरूरी सामान की सप्लाई रोक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंदोलन महंगाई, खाद्य संकट, बढ़ती कीमतों और स्थानीय प्रशासन के मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को 'असल कश्मीरी नहीं' बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जेएएसी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत केस भी दर्ज किए गए हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिप्टो कारोबार से कमाए 1.2 अरब डॉलर

## प्रॉपर्टी बिजनेस को पीछे छोड़ा

**न्यूयॉर्क।** एक संघीय रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अपने क्रिप्टो व्यवसायों से लगभग 1.2 बिलियन डॉलर की भारी कमाई की। जब उन्होंने पद की शपथ ली थी, तब ये कंपनियां सिर्फ छोटे स्टार्टअप थे। अब इनकी कमाई ट्रंप के उस विशाल प्रॉपर्टी पोर्टफोलियो से भी ज्यादा हो गई है जिसे बनाने में उन्हें दशकों लग गए थे। सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप को उनके वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल बिजनेस से 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा मिले। इस कंपनी ने नए क्रिप्टो उत्पाद और गवर्नेंस टोकन बेचे थे। इसके अलावा, एक और क्रिप्टो कंपनी सीआईसी डिजिटल एलएलसी ने 600 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की। इस कंपनी ने ट्रंप के चेहरे वाले यादगार मीम सिक्के बेचे थे, जिन पर उनका चेहरा बना था। हालांकि, बिक्री के बाद इन टोकन और सिक्कों की कीमत में भारी गिरावट आई है।

# वेनेजुएला में भूकंप के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

**कराकास।** दो जबरदस्त भूकंपों के लगभग एक हफ्ते बाद वेनेजुएला का पहले से कमजोर स्वास्थ्य तंत्र अपनी क्षमता की सीमा तक पहुंच

- अस्पतालों पर भारी दबाव
- बढ़ा बीमारियों का खतरा

गया है। राहत संगठनों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे अस्पताल घायलों से भर चुके हैं, जबकि आपदा प्रभावित इलाकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

इस बीच, सरकार ने बताया कि पिछले तीन दिनों में आधिकारिक तौर पर बचाए गए लोगों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भूकंप के बाद शुरुआती दो दिनों में 5,380 लोगों को बचाया गया था, जबकि सोमवार को अधिकारियों को केवल चार लोग जिंदा मिले। भूकंप के बाद जीवित लोगों को खोजने का सबसे अहम समय आमतौर पर 48 से 72 घंटे माना जाता है, लेकिन तापमान और पानी या भोजन की उपलब्धता जैसे कारकों के आधार पर इससे ज्यादा समय तक भी कोई जीवित रह सकता है।



नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिग्ज ने बताया कि मंगलवार दोपहर तक बचाए गए लोगों में केवल एक छोटा बच्चा जिंदा मिला, जो छह दिनों तक गिरी हुई इमारत के मलबे में फंसा रहा। इन आंकड़ों में देशभर में स्वयंसेवी समूहों द्वारा किए गए कई बचाव अभियान शामिल नहीं हैं। सरकार की धीमी प्रतिक्रिया से निराश होकर इन समूहों ने अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के पहुंचने से कई दिन पहले ही अपने फंसे हुए परिजनों को बचाने के लिए अभियान शुरू कर दिया था।

सरकार के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 1,900 से ज्यादा हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आंकड़ा वास्तविकता से काफी कम हो सकता है, क्योंकि हर दिन मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं तथा मुर्दाघरों में शव रखने की जगह भी कम पड़ रही है। जीवित बचे लोगों के बीच मानवीय संकट गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने हजारों बेघर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंता जताई है। ये लोग कई दिनों से खुले आसमान के नीचे या भीड़भाड़ और गंदगी वाले अस्थायी ठिकानों पर रहने को मजबूर हैं।

# यूरोपीय देशों में जानलेवा हुआ गर्मी का प्रकोप

**पेरिस।** यूरोप के बड़े हिस्से लगातार भीषण गर्मी की चपेट में हैं, जिससे तापमान के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ रहा है और पूरे महाद्वीप में रोज़मर्रा की ज़िंदगी

**स्पेन और फ्रांस में दो हजार से ज्यादा की मौत**

पर असर पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी के कारण कई लोगों की मौत हुई है, स्कूल बंद करने पड़े हैं, पानी की किल्लत हुई है और बुनियादी सुविधाओं में रुकावटें आई हैं। वहीं सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो भी सामने आए हैं जिनमें लोग तेज़ धूप में रखे पैन पर अंडे और बेकन पकाते हुए दिख रहे हैं। हाल की हीटवेव (लू) के दौरान कई देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया और रात में भी कोई खास राहत नहीं मिली। समाचार एजेंसी एपीकी रिपोर्ट के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि 21 जून के बाद से पूरे यूरोप में 1,300 से ज़्यादा अतिरिक्त मौतें दर्ज की गई हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने यह भी चेतावनी दी कि यूरोप धरती का सबसे तेज़ी से गर्म होने वाला महाद्वीप है, जो वैश्विक औसत से दोगुनी रफ़्तार से गर्म हो रहा है। खराब मौसम के इस हालिया दौर में सबसे ज़्यादा प्रभावित देशों में फ्रांस भी शामिल रहा है। एजेंसी के अनुसार, मई में देश में पाँच दिनों तक असामान्य रूप से ज़्यादा तापमान रहा और उसके बाद जून में रिकॉर्ड तोड़ने वाली 11 दिनों की हीटवेव चली, जिसमें कम से कम 1,000 लोगों की जान चली गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। हालाँकि तापमान अपने उच्चतम स्तर से कुछ कम हुआ है, लेकिन समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के ज़्यादातर हिस्सों में तापमान अभी भी 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा है कि सप्ताहांत (वीकेंड) में तापमान के फिर से बढ़ने और अगले हफ़्ते तक ऊँचा बने रहने की उम्मीद है।

**खरी-खरी** | संयुक्त राष्ट्र में कहा पहले आतंक और अस्थिरता फैलाना बंद करे

# यूएन में भारत का पाकिस्तान पर जोरदार प्रहार, आतंकवाद का मुद्दा उठाया


**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की विश्वसनीयता पर

- पूछा- एफएटीएफ से डर क्यों


सवाल उठाने की देशों की कोशिशें उनके जांच-पड़ताल के डर को दिखाती हैं। भारत ने ऐसे देशों से अपील की कि वे अस्थिरता फैलाना बंद करें और अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए होने देने से रोकें। भारत ने जोर देकर कहा, एफएटीएफ वैश्विक आतंक-रोधी पहल के वित्तपोषण और धन शोधन-रोधी ढांचे का अनिवार्य स्तंभ बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने 'बदलते खतरों और उभरती प्रौद्योगिकी के दौर में आतंकी वित्तपोषण से निपटने के साझा प्रयास' विषय पर यह बात कही। यहां आयोजित 2026 आतंकवाद रोधी सप्ताह से इतर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एफएटीएफ का कार्य तकनीकी, साक्ष्य-आधारित व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य मानकों पर आधारित है। इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाना वास्तविक चिंताओं के बजाय जांच-पड़ताल के डर को दर्शाता है। कार्यक्रम का आयोजन यूएन में भारत-फ्रांस के स्थायी मिशनों, आतंकवादरोधी समिति आदि के लिए वैश्विक इंटरनेट फोरम ने मिलकर किया। हरीश ने कहा कि कई दशकों से भारत, सीमापार आतंकवाद का सामना कर रहा है। हरीश ने कहा, जिन देशों का मूल्यांकन प्रतिकूल रहा है उन्हें पहचानी गई कमियों को दूर करना चाहिए। साथ ही घरेलू स्तर पर नियमों को सख्ती से लागू कर वित्तीय पारदर्शिता में सुधार करना चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ अपरिवर्तनीय कार्रवाई दिखानी चाहिए। वह बोले, एफएटीएफ की जांच का जवाब संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर राजनीतिक सक्रियता दिखाकर नहीं बल्कि नियमों का सही ढंग से पालन करके देना चाहिए। भारत की तरफ से हरीश ने यूएन में कहा- जो देश अपनी जमीन, संस्थानों या वित्तीय माध्यमों का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए होने देते हैं उन्हें अस्थिरता फैलाना बंद करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय शांति-सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना शुरू करना चाहिए। पाकिस्तान 2018 से एफएटीएफ की 'ग्रे सूची' में था लेकिन 2022 में उसे हटा दिया गया। हरीश ने कहा, वह आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर कोई सैद्धांतिक बात नहीं कर रहे हैं।




बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089